राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 187, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित






आवास के नाम पर 29 महिलाओं से लाखों की ठगी, मुख्यमंत्री की चौखट तक पहुँची चीखें...03

भारत को रूस ने दिया तगड़ा ऑफर, एलएनजी पर बंपर छूट देने को तैयार!...12


# हमका पीनी है पीनी है बीड़ी-सिगरेट के लिए कैदियों ने जेल में पुलिस वालों को पीटा

- जेलर तक को नहीं छोड़ा
- बेल्लारी सेंट्रल जेल में कैदियों ने बीड़ी-सिगरेट न मिलने पर जेल कर्मचारियों और जेलर पर हमला किया
- यह घटना जेलों में कैदियों द्वारा विलासितापूर्ण जीवन जीने और कर्मचारियों को धमकाने की बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती है, जो जेल प्रशासन की गंभीर विफलता और सुधार के मूल उद्देश्य से भटकाव को दर्शाती है।




कर्नाटक के बेल्लारी सेंट्रल जेल में बीड़ी और सिगरेट को लेकर कैदियों द्वारा जेल कर्मचारियों पर हमले की घटना सामने आई है। केंद्रीय जेल में कैदियों ने बीड़ी और सिगरेट न मिलने पर कर्मचारियों पर हमला कर दिया। जेलर अशोक होसमानी से कहासुनी होने के बाद कैदियों ने उन पर भी हमला कर दिया। यह हमला अल्ताफ और राशिद समेत पांच कैदियों ने किया था और इस संबंध में बेल्लारी के ब्रूसपेट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

जेलों में सुधार होने के बजाय, कैदी विलासितापूर्ण जीवन जी रहे हैं और कर्मचारियों को धमका रहे हैं। इससे जेल प्रशासन की विफलता और जेलों के मूल उद्देश्य पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। अक्सर कहा जाता है कि जेल वह जगह है जहां अपराधियों को अपने अपराधों की सजा काटनी पड़ती है और खुद को सुधारने का मौका मिलता है, लेकिन वर्तमान में, राज्य की जेलें इसके बिल्कुल विपरीत हैं. कैदी अपना मन बदलने के बजाय जेलों में विलासितापूर्ण जीवन बिता रहे हैं। स्थिति ऐसी है कि किसी भी चीज को वे पैसे देकर अपनी मनचाही तरीके से जेल के अंदर मंगा सकते हैं. शाही मेहमाननवाजी के मामलों की खबरों के बावजूद, कैदियों की गुंडागर्दी में कोई कमी नहीं आई है।

**जेल कर्मियों पर हमला**

कैदियों को जेल कर्मचारियों से डरना चाहिए था, लेकिन अब वे ही उन्हें धमका रहे हैं, इसे विभाग की विफलता माना जा रहा है. परप्पना अग्रहारा जेल के कैदियों द्वारा मोबाइल फोन चेक करने आए कर्मचारियों को धमकाने की घटना से ठीक पहले, बेल्लारी में भी ऐसी ही एक घटना घटी थी. केंद्रीय जेल में कैदियों ने बीड़ी और सिगरेट न मिलने पर कर्मचारियों पर हमला कर दिया. जेलर अशोक होसमानी से कहासुनी होने के बाद कैदियों ने उन पर भी हमला कर दिया. यह हमला अल्ताफ और राशिद समेत पांच कैदियों ने किया था और इस संबंध में बेल्लारी के ब्रूसपेट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

**पहले भी सामने आ चुके हैं मामले**

इसी तरह की एक घटना कारवार जेल में भी घटी. कुछ महीने पहले कारवार जेल में एक घटना घटी, जिसमें कैदियों ने तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के इस्तेमाल की अनुमति न देने पर तीन जेल कर्मचारियों और एक जेलर पर हमला किया था. यह हमला मंगलौर के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल, फयान और कौशिक निहाल ने किया था. घटना की जानकारी मिलते ही, और अधिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया था।

## लखनऊ को लगा तीसरा झटका, ग्रीन ने पंत को बनाया शिकार

कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला ईडन गार्डन में खेला जा रहा है। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। कोलकाता ने इस सीजन अब तक तीन मुकाबले खेले हैं और दो में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा एक मैच मैच बारिश की वजह से रद हो गया था। ऐसे में केकेआर अभी भी पहली जीत की तलाश में है। कोलकाता और लखनऊ के बीच हेड टू हेड की बात करें, तो एलएसजी का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से लखनऊ ने 4 मैचों में जीत हासिल की है।






## दिल्ली-एनसीआर की मिट्टी और पानी में जहर! बैटरी रीसाइक्लिंग से खतरनाक स्तर पर लेड प्रदूषण, रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

- मिट्टी में सीसे का स्तर 43,800 पीपीएम तक पहुंचा
- बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा
- सरकारी इकाइयों में भी निगरानी की भारी विफलता उजागर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में मिट्टी की सेहत को लेकर बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। पर्यावरण थिंक टैंक "टॉक्सिक्स लिंक" की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली एवं एनसीआर सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में भी बैटरी रीसाइक्लिंग इकाइयों के आसपास की मिट्टी लेड (सीसा) से बुरी तरह प्रदूषित हो चुकी है। रिपोर्ट में विशेष रूप से दिल्ली और उसके आसपास के उन इलाकों को शामिल किया गया है जहां बैटरियों का पुनर्चक्रण होता है। अध्ययन के सबसे डराने वाला पहलू यह है कि जांच के लिए नमूने उन जगहों से लिए गए जो प्राथमिक स्कूलों, स्थानीय समुदायों और रिहायशी बस्तियों के बेहद करीब हैं।

**मिट्टी के नमूनों में लेड की मात्रा 43,800 पीपीएम**

मिट्टी के नमूनों में लेड की मात्रा 43,800 पीपीएम तक दर्ज की गई। पर्यावरण संरक्षण (दूषित स्थलों का प्रबंधन) नियम, 2025 के अनुसार 5000 पीपीएम से अधिक लेड वाली जगह को "अत्यधिक खतरनाक" माना जाता है। यानी कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर तय सीमा से आठ गुना ज्यादा है।

**रिपोर्ट बताती है** कि दिल्ली के आसपास की कई इकाइयों में बैटरी के कचरे और एसिड को सीधे ज़मीन पर फेंका जा रहा है, जो सीधे तौर पर यहां के भूजल को जहरीला बना रहा है। अध्ययन में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि दिल्ली के आसपास काम कर रही सरकारी मान्यता प्राप्त इकाइयों के पास मिट्टी में लेड का औसत स्तर, अवैध रूप से चल रही इकाइयों से भी अधिक पाया गया। यह सीधे तौर पर मॉनिटरिंग और प्रवर्तन की भारी विफलता को दर्शाता है।

**स्वास्थ्य पर गंभीर प्रहार**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, लेड के संपर्क में आने का कोई "सुरक्षित स्तर" नहीं है। कम मात्रा में भी लेड बच्चों के मस्तिष्क विकास को बाधित करता है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता घटती है और व्यवहार संबंधी विकार पैदा होते हैं। गर्भवती महिलाओं व भ्रूण के लिए यह अत्यधिक घातक है। अत्यधिक संपर्क से कोमा, ऐंठन और मृत्यु तक हो सकती है।

**"टॉक्सिक्स लिंक" की चेतावनी और मांग**

टॉक्सिक्स लिंक के एसोसिएट डायरेक्टर सतीश सिन्हा ने जोर देकर कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में बैटरी कचरा प्रबंधन नियमों (2022) और ईपीआर ढांचे को कड़ाई से लागू करना अब विकल्प नहीं, बल्कि ज़रूरत है।

» **स्वास्थ्य ऑडिट**– रीसाइक्लिंग केंद्रों के पास रहने वाले दिल्ली वासियों का ब्लड लीड लेवल (बीएलएल) टेस्ट कराया जाए।

» **सफाई**– सीपीसीबी के नेतृत्व में उन जगहों की मिट्टी को तुरंत साफ किया जाए जो "हॉटस्पॉट" बन चुके हैं।

» सख्त निगरानी- रिहायशी इलाकों के पास चल रही अनधिकृत इकाइयों को तुरंत बंद किया जाए।

**एनसीआर की स्थिति** दिल्ली में ईवी बैटरी निस्तारण के लिए ई-वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2022 और बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2022 के तहत नीति तैयार की जा रही है, जिसमें दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) नोडल एजेंसी है। मुख्य रूप से होलंबी कलां में 11.4 एकड़ में एक बड़ा ई-वेस्ट इको-पार्क बन रहा है, जो 51,000 मीट्रिक टन क्षमता वाला होगा। वहीं गौतमबुद्ध नगर में सात फैक्ट्रियां हैं जो ई-वेस्ट का निस्तारण करतीं हैं। लेकिन सभी निजी फैक्ट्रियां हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान बनाने वाली कंपनियों से ई-वेस्ट लेकर निस्तारण और रिसाइकिल करती हैं। सरकारी व्यवस्था यहां भी कोई नहीं है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल में आत्मघाती हमले का जिक्र; जांच में जुटी टीमें



दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को आज गुरुवार सुबह एक बार फिर से धमकी भरा ई-मेल मिला है। दिल्ली विधानसभा में दो-तीन दिन पहले सुरक्षा में हुई बड़ी चूक के बाद अब बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बता दें कि दो पहले सोमवार को ही एक व्यक्ति ने तेज रफ्तार कार से दिल्ली विधानसभा के वीवीआईपी गेट नंबर-2 पर बैरियर तोड़ते हुए गाड़ी अंदर घुसा दी थी। इतना ही नहीं आरोपी वारदात के बाद मौके से भी फरार हो गया। हालांकि, कुछ घंटों में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। सुबह करीब आठ बजे मिली धमकी पुलिस के अनुसार, 9 अप्रैल गुरुवार 2026 की सुबह 8 बजकर 14 मिनट पर दिल्ली विधानसभा को एक संदिग्ध ई-मेल मिला। जानकारी के मुताबिक, यह ई-मेल 'Shuyao Lin' (patrickhoptn@gmail.com) आईडी से भेजा गया। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि दिल्ली सरकार के अलग-अलग आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भी यह भेजा गया है। इस ई-मेल में 'Bomb Blast Delhi Secrétariat!!' लिखा था ई-मेल में साफ तौर पर लिखा था, 'Delhi BanayGa KHALISTAN' इस तरह का भड़काऊ मैसेज लिखा है ओर एक 'B'omb - आत्मघाती हमला' का भी जिक्र मेल में किया गया है। ई-मेल में कुछ जगहों और समय का भी जिक्र किया गया है।

### 'रोहित-कोहली सुपरस्टार लेकिन सूर्यवंशी भी...', पूर्व कप्तान ने वैभव को लेकर की बड़ी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** बेहद प्रतिभावान वैभव सूर्यवंशी के प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्रीम स्मिथ ने आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन के बाद 15 साल के इस भारतीय खिलाड़ी को 'असली सुपरस्टार' बताया है। स्मिथ ने अपने ब्लॉग में लिखा कि आईपीएल ठीक वैसे ही शुरू हुआ है जैसा मैंने सोचा था, सपाट पिचों और बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के साथ। हमेशा की तरह यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पुराने सुपरस्टार कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर शुरुआती कुछ हफ्तों में नजर रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि उसने पहली गेंद से ही आक्रामक होने की अपनी काबिलियत दिखा दी है।

## भगोड़ा अपराधी संजय भंडारी को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका, अदालत ने खारिज की याचिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** आर्थिक भगोड़ा अपराधी घोषित करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हथियार सलाहकार संजय भंडारी की याचिका दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने बृहस्पतिवार को मामले पर निर्णय सुनाते हुए अपील याचिका ठुकरा दी। संजय भंडारी ने पांच जुलाई के तीस हजारी कोर्ट के सत्र न्यायाधीश के निर्णय को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम-2018 की धारा 12(एक) के तहत संजय भंडारी एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी है। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि भंडारी को भारत प्रत्यर्पित करने की कोशिश भले ही नाकाम रही हो, लेकिन इससे आरोपी न तो कोई फरिश्ता बन जाता है और न ही भारतीय कानूनों के उल्लंघन के लिए उस पर चलने वाले मुकदमे से उसे कोई छूट मिल जाती है।

**क्या है मामला?** आयकर विभाग द्वारा उसके ठिकाने पर छापा मारने के दौरान संजय भंडारी साल 2016 में लंदन भाग गया था। ईडी ने मामले में जांच शुरू कर उसकी करीब 21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। फरवरी 2017 में ईडी ने संजय भंडारी और अन्य लोगों के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया था। यह कार्रवाई भंडारी के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद की गई थी। ईडी ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा के खिलाफ की जा रही जांच के संबंध में 2020 में भंडारी के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दायर किया था। 2023 में ईडी ने एक पूरक आरोपपत्र दाखिल कर आरोप लगाया था कि संजय भंडारी ने 2009 में लंदन के 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित घर को खरीदा था, और उसका नवीनीकरण राबर्ट वाड्रा के निर्देशों के अनुसार करवाया था। इस नवीनीकरण के लिए फंड भी राबर्ट वाड्रा ने ही मुहैया कराया था।

## गाँव चलो अभियान के अन्तर्गत गांव, बस्ती एवं वार्ड में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं लाभार्थियों से सम्पर्क किया गया

**मीरजापुर।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी शिर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार स्थापना दिवस के अन्तर्गत चल रहे गाँव चलो अभियान के अन्तर्गत गांव, बस्ती एवं वार्ड में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं लाभार्थियों से सम्पर्क किया गया। जिसके क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी ने नगर विधानसभा में नगर पश्चिमी मण्डल के चेतगंज शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत इमामबाड़ा, बल्ली का अड्डा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया एवं लाभार्थियों से भी सम्पर्क किया। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरदिन्दुमणि त्रिपाठी हेमन्त, गौरव ऊमर, मण्डल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सोनम चतुर्वेदी, नवीन दूबे, सभासद रूपेश यादव, रतन कुमार सिंह, विजय शक्ति दूबे, अभिनव प्रताप सिंह, विजय निषाद, सुरज निषाद, सुमन यादव, दीप ऊमर आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया

## सबरीमाला की प्रथा भेदभाव के बजाय आस्था पर आधारित-सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

**सुप्रीम कोर्ट सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर सुनवाई कर रहा है, जहां केंद्र सरकार ने प्रतिबंध का समर्थन किया है. केंद्र ने 2018 के फैसले को गलत ठहराते हुए इसे आस्था पर आधारित बताया. सवैधानिक नैतिकता और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच बहस जारी है. 14 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी, जो इस संवेदनशील मुद्दे पर महत्वपूर्ण फैसला लाएगी।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

केंद्र ने गुरुवार को केरल के सबरीमाला मंदिर में विशेष आयु वर्ग वाली उम्र की महिलाओं की एंट्री पर लगी रोक का समर्थन किया. सुप्रीम कोर्ट के सामने दलील दी कि 2018 में बैन हटाने का फैसला इस सोच पर आधारित था कि पुरुष महिलाओं से बेहतर हैं. चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली नौ जजों की संविधान बेंच अभी पूजा की जगहों पर महिलाओं की एंट्री और सभी धर्मों में धार्मिक आजादी के बड़े दायरे से जुड़ी पिटीशन पर सुनवाई कर रही है।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि धार्मिक रीति-रिवाजों को सिर्फ जेंडर के नजरिए से नहीं देखा जा सकता. उन्होंने ऐसे उदाहरण दिए जहां कुछ मंदिरों में पुरुषों को भी खास रीति-रिवाजों को मानने से रोका जाता है या उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया जाता है।

भगवान से जुड़ी परंपराओं का जिक्र करते हुए मेहता ने दलील दी कि सबरीमाला की प्रथा भेदभाव के बजाय आस्था पर आधारित है. उन्होंने केरल के कोट्टनकुलंगरा श्री देवी मंदिर की ओर इशारा किया, जहां चामयाविलक्कू त्योहार के दौरान पुरुष महिलाओं की तरह कपड़े पहनते हैं, जो धार्मिक रीति-रिवाजों की विविधता को दिखाता है।

**सुनवाई के दौरान मेहता ने कही ये बात**

मेहता ने बेंच से कहा, यह पुरुष-केंद्रित या महिला-केंद्रित मान्यताओं का सवाल नहीं है. इस मामले में, यह महिला-केंद्रित है. बेंच में जस्टिस बी वी नागरत्ना, एम एम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने तर्क दिया कि कोर्ट को पब्लिक मोरैलिटी के बजाय, जैसा कि पहले बताया गया था, कॉन्स्टिट्यूशनल मोरैलिटी को गाइड करना चाहिए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले से जुड़ा है, जिसने 4-1 के बहुमत से सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर बैन को हटा दिया था, और इस प्रथा को गैर-संवैधानिक घोषित किया था।

**14 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई**

2019 में, पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने अलग-अलग धर्मों के पूजा स्थलों में जेंडर भेदभाव पर बड़े सवालों को एक बड़ी बेंच को भेज दिया था, यह देखते हुए कि ऐसे मुद्दों पर अलग-अलग मामलों से आगे और गहराई से जांच की जरूरत है. चल रही सुनवाई से यह तय होने की उम्मीद है कि समानता के संवैधानिक सिद्धांत धर्म का पालन करने के अधिकार से कैसे जुड़ते हैं।

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े मामले में दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर गुरुवार को तीसरे दिन सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में सुनवाई पूरी हुई. CJI सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ में गुरुवार को सुनवाई हुई. मामले की अगली सुनवाई अब 14 अप्रैल को होगी. मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि मंदिर दर्शन के दौरान उससे जुड़े संप्रदायों का पालन करना आवश्यक है, यद्यपि हिंदू धर्म किसी विशिष्ट संप्रदाय पर आधारित नहीं है, फिर भी किसी विशेष मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों को उस मंदिर से जुड़े संप्रदायों या रीति-रिवाजों का पालन करना अनिवार्य है।

## केरलम-असम में टूटा वोटिंग का रिकॉर्ड! पुडुचेरी ने सबको छोड़ा पीछे, इस सीट पर 94% से ज्यादा वोटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**केरलम,** असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान खत्म हो गया है. केरलम की 140, असम की 126 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोट डाले गए. इसमें असम में 85.38%, केरलम में 78.03% और पुडुचेरी में 89.83 फीसदी मतदान हुआ. हालांकि, फाइनल आंकड़े आना बाकी है। 2021 के विधानसभा चुनाव की अपेक्षा असम में इस बार ज्यादा वोटिंग हुई है. पिछले विधानसभा चुनाव में 82.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था. इस बार दलगांव में सबसे ज्यादा 94.57 फीसदी मतदान हुआ, जबकि राज्य में सबसे कम मतदान 70.40 फीसदी अमरी में हुआ। असम विधानसभा चुनाव में कुल 722 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला 4 मई को होगा. बात करें केरलम की तो यहां भी 2021 के चुनाव की अपेक्षा ज्यादा वोटिंग हुई है। राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव में 74.06 फीसदी वोट पड़े थे। असम और केरलम से ज्यादा वोटिंग (89.83 फीसदी) केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुई है। यहां सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही वोटर्स का उत्साह देखते बन रहा था. ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में काफी चहल-पहल रही. बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाता और महिलाएं घर से बाहर निकलीं।

**रोबोट ने किया मतदाताओं का स्वागत**

यहां चुनाव आयोग की अनूठी पहल भी देखने को मिली. एक पोलिंग स्टेशन में रोबोट को तैनात किया गया, जिसने फूलों से मतदाताओं का स्वागत किया. केंद्र शासित प्रदेश में एनडीए सत्ता बरकरार रखने के लिए चुनावी मैदान में हैं. वहीं विपक्ष सत्ता छीनने की जुगत में. विपक्ष ने अपने प्रचार अभियान में स्थानीय मुद्दों पर खास फोकस किया था. केंद्र शासित प्रदेश में 1 हजार 99 मतदान केंद्र बनाए गए थे।



**ईवीएम में कैद हुई उम्मीदवारों की किस्मत**

कुल मिलाकर 2 राज्य और 1 केंद्र शासित प्रदेश में कुल 1899 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है. इसमें असम में 722 उम्मीदवार, केरलम में 863 और पुडुचेरी में 294 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। असम में बहुमत का आंकड़ा 64 है. पिछले 10 साल से यहां बीजेपी की सरकार है. यहां हिमंत बिस्वा सरमा बीजेपी के सबसे बड़े चेहरे और सीएम हैं. जबकि गौरव गोगोई अपने पिता की विरासत को बचाने और कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने के लिए सीधी चुनौती दे रहे हैं. राज्य में जलुकबारी, जोरहाट, शिवसागर, नगांव, मरियानी, शिवसागर, दिसपुर, धुबरी, करीमगंज, गुवाहाटी सेंट्रल जैसी सीटें हॉट हैं।

**केरलम में बहुमत का आंकड़ा 71**

बात करें केरलम की तो यहां 2106 से पिनराई विजयन सीएम हैं. यूडीएफ यहां विपक्ष की भूमिका में है. राज्य में बहुमत का आंकड़ा 71 है। अभी तक एलडीएफ और यूडीएफ के बीच टक्कर होती रही है लेकिन बीजेपी भी तेजी से अपनी जड़ें मजबूत कर रही हैं. बात करें राज्य की हॉट सीटों की तो इनमें नेमम, मंजेश्वरम, पलक्कड़, कोट्टारक्करा और त्रिशूर शामिल हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री चमेली देवी का हुआ निधन



**सीखड मीरजापुर,** विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत केला बेला के पूर्व प्रधान रामलखन की पत्नी वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर कार्यरत थी। उनके पति रामलखन ने बताया कि चमेली देवी लगभग एक माह से विमार चल रही थी उन्हें लगभग एक सप्ताह पहले बीएचयू वाराणसी में भर्ती कराया गया था जहां पिछ्ले दिन उनका निधन हो गया। उनके मृत्यु की खबर मिलते ही पुरे परिवार के लोगो के साथ साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय सीखड से लेकर विकास खण्ड के सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आत्मा के शान्ती के लिए सीडीपीओ नीलू मिश्रा मुख्य सेविका रेनू मौर्या, बड़े बाबू संजीव मोटवानी सहित परियोजना कीआंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, गीता मौर्या, पुष्पा देवी, कुंजन पांडेय, नीलम पांडेय, मीना केशरी, मंजू मौर्या, समिता देवी , सुमन सिंह, शान्ती देवी बबुई देवी, माया देवी,तपेसरा देवी, सरिता पांडेय, संगीता, सुचिता सिंह, आशा देवी, कौशिल्या, कनक सिंह, इन्दाणी पाठक सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने अपने केन्द्र पर दो मीनट का मौन रख कर उनके आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु शोक संवेदना व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध मिट्टी खनन पर कड़ी कार्रवाई, तीन ट्रक और एक जेसीबी मशीन सीज

**बस्ती।** बस्ती जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त अभियान चलाया। इस कार्रवाई में थाना नगर के थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अहम भूमिका रही, जिनके नेतृत्व में अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया गया। खनन विभाग और थाना नगर बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए इस अभियान में अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त पाए जाने पर तीन ट्रकों और एक जेसीबी मशीन को सीज कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, टीम ने क्षेत्र में सक्रिय अवैध खनन पर नजर रखते हुए मौके पर छापेमारी की, जहां यह वाहन और मशीनरी अवैध खनन में लिप्त पाए गए। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रकों और जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से अवैध खनन में लगेलोगों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा है कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुण्डेरवा पुलिस ने गैगरेप मामले मे 4 अभियुक्तों को दबोचा



**बस्ती।** बस्ती जिले केमुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुरियार में बाइक सवार बदमाशों ने युवती का अपहरण किया और उसे सुनसान स्थान पर ले गये। वहां उसके उसके साथ घिनौनी हरकत की। सूचना मिलने पर एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाया। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल भेजा गया। एसपी के सख्त निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 5वां अभी भी फरार है। पता चला है कि लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती बुधवार की शाम को किसी काम से मुंडेरवा आई थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। फिर सुनसान स्थान पर ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। वहीं, सीओ रुधौली कुलदीप यादव ने बताया कि गैंगरेप के आरोपी सेंदुरिया निवासी सुग्रीव व सचिन, अमरडोभा निवासी पवन और कैथोंलिया निवासी प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जनपद अमेठी में आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया स्वच्छ व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई



**कुल 34 आबकारी दुकानों को ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया आवंटित**

**अमेठी।** जनपद में आज 34 आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सहायक आबकारी आयुक्त एके राय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता की उपस्थिति में आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर आवेदकगण भी मौजूद रहे। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि जनपद अमेठी में रिक्त कुल 36 दुकानों के सापेक्ष कुल 1604 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 22 देशी दुकानों के लिए 955 आवेदन, 9 कंपोजिट दुकानों के लिए 646 आवेदन तथा 5 भांग की दुकानों के लिए 3 आवेदन प्राप्त हुए थे, 2 भांग की दुकानों पर कोई भी आवेदन प्राप्त न होने के कारण दुकानें अभी रिक्त हैं। कुल 34 दुकानों का आज ई-लॉटरी की प्रक्रिया के माध्यम से स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया।

## दो निवाले ज्यादा मांगने के जुर्म में जेल के आला अधिकारियों ने कैदी को पेड़ से बांधकर जानवरों की तरह पीटा

**●सुधार गृह वाले मुखौटे को उतार फेंका है। जेल के भीतर रक्षकों ने ही भक्षक बनकर एक कैदी पर वह कहर ढाया है मानव अधिकार का उल्लंघन किया पुलिसकर्मियों ने**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिला जेल बस्ती से मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने जेल प्रशासन के 'सुधार गृह' वाले मुखौटे को उतार फेंका है। जेल के भीतर रक्षकों ने ही भक्षक बनकर एक कैदी पर वह कहर ढाया है जिसे सुनकर रूह कांप जाए। सिर्फ दो निवाले ज्यादा मांगने के जुर्म में जेल के आला अधिकारियों ने कैदी को पेड़ से बांधकर जानवरों की तरह पीटा।

**वर्दियों के पीछे छिपे 'दरिंदे' नामजद शिकायत**

कैदी सूरज चौधरी की पत्नी अंजनी ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में जेल के रसूखदार अधिकारियों को बेनकाब किया है। पीड़िता ने सीधे तौर पर जेल अधीक्षक शिव प्रताप मिश्र, डिप्टी जेलर त्रिलोकी नाथ, वंदना त्रिपाठी, रोशन आरा और सिपाही प्रदीप कुमार पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। आरोप है कि इनके साथ 20 अन्य सिपाहियों ने मिलकर सूरज को 'सबक' सिखाने के नाम पर नंगा नाच किया।

अमानवीय टॉर्चर पेड़ से बांधा, पाइप से पीटा और आंख में जूते मारे शिकायत के अनुसार, सूरज का कसूर बस इतना था कि उसने भूख लगने पर थोड़े और खाने की मांग की थी। इस 'गुस्ताखी' पर भड़के अधिकारियों ने उसे पेड़ से जकड़ दिया। फिर शुरू हुआ मौत का तांडव–प्लास्टिक की पाइप (बेंत) से शरीर का कोई कोना नहीं छोड़ा गया, जूतों से चेहरे को कुचला गया और उसे तब तक मारा गया जब तक वह बेहोश होकर गिर नहीं गया। क्रूरता की हद तो तब हो गई जब उसकी आंख पर सीधे प्रहार किए गए, जिससे उसकी आंख खून से भर गई है और उसे दिखना बंद हो गया है।

**अपराध छिपाने के लिए 'किलेबंदी'**

अपनी खाल बचाने के लिए जेल प्रशासन ने अब पीड़ित कैदी को दुनिया से काट दिया है। पत्नी का आरोप है कि उसे पति से मिलने नहीं दिया जा रहा और सरकारी फोन तक बंद कर दिए गए हैं ताकि अंदर की चीखें बाहर न आ सकें। जेल की चारदीवारी के भीतर एक इंसान को इलाज के अभाव में मरने के लिए छोड़ दिया गया है। प्रशासन पर सवालः क्या यही है न्याय एक तरफ सरकार मानवाधिकारों की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ शिव प्रताप मिश्र और उनकी टीम पर लगे ये आरोप व्यवस्था पर तमाचा हैं। पीड़िता ने गुहार लगाई है कि उसके पति को बाहर के अस्पताल में भर्ती कराया जाए, वरना वह जेल के भीतर ही दम तोड़ देगा।?अब सवाल यह है कि क्या इन वर्दीधारी 'गुंडों' पर एफआईआर होगी या प्रशासन अपनी साख बचाने के लिए इस खूनी खेल पर पर्दा डालेगा?

## टाटमिल चौराहे पर चला जागरूकता अभियान, यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

**कानपुर।** कानपुर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क हादसों को नियंत्रित करने के लिए 'RTC योजना' के तहत टाटमिल चौराहा पर गुरुवार को यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में यातायात पुलिस ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को रोककर उन्हें जागरूक किया। खासतौर पर बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने और ओवरलोडिंग करने वालों को समझाइश दी गई।पुलिस ने लोगों को बताया कि छोटी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए नियमों का पालन अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शहर में जाम की समस्या कम करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। यातायात विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## कैदी को मारने पीटने का आरोप, डीएम से मिली पत्नी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केलालगंज थाना क्षेत्र के शोभनपार निवासी सूरज चौधरी इन दिनों जिला कारागार बस्ती में बंद हैं। नकी पत्नी अंजनी चौधरी ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि उनके पति को जेल के अंदर मारा पीटा गया है और उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में बुधवार को सरदार सेना ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये जिला कारागार में बंद सूरज चौधरी की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के साथ ही समुचित इलाज कराया जाय। ज्ञापन देने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि पीड़ित बंदी की पत्नी की मुलाकात कराई जाएगी और बंदी के इलाज की समुचित व्यवस्था होगी। उनकी पत्नी ने कहा कि यदि आवश्यकता हो तो प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया जाए। बंदी की पत्नी अंजनी ने यह भी कहा उनके पति के जान माल की खतरा है। आरोप लगाया कि डिप्टी जेलर वंदना त्रिपाठी, डिप्टी जेलर रोशन, सोनू, फूलचंद, प्रदीप सहित कई पुलिस कर्मियों ने बंदी सूरज चौधरी को मारा पीटा। सरदार सेना ने मांग किया दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाए, परिवार को मिलने से न रोका जाए तथा बंदी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## मंगेतर के साथ मंदिर जा रही युवती राक्षसों की हवस की शिकार प्रशासन लापरवाह

**● बस्ती की संवेदनशील जमीन पर दरिंदगी का साया कानून, समाज और सत्ता पर तीखा प्रहार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जनपद से सामने आई यह घटना केवल एक आपराधिक खबर नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक विफलता का दर्पण है जिसमें इंसानियत बार-बार शर्मसार हो रही है। एक मंदिर–जो आस्था, सुरक्षा और शरण का प्रतीक माना जाता? है–वही यदि अपराध का केंद्र बन जाए, तो यह केवल कानून-व्यवस्था पर नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।यह घटना अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि इसमें पीड़िता की अस्मिता, विश्वास और सुरक्षा तीनों पर एक साथ हमला हुआ है। खबर के अनुसार, मंदिर परिसर में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। सोचिए, जहां लोग भगवान के सामने सिर झुकाकर सुरक्षा और शांति की कामना करते हैं, वहीं यदि ऐसे जघन्य अपराध घटित हों, तो आम नागरिक किस पर भरोसा करे?

कानून कहाँ खड़ा है?भारत का संविधान और दंड संहिता महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर प्रावधान देती है। भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 376घ सामूहिक बलात्कार के लिए कड़ी सजा निर्धारित करती है–जिसमें आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल कानून की किताबों में सजा लिख देना पर्याप्त है?बस्ती की इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कानून का भय अपराधियों के मन से समाप्त हो रहा है। जब अपराधी खुलेआम मंदिर जैसे पवित्र स्थल में भी इस प्रकार की हरकत कर सकते हैं, तो यह संकेत है कि उन्हें पकड़े जाने या सजा मिलने का डर नहीं है।

पतन की पराकाष्ठा यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक चरित्र के पतन का चरम उदाहरण है। आज समाज में नैतिकता, संस्कार और मानवीय मूल्यों का क्षरण इस हद तक हो चुका है कि इंसान अपने ही भीतर के पशु को नियंत्रित नहीं कर पा रहा।कभी भारत को 'नारी-पूजक' सभ्यता कहा जाता था, जहाँ स्त्री को देवी का दर्जा दिया गया। लेकिन आज वही समाज स्त्री की गरिमा को रौंदने में लगा है। यह विरोधाभास केवल विचारों का नहीं, बल्कि आचरण का भी है।

प्रशासन की भूमिका पर सवाल हर ऐसी घटना के बाद प्रशासन सक्रिय होता है–जांच बैठती है, आरोपी पकड़े जाते हैं, बयान दिए जाते हैं। लेकिन क्या यह पर्याप्त है?क्या स्थानीय पुलिस को पहले से कोई सूचना नहीं थी?क्या मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर थी?क्या अपराधियों का कोई आपराधिक इतिहास था?यदि इन सवालों के जवाब 'हाँ' में हैं, तो यह प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। और यदि 'नहीं' में हैं, तो यह खुफिया तंत्र की विफलता है।

आक्रोश क्यों जरूरी है?समाज में ऐसे अपराधों के खिलाफ आक्रोश जरूरी है, क्योंकि मौन रहना अपराध को बढ़ावा देना है। जब तक जनता सड़कों पर उतरकर, सोशल मीडिया पर आवाज उठाकर और प्रशासन से जवाब मांगकर दबाव नहीं बनाएगी, तब तक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद करना व्यर्थ है।

यह आक्रोश केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने वाला होना चाहिए।

मीडिया की जिम्मेदारी मीडिया का कार्य केवल खबर दिखाना नहीं, बल्कि सत्य को सामने लाना और दबाव बनाना भी है। बस्ती की इस घटना को यदि केवल एक 'क्राइम न्यूज' बनाकर छोड़ दिया गया, तो यह न्याय के साथ अन्याय होगा।मीडिया को चाहिए कि–पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखते हुए मामले को प्रमुखता दे

प्रशासनिक खामियों को उजागर करे,न्यायिक प्रक्रिया पर नजर बनाए रखेसमाधान फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो,दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए,मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई जाए समाज में नैतिक शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जाएं

पुलिस की जवाबदेही तय हो,: यह केवल घटना नहीं, चेतावनी है,बस्ती की यह घटना एक चेतावनी है–कि यदि अब भी समाज और शासन नहीं जागा, तो ऐसी घटनाएं सामान्य बन जाएंगी। यह केवल एक बेटी की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे समाज की असफलता है।आज आवश्यकता है कि हम केवल शोक न करें, बल्कि संघर्ष करें–न्याय के लिए, सुरक्षा के लिए और उस भारत के लिए जहाँ मंदिर फिर से आस्था का केंद्र बन सके, भय का नहीं।

## लालगंज पुलिस का एक्शन मोडः चोरी के आरोपी समेत दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार, कई मामलों का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** बस्ती जिले केथाना लालगंज क्षेत्र में पुलिस ने अपराध के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जहां चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, वहीं दुष्कर्म के एक आरोपी को भी दबोचकर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पहली कार्रवाई में थाना लालगंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 82/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी पगार खास और मोहित पुत्र मंतलाल निवासी खोरिया को 07 अप्रैल 2026 को महादेवा से बनकटी जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि पवन कुमार एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उस पर चोरी, गैंगस्टर एक्ट और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े कुल 10 मामले दर्ज हैं, जो उसके आपराधिक इतिहास को दर्शाते हैं। वहीं सह अभियुक्त मोहित के खिलाफ भी संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज है। इस गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक के साथ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल अनिल यादव और प्रमोद सिंह यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दूसरी कार्रवाई में थाना लालगंज पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त राधेश्याम पुत्र राम अवध निवासी बानपुर को 08 अप्रैल 2026 को टैक्सी स्टैंड देईसाड़ के पास से गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी मुकदमा अपराध संख्या 83/2026 धारा 64(1), 351(3) बीएनएस के तहत की गई।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक के साथ उपनिरीक्षक मोहन लाल चौधरी, हेड कांस्टेबल कमलेश पाण्डेय, कांस्टेबल उपेन्द्र पटेल तथा महिला कांस्टेबल बन्दना पासवान शामिल रहीं। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि थाना लालगंज पुलिस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पूरी तरह सक्रिय है और अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी है। पुलिस ने संकेत दिया है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

## केएनआईटी प्रवक्ता लेक्चर में अचेत, दी थी आत्महत्या की धमकी

**● वेतन विवाद और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जुड़ा मामला**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर के कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी) में गुरुवार को एक घटना सामने आई। मैकेनिकल विभाग के प्रोफेसर एस.पी. कुटार इंजीनियरिंग क्लास में लेक्चर देते समय अचेत होकर गिर गए। उनके सहकर्मियों ने उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। इस घटना से एक दिन पहले, बुधवार को प्रोफेसर कुटार ने वेतन न मिलने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की धमकी दी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को बुलाया गया था, जो सीधे निदेशक कक्ष तक पहुंची। बाद में समझा-बुझाकर मामला शांत कराया गया था। प्रोफेसर कुटार का आरोप है कि संस्थान ने लगभग डेढ़ साल से उनका वेतन रोक रखा है। उन्होंने वित्त एवं लेखाधिकारी विपिन द्विवेदी पर फाइल रोकने का भी आरोप लगाया, जिसके कारण उनका भुगतान लंबित है।

हालांकि, संस्थान से जुड़े सूत्रों का इस मामले पर अलग दृष्टिकोण है। उनका कहना है कि वेतन भुगतान का मुद्दा केवल प्रशासनिक देरी का नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेशों और तकनीकी शिक्षा से संबंधित नियमों के अनुपालन से जुड़ा है। सूत्रों के अनुसार, जब तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और उससे संबंधित प्रावधानों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक भुगतान पर रोक लगाना प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। प्रशासनिक परिषद (BOG) की 58वीं बैठक में भी पूर्व बैठकों के निर्णयों, विशेषकर पदोन्नति (CAS) से जुड़े मामलों की समीक्षा और पुनर्विचार किया गया था। इसमें स्पष्ट किया गया कि पदोन्नति और उससे जुड़े लाभ नियमों के परीक्षण के अधीन हैं और पुनः परीक्षण के बाद ही अंतिम निर्णय होगा।

ऐसे में सूत्रों का कहना है कि लेखाधिकारी द्वारा वेतन रोके जाने को व्यक्तिगत निर्णय नहीं माना जा सकता। यह नियमों और न्यायिक आदेशों के अनुपालन की प्रक्रिया का हिस्सा है। संस्थान के भीतर इस घटनाक्रम को लेकर यह चर्चा भी रही कि क्या सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और निर्धारित नियमों के विपरीत लाभ प्राप्त करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। जानकारों का मानना है कि ऐसे मामलों में वैधानिक प्रक्रिया अपनाने के बजाय इस प्रकार की धमकी देना उचित नहीं माना जाता। घटना के बाद संस्थान प्रशासन ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए आंतरिक स्तर पर जांच और समीक्षा की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस की मौजूदगी में स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने संस्थान में चल रहे पदोन्नति और वेतन विवाद को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

## अमेठी में बाल श्रम के खिलाफ चला विशेष अभियान

**● प्रतिष्ठानों को दी गई सख्त चेतावनी**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उपजिलाधिकारी गौरीगंज के दिशा-निर्देशन में जनपद में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं मानव तस्करी रोधक इकाई (एएचटीयू) की संयुक्त टीम ने टिकरिया चौराहा, होटलों, धान मिलों और विभिन्न दुकानों का सघन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम के प्रति जागरूक करते हुए कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी स्थिति में नाबालिग बच्चों से कार्य न कराया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम कराना एक दंडनीय अपराध है और यदि भविष्य में ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान राहत की बात यह रही कि किसी भी दुकान, होटल या अन्य प्रतिष्ठान में कोई भी नाबालिग बालक या बालिका कार्यरत नहीं पाया गया। इस अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, रुचि सिंह, सुपरवाइजर रोशन, एएचटीयू टीम के प्रभारी रामराज कुशवाहा, हेड दरोगा रामकृष्ण, कांस्टेबल शिव प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी अंकिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कानपुर में बड़ा भ्रष्टाचार कांडः 17 करोड़ की अवैध संपत्ति पर 9 साल बाद FIR

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर में सेल टैक्स विभाग के रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर केशव लाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई विजिलेंस टीम ने 8 अप्रैल 2026 को की, जो 2017 में पड़े छापे के करीब 9 साल बाद हुई है। जांच के अनुसार, 2017 में नोएडा और कानपुर स्थित घरों पर आयकर विभाग की छापेमारी में गद्दों, बाथरूम और अन्य जगहों से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। नोएडा से करीब 10 करोड़ रुपये नकद और 3 करोड़ के जेवर, जबकि कानपुर से लगभग 4 करोड़ रुपये मिले थे। विजिलेंस जांच में खुलासा हुआ कि केशव लाल ने अपने करियर में लगभग 1.34 करोड़ रुपये की वैध आय अर्जित की, जबकि 18 करोड़ रुपये से अधिक खर्च और संपत्ति पाई गई। इस प्रकार करीब 17 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति सामने आई। जांच पूरी होने के बाद अब केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## शिवरतनगंज पुलिस द्वारा रास्ता भटकी बालिका को सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

**● रास्ता भटक कर जनपद बाराबंकी पहुंची 11 वर्षीय बालिका को ग्राम प्रधान के सहयोग से थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तलाश कर उसके परिजनों को सकुशल किया गया सुपुर्द**

**सूचना देकर बालिका को सकुशल बरामद कराने में सहयोग कराने वाले ग्राम प्रधान को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा किया गया सम्मानित**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी ।** 06.04.2026 को वादिनी सुनीता पत्नी शिवशरन निवासिनी ग्राम जेहटा उसरहा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ने थाना शिवरतनगंज पर तहरीर दी गई कि वादिनी की पुत्री अंजोली उम्र करीब 11 वर्ष दिनांक 05.04.2026 को सुबह 9:00 बजे साइकिल लेकर घर से निकली थी, अभी तक घर वापस नहीं आई है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शिवरतनगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त के संबंध में गुमशुदा की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे । पुलिस टीम द्वारा विभिन्न बाजारों, चौराहों के सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए क्षेत्र के जंगल व सुनसान जगह पर ड्रोन कैमरा के द्वारा तलाश की गई, विभिन्न बाजारों सेमरौता, हैदरगढ़, इन्हौना आदि में पंपलेट चस्पा किया गया, टेंपो टैक्सी एवं दुकानदारों से गुमशुदा की फोटो दिखाकर तलाश करने का प्रयास किया गया तथा सोशल मीडिया पर उक्त गुमशुदा की फोटो एवं विवरण अंकित कर प्रचार-प्रसार कराया गया था । जिसके फलस्वरूप जनपद बाराबंकी में सोशल मीडिया के द्वारा प्राप्त फोटो से मिलान कर पहचान करते हुये जय सिंह वर्मा ग्राम प्रधान बहादुरपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी द्वारा पीआरवी 112 पर सूचना दी गई थी । सूचना पर पीआरवी द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त बालिका को सुरक्षित महिला थाना टीम के सुपुर्द किया गया । जनपद बाराबंकी से सूचना प्राप्त होने पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद किया गया । बालिका की बरामदगी में ग्राम प्रधान जय सिंह वर्मा, अभय वर्मा एवं आशीष यादव का सहयोग सराहनीय रहा । सूचना देकर बालिका को सकुशल बरामद कराने में सहयोग कराने वाले ग्राम प्रधान को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय अमेठी में सम्मानित किया गया । बालिका के परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### 600 रुपये और मोबाइल के विवाद में मजदूर की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी साथी गिरफ्तार




**निगोहां (लखनऊ)।** निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव में शराब के नशे में मात्र 600 रुपये और मोबाइल फोन के विवाद को लेकर एक मजदूर की उसके ही साथी ने बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मंगलवार को बेनीगंज मार्ग पर सड़क किनारे मिले 22 वर्षीय रैकिश रावत के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करीब दस गंभीर चोटों की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी धनराज उर्फ टाटू को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी के अनुसार, मजदूरी के बाद शराब पीने के दौरान हुए विवाद में आरोपी ने रैकिश का सामान छीन लिया था और विरोध करने पर उसे जान से मार दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है, वहीं इस हृदयविदारक घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### नेटवर्क बाधित होने से उपभोक्ता परेशान




**बिसवां (सीतापुर)।** इधर कई दिनों से समय-समय पर मोबाइल सिमों से नेटवर्क गायब हो जाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मोबाइल में जियो, बीएसएनएल और एयरटेल आदि कम्पनियों के सिमों से नेटवर्क गायब हो जा रहा है जो कई कई बार घंटों तक गायब रहता है जिससे बातचीत के अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कार्यों में खासी दिक्कतें आ रही हैं। जहांगीराबाद क्षेत्र में वृहस्पतिवार को सुबह से ही जियो,बीएसएनएल व एयरटेल के नेटवर्क मोबाइल सेटों से एकदम से गायब हो गये जिससे घंटों लोग परेशान दिखे। जियो नेटवर्क दो घंटे बाद बहाल हो गया किन्तु एयरटेल का नेटवर्क सुबह 11 बजे तक भी नहीं सही हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि जब जब आंधी पानी या बारिश आती है तब तब बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। टावर वाले जेनरेटर नहीं चलाते हैं, डीजल बचाते हैं जिससे बैट्रियां न चार्ज होने से घंटों नेटवर्क बाधित रहता है तथा बिजली, सप्लाई शुरू होने पर नेटवर्क पुनः बहाल हो जाता है। उपभोक्ता सबाहुद्दीन, रामू नाग, रामसिंह वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, विशाल नंद, मो0 जुबेर, डा0 वकील अहमद खान, आशीष गौड़, शिवम् गुप्ता व शशांक अमन सहित दर्जनों लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस समस्या का स्थाई समाधान कराये जाने की मांग की है।

### सीएचसी डीघ क्षेत्र में आयुष्मान एवं आभा आईडी कैंप का निरीक्षण



**भदोही।** दिनांक 9 अप्रैल 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डीघ के अंतर्गत संचालित आयुष्मान भारत एवं आभा आईडी कार्ड अभियान के तहत ग्राम सभा बेरवा में लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एएनएम श्रीमती माया पांडे, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कैंप में ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनाए जा रहे थे। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक भी मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्राम सभा गोपालपुर में कोटेदार के घर आयोजित आयुष्मान कैंप का भी निरीक्षण किया गया। यहां एएनएम श्रीमती रीमा भारती एवं पंचायत सहायक द्वारा ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनाए जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाकर उन्हें सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही कैंप में आने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया।

# आवास के नाम पर 29 महिलाओं से लाखों की ठगी, मुख्यमंत्री की चौखट तक पहुँची चीखें

● .....सरकारी योजनाओं की आड़ में जालसाजी का खेल; मंजू और उसके पति पर लगा 4.56 लाख की वसूली का आरोप, पीड़ितों ने खोली पोल!



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ!** मोहनलालगंज क्षेत्र के निगोहां स्थित लालता खेड़ा गाँव में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगी का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने सिस्टम की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोपी मंजू और उसके पति ने खुद को चेयरमैन प्रतिनिधि का करीबी बताकर गाँव की भोली-भाली महिलाओं को पक्के मकान का लालच दिया और उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई लूट ली। ठगी की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फूल माता से 85,000, मिटाना से ?60,000, मिथिलेश कुमारी से ?49,000 और चंदराणा से 38,000 जैसी बड़ी रकमें वसूली गईं। इसके अलावा सरिता देवी से 28,000, रत्ता देवी से 11,000, अरुणा व बेला से ?8,500-8,500, सुदेवी व प्रतिभा से 7,000-7,000, किरण से 6,500, संगीता से 5,000 और सुनील से ?4,300 सहित कुल 29 ग्रामीणों से 4 लाख 56 हजार हड़प लिए गए। आज जब इन पीड़ितों के पास न मकान बचा और न ही जमा-पूंजी, तब आक्रोशित माधुरी देवी, सविता, शांति देवी और बेला समेत दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडे 'सत्यम' ने भी इस जालसाजी पर नाराजगी जताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि इन गरीबों का पैसा वापस मिल सके।

### तिलक और शादी की खुशियां आग की लपटों में हुई राख



**महमूदाबाद- सीतापुर** महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम बनियनपुरवा (बिलासपुर कलां) में आज दोपहर भीषण आग ने चार परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी। 4 झोपड़ियां और पशु बाड़े जलकर पूरी तरह खाक हो गए। सबसे दर्दनाक बात निकलकर सामने यह आई है कि मायावती के घर 20 अप्रैल को तिलक और 5 मई को शादी थी, सारी तैयारियां, सामान और करीब 1.60 लाख नकद आग में जल गया। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मवेशी झुलस गए। मौके पर फायर बिग्रेड के कर्मियों ने पहुच कर आग पर काबू पाई, प्रशासन द्वारा राहत सामग्री और भोजन की व्यवस्था करा दी गई है।

## पत्रकार एकजुटता और जनहित के मुद्दों पर निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक संपन्न





● ......जीके न्यूज़ के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने निगोहां प्रेस क्लब की ग्रहण की सदस्यता।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ के निगोहां में गुरुवार को निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें पत्रकारों ने संगठन की मजबूती और पत्रकार हितों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जीके न्यूज़ के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पत्रकारों के सम्मान की रक्षा और उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी और अखिलेश द्विवेदी ने पत्रकार सुरक्षा व संगठन विस्तार पर जोर दिया, जबकि जय शुक्ला ने बैठक का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान नागेश्वर द्विवेदी द्वारा पत्रकारों को लेखन सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया और साथी सुजीत गुप्ता का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। बैठक में संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह और महामंत्री प्रदीप द्विवेदी समेत पांच दर्जन से अधिक पत्रकारों ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

# आंधी पानी से गेहूं की फसल को भारी क्षति 20 प्रतिशत गेहूं का नुक्सान

● कई एकड़ गेहूं की फसल काटी हुई खेतों में पड़ी।

दर्जनों किसानों की नहीं हुई थ्रेशरिंग।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां (सीतापुर)।** गत दिनों आई तेज आंधी और भारी बारिश से सैकड़ों किसानों की गेहूं की फसल को भारी नुक्सान हुआ है। क्षेत्र में लगभग 300 बीघा गेहूं की फसल पककर खेतों में तैयार खड़ी है। जिसकी कटाई लगभग शुरू हो गई है। अचानक बुधवार शाम को आई तेज आंधी और भारी बारिश के कारण गेहूं की फसल को भारी क्षति पहुंची है। छठवान गांव निवासी हरिनाम वर्मा बताते हैं कि उन्होंने मौसम की नजाकत को देखते हुए फसल की कटाई शुरू कर दी थी अचानक तेज आंधी आने के कारण खेत में कटी पड़ी फसल खेत में बिखर गयी तथा भीग गई। बृजेन्द्र वर्मा ने बताया कि गेहूं की एक एकड़ फसल जो बिल्कुल तैयार खड़ी थी। तेज आंधी से खेतों में ही गिर गई जिससे लगभग 20 प्रतिशत गेहूं का नुक्सान होने की संभावना है। किसान अवध शरण ने बताया कि उनका 1.5 एकड़ गेहूं की थ्रेशरिंग होनी थी,आज ही कल में फसल का दाना घर आ जाता लेकिन अचानक भारी बारिश से लगभग 20 प्रतिशत गेहूं का नुक्सान हो गया है।किसान बैजनाथ ने बताया कि पानी बरस जाने से खेत में खड़ी फसल भीग गई है जिससे गेहूं की उपज पर लगभग 20 प्रतिशत का फर्क पड़ जायेगा।

क्षेत्र के किसान रामनरेश, अशोक वर्मा, सर्वजीत वर्मा, गोविंद प्रसाद, शिव प्रकाश, अमरेन्द्र यादव, नरेंद्र कुमार, योगेन्द्र प्रताप सिंह, गुलाब सिंह व वीरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि बेमौसम अचानक एक सप्ताह में दो बार आई भीषण आंधी तूफान और बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुक्सान हुआ है।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख के घर शोक संवेदना जताने वालों का लगा तांता

**गोपीगंज।** पूर्व ब्लाक प्रमुख और ज्ञानपुर विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके लोकप्रिय नेता दिनेश सिंह के भतीजे और स्व.ज्वाला सिंह के पुत्र केएनपीजी कॉलेज के छात्रनेता रहे राजेश सिंह अन्नू के असामयिक मौत से सारीपुर गांव शोक में डूबा है। पूर्व ब्लाक प्रमुख के घर जिले के साथ आसपास के कई जिलों से शोक संवेदना जताने पहुंचने वालों का बुधवार को तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने सारीपुर स्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह के आवास पहुंच कर शोक संवेदना जताया। इस दौरान वाराणसी, भदोही औराई ज्ञानपुर क्षेत्रों के सैकडों गांवों से लोगों की दस्तक हुई साथ ही आसपास जिलों से बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेताओ गणमान्य हस्तियों, अधिकारियों, उद्यमियों चिकित्सकों पत्रकारों आदि सभी क्षेत्रों के लोगों का शोक संवेदना पहुंचने का तांता लगा रहा। यह सुबह से देरशाम तक चलता रहा। इस दौरान पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, प्रमुख उद्यमी योगेन्द्र मिश्रा, सपा नेता राजेन्द्र दुबे, धीरेद्र पांडेय, विभूति नारायण सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय डा.आनंद मिश्रा, डा. राकेश दुबे, वंशीधर उपाध्याय, सुरेन्द्र मिश्र, अवनीश मिश्र गुड्डू, लल्लू मिश्रा, अरविन्द पांडेय समेत सैकडों की संख्या में लोग संवेदना जताने पहुचें।

# मलिहाबाद के बिराहिमपुर में दबंग प्रधान के ऊपर हमले की आड़ में झूठा मुकदमा रचाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मलिहाबाद (लखनऊ)-** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर गांव में ग्राम प्रधान रामशंकर पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि प्रधान ने चुनावी रंजिश के चलते हमले की झूठी कहानी गढ़कर पूर्व प्रधान विमल रावत और रामपुर निवासी आदित्य सिंह को फंसाने की कोशिश की। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं पुलिस प्रशासन भी अब सक्रिय रूप से जांच में जुट गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान रामशंकर ने कुछ समय पहले अपने ऊपर हमले का आरोप लगाते हुए पूर्व प्रधान विमल रावत और आदित्य सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन आरोपितों ने शुरू से ही खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है और उन्हें केवल चुनावी रंजिश के चलते फंसाया जा रहा है।

विवाद बढ़ने और मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन ने इसकी गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान अब महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, जांच अधिकारी ने पूर्व प्रधान विमल रावत के घर से सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। इसके साथ ही जिस स्थान पर कथित हमले की बात कही गई है, वहां के आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी पुलिस द्वारा जब्त कर ली गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। हर पहलू को ध्यान में रखते हुए साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि सच्चाई सामने लाई जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को फंसने नहीं दिया जाएगा। इस घटनाक्रम के बाद गांव में राजनीतिक और सामाजिक माहौल भी गरमा गया है। ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग जांच के निष्कर्ष का इंतजार कर रहे हैं। अब सबकी नजरें पुलिस जांच पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि आखिर सच्चाई क्या है और आरोप कितने सही या गलत हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का पूर्ण खुलासा किया जाएगा, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## खैराबाद ब्लॉक की स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई बाइक व स्कूटी रैली

● शिक्षा से बढ़कर कोई धरोहर नहीं- संतोष कुमार मिश्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खैराबाद सीतापुर** खैराबाद में परिषदीय स्कूलों में छात्र नामांकन बढ़ाने और शिक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत एक विशाल एवं भव्य ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया।इससे पूर्व कभी भी इस प्रकार की रैली का आयोजन नहीं किया गया था। जिसमें लगभग दो सौ बाइक और स्कूटी और चार पहिया वाहन शामिल थे।रैली का मुख्य उद्देश्य बच्चों का स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन करना है। बृहस्पतिवार को विकास खंड खैराबाद में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा व ब्लाक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में दस्तक देकर ग्रामीणों को अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला करने व नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित करने के लिए ब्लॉक खैराबाद के खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा व ब्लाक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा ने कंपोजिट विद्यालय मुलायमपुर में मां सरस्वती का पूजन अर्चना कर व प्रार्थना की। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल ए आर पी संजीव पटेरिया ने किया जबकि ए आर पी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह, कार्यालय सहायक पंकज कुमार,रमेश रस्तोगी,पवन सिंह, मनीष पाल,सुधीर कुमार आदि ने पूरा सहयोग किया

खैराबाद खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा व ब्लाक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया साथ मे जूनियर शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित व प्रदेश प्रवक्ता मनीष पांडे भी उपस्थित थे। खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद ने बताया कि माह अप्रैल में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन किया जाना है उन्होंने शिक्षकों से कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे विशेष रूप से आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित कर उनका दाखिला कराया जाना है। स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ कंपोजिट विद्यालय मुलायमपुर से हुआ। रैली नगर क्षेत्र के विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर, यूपीएस विष्णु नगर, प्राथमिक विद्यालय आमखेड़ा, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय अशरफ़ पुर, प्राथमिक विद्यालय खैरमपुर , प्राथमिक विद्यालय कोडरी नवीन, प्राथमिक विद्यालय भिमरी, प्राथमिक विद्यालय ,रहिमला, प्राथमिक विद्यालय चौबेपुर, प्राथमिक विद्यालय खेरवा, कंपोजिट विद्यालय निजामाबाद से होते हुए प्राथमिक विद्यालय सरवरपुर में पहुची जहाँ रैली का समापन किया गया। इस रैली में पवन कुमार सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ खैराबाद, नरेश मिश्रा अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ खैराबाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष काज़िम हुसैन, बृजेंद्र प्रताप सिंह टी पी सिंह, हसन जमाल रिज़्वी, एजाज़ अहमद, मुदित पाण्डेय, फ़ैजुल हसन, अंजू राजवंशी,डॉ अनुपम मिश्र, मंत्री जहीर आलम आलम, मंत्री अमित त्रिपाठी, विवेक पण्डित, सौरभ जायसवाल, पीर मोहम्मद, पूर्व अध्यक्ष सुशील गुप्ता, हुसैन, रुबीना, रश्मि शर्मा, रूबी वर्मा, ममता जायसवाल अन्नपूर्णा , चेतन, संतोष मिश्रा फरहाना मोहित पाण्डेय, शुभम अवस्थी, अमन, पंकज मिश्र, संजय, पूनम राठौर, सारिका, सरिता, अंजली चौहान, शून्य मिश्र, प्रदीप , अरविंद मिश्रा, सतीश, अनिल, रामकृष्ण, योगेन्द्र पांडेय आदि दो सैकड़ा शिक्षक/शिक्षिकाए मौजूद रहे। रैली का सभी विद्यालयों में पहुंचने पर बच्चों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया तथा सूक्ष्म जलपान आदि की भी व्यवस्था की गई।

## भुलईपुर महोत्सव में शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा का संगम, डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बढ़ाया उत्साह

» भदोही के भुलईपुर विद्यालय में भव्य महोत्सव- बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के समर्पण को मिला सम्मान

» डीएम शैलेष कुमार व अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी की मौजूदगी में भुलईपुर महोत्सव, 'स्कूल चलो अभियान' पर जोर

» शिक्षा और संस्कार का उत्सव बना भुलईपुर महोत्सव, उत्कृष्ट शिक्षकों व मेधावी छात्रों का सम्मानभुलईपुर महोत्सव- सर्वांगीण शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा विद्यालय परिसर

» कंपोजिट विद्यालय भुलईपुर में नवनिर्मित अतरिक्त कक्ष, को-लोकेटेड आंगनबाड़ी का फीता काटकर किया शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही 09 अप्रैल 2026:-**जनपद भदोही क्षेत्र में आयोजित भव्य कम्पोजिट विद्यालय के प्रागण में "भुलईपुर महोत्सव" का आयोजन मुख्य अतिथि अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का समन्वित प्रदर्शन देखने को मिला, जिसने उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें लोकनृत्य, समूहगान, नाटक एवं देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास ने यह स्पष्ट किया कि विद्यालय स्तर पर सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने को-लोकेटेड ऑगनबाड़ी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने स्कूल प्रागण में निरीक्षण के दौरान लर्निंग बाय डूइंग प्रयोगशाला समग्र शिक्षा, एवं नवनिर्मित अतिरक्त कक्ष का उद्घाटन किया। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षों का व्यवस्था, खेल-कूद प्रांगण, किचन गार्डेन, बागवानी, सुव्यवस्थित देख संतोष व्यक्त किया। कक्षा 1 व 2 में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क ब्रेन्च की व्यवस्था कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया। इस अवसर पर बच्चों को साईकिल, पंखा, पुस्तक एवं अन्य पुरस्कार सामग्री भी वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, पीटी, व्यायाम एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में ही बच्चे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि भूलईपुर विद्यालय जनपद के उत्कृष्ठ विद्यालयों में से एक है। जिसकी पहचान प्रदेश स्तर पर भी है, यहॉ के प्रधानाध्यापक एवं उनकी पूरी टीम अथक प्रयास से बेहतर कार्य प्रदेश स्तर पर बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों द्वारा प्रतिभाग कर पुरस्कार प्राप्त कर रहे है। यह भी कहा कि गुरूओं का सम्मान सर्वोपरि है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और शारीरिक सुदृढ़ता की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेलकूद, योग, व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच को अपनाकर सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर इतना उत्कृष्ठ है जितनी प्रसंशा की जाये कम है। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह एवं उनके स्टॉफ की सराहना करते हुए कहा कि उनके समपर्ण एवं मेहनत से विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ठ उदाहरण बन रहा है। व्यक्ति के जीवन में शिक्षा आर्थिक, समाजिक स्थिति को सुधारती है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने "स्कूल चलो अभियान" के अंतर्गत जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और कोई भी बच्चा इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। अभिभावकों से बच्चों का नामांकन कराने और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया, ताकि वे शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित अशोक कुमार गुप्ता, रामलाल सिंह यादव अध्यापकों एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक धीरक सिंह, संतोष सिंह, अरबिन्द पाल, ज्योति कुमारी, आशिष सिंह, अखिलेश यादव को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जिनके प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत पीटी एवं व्यायाम प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। सामूहिक तालमेल एवं अनुशासन के साथ किए गए इस प्रदर्शन ने बच्चों की मेहनत और प्रशिक्षण की झलक प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसमें छात्रों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। अतिथियों ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। भुलईपुर महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि बच्चों को उचित मार्गदर्शन एवं अवसर प्रदान किए जाएं, तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी भदोही चन्द्रशेखर आजाद, ज्ञानपुर मनोज कुमार सिंह, संजय यादव डीसी, नवीन मिश्रा, अरबिन्द मौर्य, मानिक चन्द्र यादव, योगिता हेमकर, प्रतिमा सिंह व विद्यालय के अध्यापकगण एवं ग्राम प्रधान भारी संख्या में अभिभावक व बच्चें उपस्थित रहे।

# अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को विधान सभा चुनाव की तैयारी के दिए निर्देश, कहा- भाजपा सरकार की साजिशों से रहें सावधान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को पार्टी नेताओं विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। सपा प्रमुख ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में 2024 लोकसभा चुनाव से ज्यादा सावधानी बरतना है। भाजपा की साजिश से सावधान रहना है। जनता बदलाव चाहती है। कार्यकर्ता और नेता बूथ पर जाएं। लोगों को भाजपा सरकार की नाकामियों को बताएं।

पार्टी मुख्यालय पर हुई बैठक में सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा राजनीति के साथ छल करती है। लोकतंत्र के साथ धोखा करती है। सपा सरकार बनाने के लिए सभी को मिलकर सावधानी से काम करना है। विशेष गहन पुनरीक्षण में फर्जी हस्ताक्षर से वोट कटवाए जा रहे थे। चुनाव आयोग निष्क्रिय क्यों है? उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता को पूर्व की सपा सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की भी जानकारी दें। इस दौरान नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय, पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल आदि मौजूद रहे। वहीं सपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट कर जाम लगने की समस्या और पुलिस की वसूली पर सवाल उठाते हुए लिखा कि जाते-जाते भाजपा सरकार हर तरह से पैसे कमाने में लगी है। ट्रैफिक पुलिस से सरेआम उगाही करवा रही भाजपा सरकार ने अब एआइ के नाम पर लूटने का नया तरीक़ा निकाला है। भाजपाइयों के लिए एआइ का मतलब 'आमदनी' है। जनता भाजपाई भ्रष्टाचार से उकता कर इस बार 'भाजपाई लाइसेंस' को हमेशा के लिए रद कर देगी। भाजपा जाए तो गाड़ी आगे बढ़ पाए।

# युद्ध के मुहाने से लौटी दुनिया



दुनिया कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आ खड़ी होती है, जहाँ एक निर्णय पूरी सभ्यता के भविष्य को बदल सकता है। हाल के घटनाक्रम में यही स्थिति तब बनी जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया। वातावरण इतना तनावपूर्ण था कि किसी भी क्षण युद्ध का विस्तार एक बड़े विनाश में बदल सकता था। अमेरिका की सेना और उसके रक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार थे और संकेत का इंतजार कर रहे थे कि कब हमला शुरू किया जाए। दूसरी ओर ईरान भी अपनी रक्षा और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था। यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रह गया था, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकट बन चुका था। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए बड़े पैमाने पर हमले की चेतावनी दे दी थी। यदि यह हमला होता, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुँच सकता था। इसके परिणामस्वरूप ईरान की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आती, जो पूरे मध्यपूर्व को युद्ध की आग में झोंक सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में आम लोगों की स्थिति सबसे अधिक भयावह थी। ईरान के भीतर लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में निकलने लगे थे, जबकि खाड़ी क्षेत्र के देश भी संभावित हमलों से बचने की तैयारी कर रहे थे।

इसी बीच कूटनीतिक प्रयास भी तेजी से चल रहे थे। कई देशों ने इस संकट को टालने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य था कि किसी तरह दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहे और युद्ध टल सके। ईरान की ओर से एक प्रस्ताव सामने आया, जिसमें कई शर्तें रखी गई थीं। शुरू में इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं माना गया, लेकिन बातचीत की प्रक्रिया जारी रही। धीरे-धीरे यह स्पष्ट होने लगा कि दोनों पक्ष युद्ध से बचना चाहते हैं, भले ही सार्वजनिक रूप से वे कठोर रुख अपनाए हुए हों।

इस पूरे घटनाक्रम की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहद अनिश्चित और उलझी हुई थी। अमेरिका के भीतर भी यह स्पष्ट नहीं था कि अंतिम निर्णय क्या होगा। स्वयं उसके नेतृत्व के करीबी लोगों को भी यह अंदाजा नहीं था कि अगला कदम क्या होगा। एक ओर कठोर बयान दिए जा रहे थे, तो दूसरी ओर बातचीत के रास्ते खुले रखे जा रहे थे। यह द्वंद्व इस बात को दर्शाता है कि आधुनिक राजनीति में शक्ति और कूटनीति दोनों साथ-साथ चलते हैं।

ईरान के भीतर भी निर्णय लेने की प्रक्रिया जटिल थी। वहाँ की सत्ता संरचना में अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व के हाथ में होता है। इस कारण अंतिम सहमति मिलने में समय लगा। लेकिन जब अंततः समझौते की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत मिला, तो बातचीत ने तेजी पकड़ ली। बताया जाता है कि यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि इसमें सैन्य नेतृत्व और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं को भी सहमत करना पड़ा। इसके बावजूद यह कदम उठाया गया, जो इस बात का संकेत है कि युद्ध की कीमत दोनों पक्ष समझ रहे थे।

अंततः जो समझौता सामने आया, वह स्थायी शांति नहीं बल्कि अस्थायी विराम था। दोनों पक्षों ने कुछ समय के लिए संघर्ष रोकने पर सहमति जताई। इस समझौते के तहत समुद्री मार्ग को फिर से खोलने और आगे की बातचीत जारी रखने का रास्ता बनाया गया। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इस मार्ग से विश्व का बड़ा हिस्सा तेल आपूर्ति पर निर्भर करता है। यदि यह बंद रहता, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता।

हालाँकि यह समझौता होने के बाद भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं हुई। कई जगहों पर संघर्ष जारी रहने की खबरें सामने आईं और इस बात को लेकर भी मतभेद रहे कि समझौते की शर्तें क्या हैं और उनका पालन कैसे किया जाएगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल एक अस्थायी राहत है, न कि स्थायी समाधान। दोनों पक्षों के बीच कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर अभी भी गहरे मतभेद हैं, जैसे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध और क्षेत्रीय प्रभाव। इस पूरे घटनाक्रम से एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि कूटनीति से भी लड़े जाते हैं। कई बार पर्दे के पीछे होने वाली बातचीत ही युद्ध को टाल देती है। इस मामले में भी अंतिम क्षणों में हुई बातचीत ने एक बड़े विनाश को रोक दिया। यदि यह बातचीत विफल हो जाती, तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस संकट में कई देशों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह दर्शाता है कि आज की दुनिया में कोई भी बड़ा संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव वैश्विक होता है और उसे सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक होता है। इसी सहयोग ने इस बार भी युद्ध को टालने में मदद की।

फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह शांति स्थायी होगी। इतिहास बताता है कि अस्थायी समझौते अक्सर स्थायी समाधान में बदलने में सफल नहीं होते। जब तक मूल कारणों का समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष की संभावना बनी रहती है। इस मामले में भी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान अभी बाकी है। यदि इन पर सहमति नहीं बनती, तो भविष्य में फिर से तनाव बढ़ सकता है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि यह घटना केवल एक राजनीतिक या सैन्य घटनाक्रम नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक चेतावनी भी है। यह दिखाती है कि दुनिया कितनी तेजी से विनाश के करीब पहुँच सकती है और किस तरह अंतिम क्षणों में लिया गया एक निर्णय सब कुछ बदल सकता है। यह भी स्पष्ट होता है कि शांति केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवाद और समझ से संभव है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी गंभीर क्यों न हों, यदि बातचीत के रास्ते खुले रहें तो विनाश को टाला जा सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि दोनों पक्ष अपने मतभेदों को समझदारी से सुलझाने की इच्छा रखें। यही इस घटना का सबसे बड़ा संदेश है।

**महेन्द्र तिवारी**

# संयम का कवच और क्रोध पर विजय का मार्ग

मनुष्य के जीवन में संयम का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल एक नैतिक गुण नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला आधार स्तंभ है। यदि व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं को संयमित रख सकता है, तो वह वास्तव में शिक्षित और परिपक्व कहलाने योग्य है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति अपने मन की उत्तेजनाओं और आवेगों पर नियंत्रण नहीं रख पाता, उसकी शिक्षा और योग्यता भी व्यर्थ सिद्ध हो जाती है। जीवन में सफलता पाने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति स्वयं का स्वामी बने और अपनी भावनाओं को संतुलित रखे।

इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि आत्मसंयम के अभाव ने अनेक प्रतिभाशाली व्यक्तियों के जीवन को नष्ट कर दिया। उनकी उच्च आकांक्षाएं, अद्भुत योग्यताएं और उपलब्धियां इसलिए निष्फल हो गई क्योंकि वे अपने मन को नियंत्रित नहीं कर सके। जब व्यक्ति उत्तेजनाओं के प्रवाह में बह जाता है, तब वह अपने विवेक को खो देता है और वही क्षण उसके पतन का कारण बनता है। अनेक ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जहां लोग क्षणिक क्रोध के कारण ऐसे निर्णय ले लेते हैं, जिनका दुष्परिणाम उन्हें जीवनभर भुगतना पड़ता है।

समाज में प्रतिदिन ऐसी घटनाएं सुनने को मिलती हैं, जहां क्रोध के आवेश में आकर व्यक्ति हिंसक हो जाता है और अपने ही जीवन को संकट में डाल देता है। क्रोध कुछ क्षणों का होता है, लेकिन उसका प्रभाव स्थायी हो सकता है। यह व्यक्ति के चरित्र पर ऐसा दाग छोड़ जाता है, जिसे मिटाना कठिन होता है। क्रोध के प्रभाव में व्यक्ति का विवेक नष्ट हो जाता है, उसके विचारों की दिशा बदल जाती है और वह सही-गलत का भेद भूल जाता है। परिणामस्वरूप उसका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और वह पश्चाताप की अग्नि में जलता रहता है।

क्रोध केवल मानसिक समस्या नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव शारीरिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी पड़ता है। यह एक प्रकार का आत्मदाह है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की ऊर्जा और शांति को नष्ट करता है। वैज्ञानिक शोध भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि क्रोध व्यक्ति की कार्यक्षमता को कम कर देता है और शरीर में हानिकारक तत्वों का निर्माण करता है। इस प्रकार क्रोध न केवल मानसिक संतुलन को बिगाड़ता है, बल्कि शरीर को भी नुकसान पहुंचाता है।

व्यक्ति का स्वभाव उसके जीवन को निर्धारित करता है। यदि कोई व्यक्ति क्रोधी स्वभाव का होता है, तो उसका प्रभाव केवल उसी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी पड़ता है। एक क्रोधी व्यक्ति के कारण परिवार की शांति भंग हो जाती है और संबंधों में तनाव उत्पन्न हो जाता है। लोग ऐसे व्यक्ति से दूरी बनाना पसंद करते हैं, क्योंकि उसका व्यवहार अप्रत्याशित और अस्थिर होता है। इस प्रकार क्रोध व्यक्ति को अकेला कर देता है और उसे सामाजिक रूप से भी कमजोर बना देता है।

संयम का अर्थ केवल क्रोध को दबाना नहीं है, बल्कि अपने मन को इस प्रकार प्रशिक्षित करना है कि वह परिस्थितियों के अनुसार संतुलित प्रतिक्रिया दे सके। जब व्यक्ति अपने विचारों और भावनाओं पर नियंत्रण रखना सीख लेता है, तब वह हर परिस्थिति में स्थिर और शांत रह सकता है। यह स्थिति उसे जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने में सहायता करती है।

उत्तेजनाओं से बचने के लिए सबसे आवश्यक है आत्मचेतना। व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि क्रोध का कोई लाभ नहीं है, बल्कि यह केवल हानि ही पहुंचाता है। जब भी क्रोध उत्पन्न हो, उस समय तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ समय के लिए मौन धारण करना चाहिए। थोड़ी देर के लिए उस स्थान से हट जाना या किसी अन्य कार्य में लग जाना भी सहायक हो सकता है। इस प्रकार व्यक्ति अपने मन को शांत कर सकता है और अनावश्यक विवाद से बच सकता है।

इसके अतिरिक्त, सहिष्णुता और क्षमा का भाव भी अत्यंत आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति हमारे प्रति कठोर व्यवहार करता है, तो हमें भी उसी प्रकार प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है। मुस्कराकर और धैर्यपूर्वक स्थिति को संभालना ही सच्ची समझदारी है। जब हम क्रोध के स्थान पर शांति का मार्ग अपनाते हैं, तो सामने वाला व्यक्ति भी धीरे-धीरे शांत हो जाता है। इस प्रकार हम न केवल स्वयं को बल्कि दूसरों को भी सकारात्मक दिशा में प्रेरित कर सकते हैं।

जीवन का उद्देश्य अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना है। संयम इस यात्रा का मार्गदर्शक है, जो हमें सही दिशा में ले जाता है। यदि हम अपने जीवन में संयम को अपनाते हैं और क्रोध जैसी नकारात्मक भावनाओं से दूर रहते हैं, तो हमारा जीवन अधिक सुखी और सफल बन सकता है। संयम हमें आंतरिक शक्ति प्रदान करता है और हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि संयम ही वह कवच है, जो हमें जीवन की कठिन परिस्थितियों से बचाता है। यह हमें न केवल बाहरी संघर्षों से सुरक्षित रखता है, बल्कि हमारे भीतर की अशांति को भी समाप्त करता है। यदि हम संयम को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना लें, तो हम निश्चित रूप से एक संतुलित, शांत और सफल जीवन जी सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए?

**[ सत्ता का आखिरी मोह: जब शरीर हार जाए, पर पद न छूटे ]**

**[ राज्यसभा में कांपती आवाज में शपथ, लोकतंत्र के सामने खड़ा सवाल ]**




6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शिता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था; वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था–क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों?

यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चित काल तक कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है; यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे-धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी।

सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने-फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं।

शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठा–क्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे? क्या वे किसानों, युवाओं, उद्योगों और विकास के मुद्दों पर पहले जैसी सक्रियता दिखा पाएंगे? जब शरीर जवाब देने लगे, तब कुर्सी पर बने रहना ताकत नहीं, विवशता लगने लगता है।

अब समय आ गया है कि राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की एक स्पष्ट सीमा तय हो। यदि 75 या 80 वर्ष के बाद नेता सक्रिय पद छोड़कर मार्गदर्शक बनें, तो इससे राजनीति कमजोर नहीं, बल्कि अधिक मजबूत होगी। उनका अनुभव और प्रभाव खत्म नहीं होगा; वे सलाहकार, संरक्षक और प्रेरणा-स्रोत बने रहेंगे। लेकिन नेतृत्व उन लोगों के हाथों में जाएगा, जिनके पास ऊर्जा, नई सोच और बदलते समय के साथ चलने की क्षमता है। लोकतंत्र की असली ताकत इसी संतुलन में है–जहां अनुभव रास्ता दिखाए और नई पीढ़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाले।

आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती। नतीजा यह होता है कि निराशा बढ़ती है, संगठन जड़ हो जाता है और जनता का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। जब नई पीढ़ी को मौका नहीं मिलेगा, तो युवाओं की समस्याएं कौन समझेगा? बेरोजगारी, शिक्षा, तकनीक, कृषि, स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था को वही पीढ़ी बेहतर समझ सकती है, जो इन्हें खुद जी रही है। इसलिए अब समय है कि नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोला जाए।

कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यदि कोई नेता स्वस्थ है, तो उसे राजनीति में बने रहने का अधिकार है। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन केवल स्वस्थ होना काफी नहीं। राजनीति में बने रहने का फैसला केवल व्यक्ति की इच्छा नहीं, लोकतंत्र की जरूरत से तय होना चाहिए। यदि हर वरिष्ठ नेता खुद को सक्षम बताकर पद छोड़ने से इंकार करे, तो नई पीढ़ी को अवसर कब मिलेगा? लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है कि कोई भी पद स्थायी नहीं होता। व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता। उसका सम्मान तब और बढ़ता है, जब वह सही समय पर पीछे हटने का साहस दिखाए। कुर्सी छोड़ना हार नहीं, कई बार सबसे बड़ी जीत होती है।

राज्यसभा में 6 अप्रैल 2026 को सामने आया वह क्षण केवल शरद पवार की निजी अवस्था का दृश्य नहीं था; वह भारतीय राजनीति के लिए एक गहरी चेतावनी बनकर उभरा। उसने साफ संकेत दिया कि जब शरीर जवाब देने लगे, तब अंततः कुर्सी भी किसी नेता को सहारा नहीं दे सकती। सच्चा और महान नेता वही होता है, जो केवल सत्ता पर बने रहना नहीं जानता, बल्कि सही समय पर सम्मान के साथ उसे छोड़ने का साहस भी रखता है। आज शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के सामने यह अवसर है कि वे स्वयं आगे बढ़कर राजनीति में सेवानिवृत्ति की नई परंपरा शुरू करें। यदि वे सम्मानपूर्वक पीछे हटकर नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोलते हैं, तो वही उनका सबसे बड़ा, सबसे प्रेरक और सबसे ऐतिहासिक योगदान माना जाएगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# भवानीपुर से ममता बनर्जी का नामांकन और पांच राज्यों में चुनावी सरगर्मी का चरम

भारतीय लोकतंत्र का सबसे जीवंत और गतिशील पहलू चुनाव प्रक्रिया है, जहां न केवल राजनीतिक दलों की ताकत का परीक्षण होता है बल्कि जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का भी प्रतिबिंब देखने को मिलता है। इस समय देश के पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों ने राजनीतिक माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है। विशेष रूप से ममता बनर्जी द्वारा भवानीपुर सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर केंद्र में आ गई है। उनके सामने भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी को उम्मीदवार बनाए जाने से मुकाबला बेहद दिलचस्प और प्रतिष्ठापूर्ण बन गया है।

भवानीपुर सीट का राजनीतिक महत्व केवल एक विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य की सत्ता और नेतृत्व की दिशा तय करने वाला केंद्र बन चुका है। ममता बनर्जी पहले भी यहां से कई बार विधायक रह चुकी हैं और 2011 में इसी क्षेत्र से जीत हासिल कर उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2021 में नंदीग्राम से हार के बाद उन्होंने भवानीपुर उपचुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक स्थिति को फिर मजबूत किया था। इस बार भी यह सीट उनके लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है।

दूसरी ओर सुवेंदु अधिकारी का राजनीतिक सफर भी कम रोचक नहीं है। कभी तृणमूल कांग्रेस के अहम नेता रहे अधिकारी अब भाजपा के प्रमुख चेहरों में शामिल हैं और नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी भूमिका बेहद प्रभावशाली रही है। 2021 में नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराकर उन्होंने खुद को एक बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में स्थापित किया था। अब भवानीपुर में दोनों नेताओं के आमने-सामने आने से चुनावी मुकाबला और अधिक रोमांचक हो गया है।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी ने भी इस चुनाव को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बना दिया है। भाजपा इस चुनाव को केवल राज्य स्तर का नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के दृष्टिकोण से भी देख रही है। वहीं ममता बनर्जी लगातार भाजपा पर बंगाल के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए जनता को सतर्क रहने की अपील कर रही हैं। उनके बयानों में तीखापन और राजनीतिक आक्रामकता साफ दिखाई दे रही है, जो इस चुनाव को और भी धार दे रही है।

भवानीपुर की सामाजिक संरचना भी इस चुनाव को विशेष बनाती है। यहां बंगाली हिंदू, मुस्लिम और गैर बंगाली हिंदू मतदाताओं का मिश्रण है, जिससे चुनावी समीकरण जटिल हो जाते हैं। हाल ही में मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने का मुद्दा भी राजनीतिक विवाद का कारण बना हुआ है। विभिन्न दल इस मुद्दे को अपने-अपने तरीके से उठाकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल के अलावा अन्य राज्यों में भी चुनावी गतिविधियां अपने चरम पर पहुंच चुकी हैं। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होना है, जिसके चलते चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है। इन राज्यों में अब प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं और मतदान कर्मियों को ईवीएम तथा अन्य आवश्यक सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर भेजा जा चुका है। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। तमिलनाडु में भी चुनावी हलचल कम नहीं है। वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उनके सहयोगी नेताओं द्वारा लगातार चुनावी सभाएं की जा रही हैं। उनके पुत्र और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने भाजपा और एआईएडीएमके पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यदि ये दल सत्ता में आते हैं तो राज्य पिछड़ जाएगा। इस प्रकार के बयान चुनावी माहौल को और अधिक तीखा बना रहे हैं।

इन पांच राज्यों के चुनावों का शेड्यूल भी काफी महत्वपूर्ण है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होना है, जबकि तमिलनाडु में एक ही चरण में चुनाव संपन्न होगा। इन सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे, जिसके साथ ही करीब 51 दिनों तक चलने वाली चुनावी प्रक्रिया का समापन होगा। इस दौरान राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि मतदाताओं को अपने पक्ष में किया जा सके।

चुनाव आयोग ने भी इस बार विशेष सख्ती दिखाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव प्रक्रिया को भयमुक्त, हिंसामुक्त और पारदर्शी बनाया जाएगा। बंगाल जैसे राज्यों में जहां पहले चुनावी हिंसा की घटनाएं सामने आती रही हैं, वहां आयोग की यह सख्ती बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे मतदाताओं में विश्वास बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

इस पूरे चुनावी परिदृश्य में एक बात स्पष्ट रूप से सामने आती है कि भारतीय राजनीति में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला पहले से अधिक तीखा हो गया है। ममता बनर्जी और सुवेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला केवल एक सीट की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह विचारधाराओं, नेतृत्व शैली और राजनीतिक रणनीतियों की भी टक्कर है।

अंत मे कहा जा सकता है कि पांच राज्यों में हो रहे ये चुनाव भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और विविधता का प्रतीक हैं। जनता का फैसला ही यह तय करेगा कि किसे सत्ता मिलेगी और किसकी रणनीति सफल होगी। भवानीपुर से शुरू हुई यह राजनीतिक कहानी आने वाले दिनों में और भी रोचक मोड़ ले सकती है, जिसका असर न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# एक बेमतलब, बेमक़सद युद्ध में विराम

ईरान युद्ध में दो सप्ताह का विराम हो गया है। हमले रुक रहे हैं और होर्मुज का जलमार्ग खुल जाएगा। यह शुभ समाचार है। मार्च के पहले सप्ताह में मैंने इस युद्ध को 'बेमतलब, बेमक़सद' कहा था। बात वही है। इतनी तबाही से मिला क्या? ट्रम्प ने 'रिजीम चेंज' और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रद्द करने का लक्ष्य बताया था। 40 दिन की बमबारी के बाद वहां वही शासन है और ईरान का एनरिच्ड यूरेनियम उन्हीं के पास है। अब होर्मुज पर है। युद्ध से पहले यह जलमार्ग खुला था। इस युद्ध ने इसका नियंत्रण ईरान को दे दिया। ईरान के पास वह हथियार आ गया जो परमाणु अस्त्रों से भी अधिक घातक है। जैसे अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ फरीद ज़कारिया ने कहा है, 'अमेरिका ने ईरान को वह हथियार दे दिया है जिससे वह जब चाहें तेल की सप्लाई रोक सकता है'। ईरान तो हर जहाज़ के गुजरने का 2 मिलियन डालर फ़ीस लेना चाहता है। अगर यह बात मान ली गई तो ईरान फ़ारस की खाड़ी में साऊदी अरब के बाद दूसरा सबसे रईस देश बन जाएगा। जो ईरान को तबाह करने निकले थे वही उसके उपकारी बन गए। इस समय तो ईरान विजेता नज़र आता है। उन्होंने युद्ध शुरू नहीं किया। वह तबाही सह गए जो शायद ही कोई देश सह सकता। सारी टॉप लीडरशिप मार डाली गई। उनका सारा इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया, पर उन्होंने झुकने से इंकार कर दिया। जिस कट्टर शासन को ट्रम्प और नेतन्याहू ख़त्म करने निकले थे वह और मज़बूत हो गया है, अगर कल को होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ना भी पड़े तो वह कह सकते हैं कि यह तो पहले से खुला था। अभी भी वह कह रहे हैं कि यह युद्ध विराम है, युद्ध का अंत नहीं। युद्ध जो अदावत और कड़वाहट पैदा कर गया है वह बहुत देर तक रहेगी। विशेष तौर पर ईरान और इज़राइल के रिश्ते ख़राब रहेंगे। नेतन्याहू कह रहे हैं कि युद्ध विराम ट्रम्प का निर्णय है जिसका वह समर्थन कर रहे हैं। वह खुश नज़र नहीं आ रहे, क्योंकि उनके राजनीतिक लक्ष्य अधूरे युद्ध से पूरे नहीं हो रहे। उन्होंने घोषणा की है यह युद्ध विराम लेबनान पर लागू नहीं होगा। अर्थात अभी नेतन्याहू की विनाश की प्यास नहीं बुझी।

सबसे अधिक नुक्सान अमेरिका और उसके राष्ट्रपति का हुआ है। वहां लोगों ने युद्ध विराम का स्वागत किया है, पर पूछा जा रहा है कि जनाब, वहां करने क्या गए थे? ईरान से अमेरिका को कोई सीधा ख़तरा नहीं है फिर अरबों डालर क्यों बहा दिए? एक दिन पहले ट्रम्प ने घोषणा की थी कि 'रात भर में ईरानी सभ्यता मिटा देंगे'। ऐसी भाषा तो कोई असंतुलित व्यक्ति ही इस्तेमाल कर सकता है। वह ईरान और उसके नेतृत्व को भद्दी गालियां निकाल चुके हैं क्योंकि निकलने का सम्मानजनक रास्ता नहीं मिल रहा था। अब किसी तरह उन्होंने खुद को इस दलदल से निकाल लिया है लेकिन विश्वसनीयता ज़ीरो हो गई है। अमेरिका की नैतिक हार हुई है और उनकी पावर की सीमा दुनिया ने देख ली है। राष्ट्रपति के शब्दों और कदमों का लम्बे समय में क्या नुक्सान होगा, इसका आंकलन अभी बाक़ी है। बाक़ी दुनिया का अमेरिका के प्रति नज़रिया बदल रहा है। जिस देश को स्थिरता की शक्ति समझा गया था उसी ने विश्व व्यवस्था को अस्थिर कर दिया।

विभिन्न राजधानियों में अब नई विश्व व्यवस्था पर चर्चा शुरू होगी। ट्रम्प ने हर अंतर्राष्ट्रीय संस्था को तबाह कर दिया है। फ़िलहाल तो युद्ध विराम हो रहा है जो हमारे लिए अच्छी खबर है। तेल की क़ीमतें नीचे आना शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को पाकिस्तान में दोनों पक्षों में सीधी वार्ता हो सकती है। फरीद ज़कारिया ने युद्ध विराम को 'नाजुक' कहा है। आशा करनी चाहिए कि यह अस्थाई नहीं रहता क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक तौर पर फ़ारस की खाड़ी से जुड़ी हुई है,जो बात पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने भी हमें याद करवाई है। हमारे 16 जहाज़ अभी उधर रुकें हुए हैं। गैस की हालत चिन्ताजनक है। कतर और यूएई से हमारी 53% गैस आती है। हम 85% तेल आयात करते हैं, यह हमारी बड़ी कमजोरी है क्योंकि जब भी कोई वैश्विक संकट खड़ा होता है तो हमारा आयात बाधित हो जाता है। 55-60% तेल खाड़ी देशों से आता है जिसका 40% होर्मुज से निकलता है। तेल की बढ़ती क़ीमतों से हमारी अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। चीन के पास 1.4 अरब बैरल तेल का भंडार है जबकि हमारा भंडार केवल 10 करोड़ बैरल का है।

इसे बढ़ाने की ज़रूरत है। गैस की कमी के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी गांव लौटना शुरू हो गए थे क्योंकि ढाबे और छोटे उद्योग या तो बंद हो गए हैं या पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे। जो रसोई गैस पर चलती है वह भी कमी महसूस कर रही है। हमें तो खुद गैस बुक किए एक महीने से ऊपर हो गया है।

नम्बर आ गया है, सिलेंडर कब आएगा, पता नहीं। मामला केवल गैस या तेल का ही नहीं खाड़ी के देश हमारी अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग हैं। इस युद्ध का असर हमारे निर्यात पर पड़ रहा है। दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा खाद का खपतकार है। 72% यूरिया वहां से आता है। सप्लाई की कमी का ख़रीफ़ की फसल पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

अभी तक सरकार ने तेल की क़ीमतें बढ़ने नहीं दी। देखते हैं पांच विधानसभा के चुनाव होने के बाद क्या होता है? आशा करनी चाहिए कि क़ीमतें बढ़ाने की नौबत नहीं आएगी। यह अच्छी बात है कि सरकार अब संतुलन क़ायम करने की कोशिश कर रही है। देर से ही सही ईरान के साथ रिश्ता जोड़ने की कोशिश हो रही है। पूर्व विदेश सचिव निरुपमा मेनन राव ने लिखा है, 'ईरान भारत के लिए महत्वहीन नहीं है...हां, हमें खाड़ी में अपने लोगों का ध्यान रखना है। हां, हमने उधर से उर्जा का बंदोबस्त करना है। पर हमें ईरान के साथ काम करने वाले संबंध रखने हैं। यह हमारी रणनीतिक ज़रूरत है। अगर भारत एक पक्ष का समर्थक बन जाए तो हमारे विकल्प सीमित हो जाते हैं। हम वह देश हैं जिसके चारों तरफ़ हित हैं'। इस युद्ध ने यह बात और भी स्पष्ट कर दी। ईरान भी अब मध्य-पूर्व में बड़ा खिलाड़ी बन गया है। ट्रम्प ने ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान को चुना है। उन्होंने युद्ध विराम में चीन की भूमिका को स्वीकार किया है।

इस बीच पाकिस्तान की 'मध्यस्थता' को लेकर बहुत चर्चा है। भारत में विशेष तौर पर विपक्ष इसे सरकार की असफलता कह रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि 'हम दलाली नहीं करते'। हैरानी है कि जयशंकर जैसा वरिष्ठ राजनैयिक ऐसी अकूटनैतिक भाषा का इस्तेमाल कर रहा है।

मध्यस्थता करनी दलाली नहीं होती। हमने भी कई बार प्रयास किया है। जवाहर लाल नेहरू ने 1950 में कोरिया युद्ध में मध्यस्थता की थी। 1956 के स्वेज़ नहर के विवाद को हल करने में भी हमारी भूमिका रही है। कारगिल युद्ध में बिल क्लिंटन ने नवाज़ शरीफ़ को बुला कर बंदा बनने को कहा था जिसके बाद युद्ध ख़त्म हो गया। याद रखिए मुम्बई की सबसे महत्वपूर्ण सड़क 'दलाल स्ट्रीट' है जिस पर बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज स्थित है। पाकिस्तान को दलाल कहकर हमने खुद को अनावश्यक आलोचना के लिए छोड़ दिया कि हम कोप भवन में हैं क्योंकि पाकिस्तान को पूछा गया, पर हमें नहीं पूछा गया। डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी को फ़ोन ज़रूर किया,पर इसे डैमेज कंट्रोल ही कहा जा सकता है। हमारे प्रधानमंत्री ने अमेरिका के साथ सम्बंध सुदृढ़ करने में बहुत प्रयास किया है, पर जब निर्णायक क्षण आया तो ट्रम्प ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख को महत्व दे दिया। भारत और अमेरिका के रिश्तों की कमजोरी उजागर हो गई है जो बुरी बात भी नहीं।

ट्रम्प जैसे से तो दूरी बनाकर रखना बेहतर है। हमारे लिए यह असुखद ज़रूर है क्योंकि इस युद्ध का सबसे अधिक हम पर प्रभाव पड़ा है। इस क्षेत्र में भारत सबसे बड़ी ताक़त है, पर हमारे पड़ोस में चल रहे टकराव में हमारी कोई भूमिका नहीं है। पर पाकिस्तान भी वाहक है, वार्ता का शिल्पकार नहीं है। हां,पाकिस्तान को अपनी छवि बेहतर करने का मौक़ा मिल गया है। बड़े सालों के बाद वह फिर प्रासंगिक बन गए हैं। यह वह देश है जिसने ओसामा बिन लादेन को वर्षों छिपाए रखा था। जिसका हर बड़ी आतंकी घटना में हाथ है। मुनीर शान्ति का प्रयास कर रहा है तो उसका देश अफ़ग़ानिस्तान पर बम बरसा रहा है। पाकिस्तान के बारे हम यह प्रभाव दे रहे हैं कि हमें शान्ति की कम, पाकिस्तान को मिली अस्थाई बढ़त की अधिक चिन्ता है। मैं अस्थाई इसलिए कह रहा हूं क्योंकि ट्रम्प किसी के सगे नहीं हैं। पाकिस्तान तो वैसे भी इस्तेमाल करने की वस्तु है। समय-समय पर उन्होंने अमेरिका, साऊदी अरब और चीन को अपना इस्तेमाल करने दिया है। हमारा हित इसमें है कि युद्ध विराम स्थाई रहे।

इसका अभी कोई यक़ीन नहीं। पाकिस्तान तो साइड शो है। वह देश हमारे बराबर है ही नहीं, न जाने हम उनके साथ बहस में क्यों पड़ते हैं? हमें बड़े आश्वस्त देश की तरह बर्ताव करना चाहिए, 'धुरंधर' को फ़िल्म तक ही सीमित रहने देना चाहिए।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### उनवल में दो दिन से बिजली गुल, ट्रांसफार्मर न बदलने से लोगों में आक्रोश

**खजनी-** उनवल नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। वार्ड संख्या 10, 6, 13 और 14 के निवासी लगातार बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है, वहीं रात में मच्छरों के प्रकोप के कारण हालात और खराब हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। घरों के सभी विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों में विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। बिजली विभाग के कर्मचारियों के अनुसार क्षेत्र का ट्रांसफार्मर जल चुका है, जिसे उतार लिया गया है। हालांकि, नया ट्रांसफार्मर लगाने में देरी हो रही है। स्थानीय स्तर पर चंदा इकट्ठा करने की बात भी सामने आई है, जिससे लोगों में और रोष बढ़ गया है। वहीं, जेई सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए सामान मंगाया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। बावजूद इसके, दो दिन बीत जाने के बाद भी बिजली बहाल न होने से लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

### राप्ती नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामदःबलरामपुर में दो साथियों के साथ के साथ नहाने गया था



बलरामपुर के कोतवाली उतरौला क्षेत्र में राप्ती नदी में लापता हुए 18 वर्षीय युवक का शव घटना के तीसरे दिन गुरुवार को बरामद कर लिया गया। युवक मंगलवार को नदी में नहाते समय डूब गया था।मोहल्ला सुभाष नगर निवासी हसन जैदी अपने दो साथियों के साथ मंगलवार को रुस्तम नगर के पास राप्ती नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। तत्काल खोजबीन शुरू की गई और तीन दिनों तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया।प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ, स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की संयुक्त टीम ने लगातार अभियान चलाकर शव को बरामद किया। शव उस स्थान से करीब 100 मीटर दूर मिला, जहां युवक डूबा था। उन्होंने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। शव मिलने के बाद सर्च अभियान समाप्त हो गया।

### थाना क्षेत्र के बिशुनपुर तिवारी गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला



**इटियाथोक गोंडा।** थाना क्षेत्र के बिशुनपुर तिवारी गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।गांव निवासी इब्राहीम ने बताया कि वह अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। उनका पांच वर्षीय बेटा बकरियों के लिए पत्तियां तोड़ने खेत के पास स्थित पीपल के पेड़ के पास



गया था। बच्चे ने पेड़ से लटके शव को देखकर अपने पिता को सूचना दी, जिससे वह सहम गया।इसके बाद इब्राहीम ने गांव वालों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मृतक ने अपनी धोती फाड़कर उसी का फंदा बनाया था। घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन कोई भी मृतक की पहचान नहीं कर सका।प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस टीम मृतक की पहचान सुनिश्चित करने और मामले की जांच में जुटी है।

## कांग्रेसियों ने रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत पर सौंपा ज्ञापन

**●गैस वितरण प्रणाली ठीक नहीं हुई तो कांग्रेसी सड़क से लेकर नई दिल्ली तक धरना प्रदर्शन करेंगे विक्रमादित्य जिला उपाध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर-** खजनी तहसील के कांग्रेसियों ने खजनी तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह से रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत तथा वितरण व्यवस्था पर धांधली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि रसोई गैस एजेंसी पर सरकार का कोई नियंत्रण और नियम कानून नहीं है गैस एजेंसी पर रसोई गैस जो घर पर पहुंचा कर पैसे लेने चाहिए वह गैस एजेंसी मालिक एजेंसी पर ही वसूल कर उपभोक्ताओं की मजबूरी का फायदा उठाकर अपनी तीजोरी भर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं और आम जनता परेशान है गैस एजेंसी मालिक एजेंसी पर रसूखदार लोगों को गैस सिलेंडर दे रहे हैं और गरीब और निरीह जनता गैस एजेंसी से दिनभर लाइन में खड़े होने के बाद खाली हाथ मायूस लौट रही है और घरों पर चुल्हे पर लकड़ी और पत्ते लगाकर कच्चा पक्का भोजन कर अपना पेट भरने को मजबूर हैं।

तहसील प्रशासन ने रसोई गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था यदि ठीक नहीं कराया और गैस एजेंसी पर डिलीवरी का पैसा काट कर उपभोक्ताओं को नहीं दिलवाई गई तो कांग्रेस के लोग सड़क से लेकर सदन तक धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से विक्रमादित्य जिला उपाध्यक्ष सूरज नारायण बद्री विशाल ज्ञान नारायण निसार अहमद रामप्रीत मकबूल अहमद फूलचंद विशालपुर कोडाई तिवारी मनोज त्रिपाठी विवेकानंद यादव मोहम्मद राशिद रामवती निखिल मुलाई संतोष उपाध्याय मुकेश जायसवाल सच्चिदानंद राय दिलीप कुमार मिश्रा सुशील त्रिपाठी डॉक्टर अभिमन्यू भारती प्रदीप राम त्रिपाठी भागवत पारसनाथ चंद सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का ज्ञापन उपजिलाधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह ने लिया और समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक ही भूमि को बाप बेटे ने मिलकर ले लिया कर्ज केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां गोरखपुर-** सहजनवां थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी कमला पत्नी योगेन्द्र प्रताप का गांव के सर्वेश सिंह,राम अचल सिंह,सुनीता सिंह निवासी केशोपुर के साथ पारिवारिक संबंध था।तीनों लोगों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एस एम एफ जी इंडिया फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलकर छल कपट करते रकम और संपत्ति हड़प लिया है। आराजी संख्या 194 जो केशोपुर में स्थित है।उसे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोरखपुर को बंधक रखकर कर्ज लिया। जिसका कर्ज जमा नहीं किया। इसके बाद बेटे सर्वेश सिंह ने बंधकशुदा भूमि को अपने पिता के नाम से बैनामा करा लिया। इसके बाद जलसाजो ने उसी भूमि को एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर उस भूमि पर कर्ज ले लिया। जब बैंक को कर्ज जमा नहीं किया तो बैंक ने दबाव बनाया तो जालसाजों ने कहा कि जो कर्ज बैंक का है उसे जमा कर दे और भूमि को बैनामा कर देगे। 3 जनवरी 2024 को कर्ज जमा कर नोड्यूज ले लिया। मार्च 2025 में भूमि का बैनामा जालसाजों ने कर दिया। बाद में पता चला कि बैंक के लोग सम्पत्ति सीज कर रहे है। जानकारी की गई तो पता चला कि जालसाजों ने एक ही भूमि को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दो बैंकों से कर्ज ले चुके है। रकम मांगने पर गाली गलौज मारपीट की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। आदेश पर पुलिस ने सर्वेश कुमार सिंह,राम अचल सिंह,सुनीता सिंह तथा एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेट के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

### छात्रों ने सीखी आपदा प्रबंधन की तकनीक, अनुशासन और सेवा का पाठ



**सिद्धार्थनगर।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तात्वाधान में चल रहे रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन तीसरे दिन गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा ने रोवर्स रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया। कहा कि स्काउट गाइड से छात्रों में अनुशासन समाज सेवा, नेतृत्व, सहयोग की भावना, मितव्ययिता, मित्रवत व्यवहार, एकता का प्रतीक,समाज सेवा, आदि की भावना जागृत होती है। एसडीएम ने प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अरविंद कुमार सिंह के साथ कैंप क्राफ्ट टेंट निर्माण खुले आसमान के निचे बिना बर्तन का भोजन गजट गेट प्रर्दशनी,आदि निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान मेजर मुकेश कुमार, डा अरविंद कुमार सिंह, डा धर्मेंद्र सिंह, रामकिशोर सिंह, सत्यनारायन दास, डा रमेश कुमार, इंद्रेश कुमार, रीना प्रजापति,मुस्कान पांडेय , अन्नू किरन बेदी, मुस्कान पांडेय, कुसुम चौरसिया, अंकिता मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## विहिम स्थापना दिवस पर गोरखपुर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा, तैयारियां तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** विश्व हिंदू महासंघ (विहिम) के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल 2026 को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। यह निर्णय विश्व हिंदू महासंघ गोरखपुर के कार्यकारी अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। बैठक में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार मल्ल, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री डॉ. गिरीश चंद्र द्विवेदी, मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लीला श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री श्रीमती मीरा दुबे एवं क्षेत्रीय महामंत्री कुमारी सपना श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

बैठक में वक्ताओं ने स्थापना दिवस को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि कार्यक्रम की शुरुआत गोलघर स्थित काली माता मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन से होगी। इसके पश्चात एक विशाल शोभायात्रा काली माता मंदिर, गोलघर से निकलकर चेतना तिराहा, इंदिरा बाल विहार तक जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद मिश्र द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी से अपील की कि शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और आयोजन को सफल बनाएं। बैठक में श्याम सुंदर श्रीवास्तव, श्याम सुंदर शर्मा, श्यामू गुप्ता, लाली देवी, शिवानंद श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, पिंटू शुक्ला, सिकंदर सिंह, रामदुलारे कनौजिया, अमरमणि, संगीता शाही, शालू गुप्ता, डॉ. चिन्मयानंद मल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। विहिम का स्थापना दिवस इस बार गोरखपुर में धार्मिक उत्साह और संगठनात्मक शक्ति का बड़ा प्रदर्शन बनने जा रहा है।

## उनवल विद्यालय में विदाई समारोह व अंक पत्र वितरण कार्यक्रम गरिमामय माहौल में संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी : गोरखपुर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उनवल प्रथम में 9 मार्च 2026 को कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह एवं सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं का अंक पत्र वितरण कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ बांसगांव के अध्यक्ष युगेश शुक्ल तथा विशिष्ट अतिथि संग्राम सिंह रहे। अतिथि शिक्षक आशुतोष शुक्ल की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण कर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि युगेश शुक्ल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी तथा शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं संग्राम सिंह ने छात्र जीवन को भविष्य की मजबूत नींव बताते हुए समय के सदुपयोग पर विशेष जोर दिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नवीन त्रिपाठी ने कक्षा 8 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कक्षा 8 के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सभी कक्षाओं के छात्रों को अंक पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अपने अनुभव साझा करने से वातावरण भावुक और यादगार बन गया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित।

## ग्राम प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप, डीएम को सौंपा पत्र

**●विकास कार्यों की अनदेखी के चलते पिछले करीब छह महीनों से मनरेगा के तहत कार्य लगभग ठप पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा**

**ग्राम पंचायत में पिछले एक वर्ष से तैनात ग्राम विकास अधिकारी का कार्यशैली मनमानीपूर्णःग्राम प्रधान**

**पंचायत में कराए गए कार्यों के भुगतान में अपने परिचित ठेकेदार के फार्म पर करती हैं ग्राम विकास अधिकारी मनमानी पूर्ण तरीके से भुगतानः ग्राम प्रधान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा।** विकासखंड रुपईडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुलईडीह का मामला इन दिनों चर्चा में है, जहां ग्राम प्रधान बृजेंद्र नाथ शुक्ला ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती नंदिनी मौर्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधान द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत में पिछले एक वर्ष से तैनात ग्राम विकास अधिकारी का कार्यशैली मनमानीपूर्ण है। आरोप है कि वह ग्राम प्रधान को दरकिनार करते हुए अपने तरीके से कार्य कर रही हैं और पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग नहीं कर रही हैं।प्रधान श्री शुक्ला का कहना है कि ग्राम विकास अधिकारी महिला होने का अनुचित लाभ उठाकर अपनी जिम्मेदारियों से बचती हैं। उनके अनुसार, विकास कार्यों की अनदेखी के चलते पिछले करीब छह महीनों से मनरेगा के तहत कार्य लगभग ठप पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। आरोप यह भी है कि पंचायत में कराए गए कार्यों के भुगतान के दौरान अलग से डे-वाउचर बनाकर अपने परिचित ठेकेदार के फर्म के माध्यम से भुगतान किया जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर संबंधित अधिकारी द्वारा टालमटोल किया जाता है और भविष्य में भुगतान न करने की चेतावनी दी जाती है।

ग्रामीणों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान के मुताबिक, परिवार रजिस्टर की नकल जैसी जरूरी सेवाओं के लिए आने वाले लोगों को डांटकर भगा दिया जाता है, जिससे आमजन में आक्रोश है। ग्राम प्रधान ने यह भी बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारी को व्यवहार सुधारने और ग्रामीणों को अनावश्यक परेशान न करने की सलाह दी, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम पंचायत के हित में उक्त अधिकारी का स्थानांतरण किया जाए। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी नंदिनी मौर्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका है।

## गोंडा में अवैध डीईएफ यूरिया प्लांट का भंडाफोड़, बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद

**●अनुदानित यूरिया से बन रहा था डीईएफ, कृषि विभाग की छापेमारी में खुलासा**

**बंद प्लांट में मिला अवैध स्टॉक, मुख्य आरोपी फरार**

**उर्वरक नियंत्रण आदेश का उल्लंघन, आरोपी पर होगी सख्त कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** जनपद के विकास खण्ड छपिया के ग्राम सकदरपुर में अवैध रूप से डीईएफ (डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड) यूरिया निर्माण का मामला सामने आया है। सूचना पर जिला कृषि अधिकारी एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) सी.पी. सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामग्री बरामद की।

जांच के दौरान प्लांट बंद मिला, लेकिन परिसर के बाहर खुले स्थान पर चार सफेद कंटेनर और एक बड़ी काली पानी की टंकी पाई गई। इन कंटेनरों में पानी जैसे तरल पदार्थ भरा था, जिससे यूरिया जैसी तेज गंध आ रही थी। मौके पर मौजूद दो युवकों–दुर्गेश और विजय–से पूछताछ की गई, जिन्होंने बताया कि वे जनरेटर मरम्मत का कार्य करने आए थे और यह जनरेटर राकेश पाण्डेय द्वारा किराये पर लिया गया था।टीम ने आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी बभनान के चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक घनश्याम वर्मा तथा ग्राम प्रधान को मौके पर बुलाया। उनकी उपस्थिति में बंद कमरे का ताला तोड़कर जांच की गई, जहां 36 खाली यूरिया की बोरियां (एचयूआरएल कंपनी) और लगभग आधा किलो यूरिया बिखरा हुआ मिला। साथ ही छोटे कंटेनरों में यूरिया घोल भी बरामद हुआ। एक कमरे में प्लांट स्थापित पाया गया और एक मोटरसाइकिल (नंबर यूपी-51 वी-1355) भी मौके से मिली।बरामद सभी सामग्री को सील कर मकान मालिक एवं ग्राम प्रधान रमेश मिश्र को सुपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि डीईएफ निर्माण में तकनीकी ग्रेड यूरिया के स्थान पर अनुदानित यूरिया का अवैध उपयोग किया जा रहा था, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन है।मुख्य आरोपी राकेश पाण्डेय से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। कृषि विभाग ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा।

## बलरामपुर में 205 गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी संचालन को बनेगी प्रबंध समिति, शिक्षित होंगे युवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना से पूर्व ग्राम पंचायतों में प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। पहले चरण में जिले में 205 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी प्रबंध समिति बनाई जाएगी, जो इसके संचालन की जिम्मेदारी संभालेगी।जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में समिति का गठन किया जाएगा है। यही कमेटी डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से लेकर उसके संचालन, रखरखाव और उपयोग को बढ़ाने तक की पूरी जिम्मेदारी निभाएगी। समिति में ग्राम प्रधान अध्यक्ष और सचिव उपाध्यक्ष व पंचायत सहायक सदस्य सचिव की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा ग्राम सभा के प्रतिष्ठित पुरुष व महिला सदस्य, शिक्षित एवं अनुभवी व्यक्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं और स्नातक, परास्नातक युवा सदस्य के रूप में शामिल किए जाएंगे। इस समिति में युवाओं और पढ़े-लिखे लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि लाइब्रेरी का बेहतर संचालन हो सके। सभी सदस्यों के नाम और मोबाइल नंबर पंचायत भवन की दीवार पर अंकित रहेंगे। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और आम लोगों को भी इसकी जानकारी हो सकेगी। बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को एक सप्ताह के भीतर समिति गठन कर इसकी सूचना जिला स्तर पर संचालित वाट्सएप ग्रुप में साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।पहले चरण में सात करोड़ 63 लाख रुपये से 205 पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) पुस्तकालय की स्थापना की जा रही है। इसमें अब तक 150 पुस्तकालय के लिए फर्नीचर व किताबों की खरीद कर पंचायत भवनों में उपलब्ध कराई जा चुकी है।

## बलरामपुर में हर गांव बनेगा स्मार्ट, हर परिवार होगा कवरः डीएम का अल्टीमेटम, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने जिले के विकास कार्यो को गति देने के लिए अधिकारियों के साथ एक मैराथन बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में डीएम ने स्पष्ट किया कि अब कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण और गांवों के आधुनिक विकास का रोडमैप तय किया।बैठक में 'डिजिटल क्रांति' पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने परिवार रजिस्टर को तत्काल अपडेट करने और प्रत्येक परिवार को उसकी प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसे पूरी तरह डिजिटल बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे और जल्द ही 'परिवार रजिस्टर ऐप' लॉन्च कर डेटा प्रबंधन को आधुनिक बनाया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने NRLM, फैमिली आईडी और आयुष्मान कार्ड से हर पात्र परिवार को अनिवार्य रूप से जोड़ने का निर्देश दिया। अब पंचायत सचिव भी सीधे आयुष्मान आईडी बनाकर कार्ड जारी कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, पेंशन योजनाएं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बाल सेवा योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए गए।

'स्मार्ट ग्राम पंचायत' की अवधारणा को साकार करने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी और फ्री वाई-फाई को अनिवार्य सुविधा घोषित किया गया। युवाओं को डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने हेतु लाइब्रेरी संचालन को सुचारु बनाने के निर्देश दिए गये,बुनियादी ढांचे के सुधार पर भी जिलाधिकारी का रुख सख्त रहा। उन्होंने गांवों की सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने और सामुदायिक शौचालयों के नियमित संचालन के आदेश दिए। लापरवाही पाए जाने पर सीधे कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

गर्मी के मौसम को देखते हुए गौशालाओं में छाया, पानी और चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुपोषण के खिलाफ 'सहभागिता योजना' को तेज करते हुए दुधारू पशुओं को जरूरतमंद परिवारों से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुर्वेदिक हॉस्पिटल निर्माण में मानकों की अनुदेखी अब्बल की जगह लगाई जा रही दोयम दर्जे की ईट


**लखीमपुर खीरी** बेलापरसुआ में बनाया जा रहा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल जिसमें अव्वल की जगह दोम ईटा का उपयोग किया जा रहा और तो और छत में लेंटर डालने के लिए ढाई सूत की सरिया डाली जा रही जिससे मालूम होता है कि भ्रष्टाचारी चरम पर है सूत्रों से मिली जानकारी की भ्रष्ट ठेकेदार काफी बड़ी पकड़ से है जिसका कोई बाल नहीं बांका कर सकता। छत में डाली गई ढाई सूत की सरिया और लगाई गई नियू के टाइम में अव्वल ईटा क्या ऐसे भ्रष्ट ठेकेदारों पर कोई बड़ी कार्रवाई होगी या फिर बात सत्य रहेगी की बड़ी पकड़ में है ठेकेदार जिस पर किसी बड़े अधिकारियों की निगरानी नहीं जा रही उत्तर प्रदेश के मुखिया श्री योगी आदित्यनाथ के सपनों पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे भ्रष्ट ठेकेदार।

### पढुआ थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चोरी, 6 दिन बाद भी पुलिस के खाली हाथ- पीड़ित ने लगाया लापरवाही

**पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल, हफ्ते भर में एक बाइक सहित कई मोबाइल हुए चोरी**

**लखीमपुर खीरी** थाना पढुआ के रमियां बेहड़ क्षेत्र में बाइक चोरी की एक घटना सामने आई है, जिससे स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। ग्राम रमुआपुर मजरा सेमरी थाना पढुआ निवासी कमलेश कुमार पुत्र छोटे लाल ने बताया कि वह दिनांक 03 अप्रैल 2026 को रमियां बेहड़ बाजार सब्जी खरीदने गए थे। कमलेश कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल (क्क 31 ष्ट्ट 3352) सड़क किनारे खड़ी कर दी और पास ही स्थित अमन फास्ट फूड की दुकान पर कुछ सामान लेने चले गए। जब वह कुछ देर बाद वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरी गई मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। कमलेश कुमार का कहना है कि पुलिस मामले में सक्रियता नहीं दिखा रही है और उन्हें लगातार टालमटोल किया जा रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में रोष है और वे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा किया जाए और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### सुहेली नदी में मिला युवक का शव, गुमशुदगी के बाद हुई पहचान



**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र के सुहेली बैराज के पास सुहेली नदी में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान मझगई थाना कस्बा निवासी गौरव सिंह (35) पुत्र बजरंग बहादुर सिंह के रूप में हुई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात मझगई वन रेंज के वन कर्मी जंगल में गश्त पर थे। इसी दौरान सुहेली बैराज के पास नदी में एक युवक का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। वन कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिंगाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू की। इधर, परिजनों ने बताया कि गौरव सिंह बीते मंगलवार को साइकिल से घर से मंदिर में पूजा करने के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने मझगई थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि युवक की गुमशुदगी मझगई थाने में पहले से ही दर्ज थी। रेंजर से सूचना मिलने पर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मझगई रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि वन विभाग कर्मियों से सूचना मिलने पर सिंगाही पुलिस को सूचित कर दिया था , बॉडी फूल जाने का कारण मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग सकता है। मझगई थाना प्रभारी सुनील सिंह पंकज ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस जाकर शव की पहचान कर ली है थाने पर पहले से गुमशुदगी दर्ज थी।

# विधायक रोमी साहनी के अथक प्रयासों से भूमिधर होंगे गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के लाखों किसान

**●मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों आदिवासी थारू जनजाति सहित हजारों अन्य किसानों को मिलेंगी भूमिधरी खतौनियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** विधायक रोमी साहनी के अथक प्रयासों से पलिया विधानसभा क्षेत्र के संपूर्णा नगर, चंदन चौकी से लेकर ग्वारीफंटा क्षेत्र के 46 ग्रामों में बसे गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के किसानों को भूमिधरी अधिकार दिये जाने हेतु अपर प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन अपर्णा यू0 द्वारा जारी पत्रांक संख्या 571/एक/2/2026 दिनांक 05अप्रैल 2026 को जारी कर दिया गया। 137 पलिया विधानसभा से विधायक रोमी साहनी ने जनता को आगामी 11 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चंदन चौकी में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुये कहा कि विधानसभा की सम्मानित जनता को बताते हुये बहुत हर्ष हो रहा है की पलिया विधानसभा में 70 वर्षों से चली आ रही गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की जमीनों से जुड़ी जनसमस्या जिसमें 12 ग्राम सभा संपूर्ण नगर क्षेत्र से हैं और 34 राजस्व गांव आदिवासी थारू जनजातीय क्षेत्र से आते हैं, जहां के गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के काश्तकारों को उनका मालिकाना हक देने के लिए आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी 11 अप्रैल 2026 को पलिया विधानसभा आ रहे है। आप सभी लोगों से निवेदन है कि योगी जी द्वारा सरकारी अनुदान भूमि के कास्तकारों को भूमिधरी अधिकार दिये जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, सैकड़ों वर्षों से ऐसे महायोगी महापुरुष जन्म लेते हैं,उनका बड़ा उपकार है। आगामी 11 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री योगी जी पलिया विधानसभा के चंदनचौकी क्षेत्र पहुंच रहे हैं, योगी जी का आभार प्रकट करने के लिए हम उनका हार्दिक अभिनन्दन करने को एकजुट हो रहें हैं। उन्होंने सभी जनमानस से आह्वान करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 8ः30 बजे पहुंच कर जिम्मेदार एवं कृतज्ञ नागरिक का दायित्व निर्वहन करें।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में ग्रांट एक्ट(Government Grants Act) के तहत दी गई जमीनों (खासकर लखीमपुर खीरी और पलिया जैसे क्षेत्रों में) को लेकर हाल ही में हुये बदलावों में पलिया विधायक रोमी साहनी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, उनके सराहनी प्रयासों से न सिर्फ पलिया विधानसभा बल्कि जनपद लखीमपुर, बिजनौर, पीलीभीत, रामपुर आदि अन्य जनपदों के लाखों किसानों को भी इस संशोधन का लाभ मिलेगा।

?पूरे घटनाक्रम में विधायक रोमी साहनी की प्रबल पैरवी को गौर करें तो विधानसभा के किसानों के लिये विगत 14 वर्षो से निरंतर पैरवी करते हुये उत्तर प्रदेश विधानसभा में ग्रांट एक्ट की जमीनों को फ्री-होल्ड (मालिकाना हक) दिलाने के लिए आवाज उठाई गयी।

लखीमपुर खीरी के पलिया और संपूर्णानगर जैसे क्षेत्रों में हजारों परिवार दशकों से इन जमीनों पर खेती कर रहे थे, लेकिन तकनीकी रूप से वे इसके मालिक नहीं थे। श्री साहनी ने इसे एक बड़ा चुनावी और जनहित का मुद्दा बनाया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधा संवाद

रोमी साहनी ने मुख्यमंत्री से कई व्यक्तिगत मुलाकातें करते हुये उन्होंने सरकार को यह समझाने में सफलता हासिल की कि ये जमीनें (जो 15 से 99 साल की लीज पर थीं) किसानों और स्थानीय निवासियों की आजीविका का एकमात्र साधन हैं। उनके प्रयासों का ही नतीजा था कि सरकार ने इस दिशा में नीतिगत बदलाव के लिए राजस्व विभाग को निर्देशित किया। 'नजूल' और 'ग्रांट एक्ट' की जटिलता सुलझाना।



जब सरकार ने नजूल संपत्ति विधेयक 2024 पेश किया, तो उसमें ग्रांट एक्ट की जमीनों को लेकर भी संशय था। रोमी साहनी ने स्थानीय किसानों और व्यापारियों का पक्ष मजबूती से रखा ताकि नियम स्पष्ट हों और जो लोग पीढ़ियों से रह रहे हैं, उन्हें उजाड़ा न जाए बल्कि उचित शुल्क लेकर मालिकाना हक दिया जाए।

**1600+ परिवारों की सूची और मुकदमों का निस्तारण**

अक्टूबर 2025 के आसपास की रिपोर्ट्स के अनुसार, रोमी साहनी ने मुख्यमंत्री को 1600 से अधिक ऐसे लोगों की सूची सौंपी थी, जिन पर पिछली सरकारों के दौरान भूमि विवादों से जुड़े कथित फर्जी मुकदमे दर्ज हुए थे। उन्होंने इन मुकदमों को खत्म करने और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

**सारांश** सरल शब्दों में कहें तो, पलिया क्षेत्र के लिए ग्रांट एक्ट की जमीन का मुद्दा रोमी साहनी के राजनीतिक करियर का मुख्य एजेंडा रहा है। सरकार द्वारा इस भूमि पर सर्कल रेट का कुछ प्रतिशत लेकर फ्री-होल्ड करने का जो रास्ता निकला है, उसका श्रेय स्थानीय स्तर पर उनकी "लगातार की गई पैरवी" को ही दिया जाता है। प्रक्रिया विभिन्न चरणों में लंबित लेकिन रोमी साहनी की सक्रियता ने इसे ठंडे बस्ते से निकालकर सरकार की प्राथमिकता सूची में ला दिया, जिसका सीधा लाभ पलिया विधानसभा के किसानों सहित जनपद लखीमपुर खीरी, बिजनौर, पीलीभीत, रामपुर के लाखों किसानों को प्राप्त होगा।

## एनसीसी भर्ती के नाम पर ठगी, युवक से 50 हजार रुपये ऐंठे; कार्रवाई की गुहार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एनसीसी में भर्ती कराने का झांसा देकर एक युवक से हजारों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। फतेहपुर बुजुर्ग निवासी सत्य प्रकाश पुत्र वीरपाल ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे एनसीसी (एलटीओ) में भर्ती कराने का भरोसा दिया। इसके एवज में उससे वर्ष 2025 में करीब 50 हजार रुपये ले लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जल्द चयन कराने का आश्वासन दिया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। आरोप है कि बाद में उसने फोन पर अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी भी दी और रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। युवक ने बताया कि कई बार प्रयास के बावजूद न तो उसे नौकरी मिली और न ही उसकी रकम वापस की गई, जिससे वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित ने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में गेहूं क्रय केंद्र न खोलने का उठा मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/क्यों लड़ियां विकासखंड भदपुरा मैं आयोजित भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में क्यों लड़िया मुख्यालय पर कोई भी गेहूं क्रय केंद्र ना खोले जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की गई और खंड विकास अधिकारी को सौंप गए ज्ञापन में तीन बिंदुओं की शिकायत की गई जिसमें सर्वप्रथम क्यों लड़ियां मुख्यालय पर कोई भी गेहूं खरीद के लिए प्रशासन द्वारा गेहूं क्रय केंद्र नहीं खोला गया है । जबकि यूनियन द्वारा इसकी पूर्व में ही मांग की गई थी इसके बाद भी क्यों लड़ियों की जनता के साथ प्रशासन ने सौतेला व्यवहार किया है इस पर यूनियन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा यदि क्यों लड़िया में स्थित गेहूं क्रय केंद्र नहीं खोला गया तो किसान आंदोलन करेंगे इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी यहां के किस को 25 से 30 किलोमीटर दूरी पर जाकर किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए जाना पड़ेगा वहां पर भी मंडी में कर्मचारियों की मनमानी का शिकार होना पड़ेगा जैसा कि धान खरीद में एक किसान के साथ मारपीट की गई ।

इसी तरह फिर किसानों को अपना गेहूं बेचने के लिए मंडी जाना पड़ेगा भारतीय किसान यूनियन ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए भदपुरा के खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह पटेल को दिए गए ज्ञापन में तीन बिंदुओं पर कार्यवाही की मांग की गई जिसमें सर्वप्रथम क्यों लड़ियां मुख्यालय पर गेहूं क्रय केंद्र खोलने साथ ही प्रत्येक गांव में घूम रहे आवारा पशुओं को संरक्षित करने की मांग की इसी क्रम में उन्होंने किसानों के ठोक के भाव काटे गए राशन कार्ड बनवाने की भी मांग की गई है इसमें उपस्थित। रहे फतेह चंद गंगवार हीरालाल गंगवार सूर्य प्रकाश ताराचंद मिश्रीलाल दाताराम रोशन लाल महेंद्र पाल ठाकुरदास गोविंद कुमार प्रेमपाल बालक राम लाला राम प्यारेलाल तुलाराम पप्पू लाल सत्यपाल कृष्ण पाल रामपाल जयपाल सिंह सरदार हरदीप सिंह रंधावा सेवाराम बाबूराम आदि लोग उपस्थित थे।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मियों पर सख्ती के निर्देश





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने विकास खंड कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में चल रहे कार्यों और जनहित योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय से पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। लंबित कार्यों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कार्यप्रणाली में सुधार लाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी परखी गई। इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्यस्थल का माहौल बेहतर रहे। अभिलेखों और उपस्थिति पंजिका की जांच के दौरान तीन कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। इस पर ब्लॉक प्रमुख ने नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी गिरजेश द्विवेदी को उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने, जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करने की हिदायत दी। इस अवसर पर वीडीओ गिरजेश द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## शारदानगर पुलिस की लापरवाही उजागर: बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए IGRS का निपटारा!

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। ताजा मामला IGRS शिकायत के निस्तारण से जुड़ा है, जहां "उप निरीक्षक राजीव कुमार" पर बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए ही मामले में "गलत आख्या" लगाकर निपटारा करने का आरोप लगा है। पीड़ित का कहना है कि उसने न्याय की उम्मीद में IGRS पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन *उप निरीक्षक राजीव कुमार* ने न तो उससे कोई संपर्क किया और न ही मामले की सही जांच की। बिना पक्ष सुने ही रिपोर्ट लगाकर शिकायत को निपटा दिया गया, जिससे पीड़ित खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस घटना ने पुलिस की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह कागजों में ही मामलों का निस्तारण होता रहा, तो आम जनता का भरोसा पुलिस व्यवस्था से उठ जाएगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि उच्च अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या "उप निरीक्षक राजीव कुमार" के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या फिर मामला यूं ही दबा दिया जाएगा।

## श्रीराम के भक्तों का अपमान भगवान के लिए असहनीय कथावाचक

**● खिरका जगतपुर में नैमिष धाम से आए कथाव्यास की चतुर्थ दिवस सायं सत्र की संगीतमय साप्ताहिक भागवत कथा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली/फतेहगंज** पश्चिमी-बरेली। नैमिषारण्य धाम से आए कथाव्यास आचार्य अवध किशोर शास्त्री 'सरस' जी ने भक्तों को समझाया-"भक्तवत्सल भगवान श्रीराम अपना अपमान-निंदा-तिरस्कार तो सह सकते हैं लेकिन जो मूढ़ अहंकारवश उनके भक्तों पर अत्याचार करता है, ताड़का-सुबाहु, इंद्रपुत्र जयंत आदि की तरह उसे तीनों लोकों में कोई भी बचा नहीं सकता। असुरारि विष्णु के श्रीराम रूप में धरती पर अवतरित होने का मुख्य कारण भी यही है।"

कथाव्यास 'सरस' जी महाराज खिरका जगतपुर में नत्थूलाल पुजारी के मुख्य यजमानत्व में चल रही संगीतमय साप्ताहिक श्रीरामकथा के चौथे दिन बुधवार सायं खराब मौसम के बावजूद भारी तादाद में कथा पांडाल में उमड़े महिला-पुरुष-बाल श्रद्धालुओं पर भक्ति-प्रेम-ज्ञान-वैराग्य की रसवर्षा कर रहे थे। गुरु वशिष्ठ के आश्रम में विद्यार्जन, विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, ताड़का-सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, पुष्प वाटिका में राम-सीता का प्रथम मिलन, धनुष भंग, सीता विवाह आदि श्रीरामचरित मानस के प्रेरक प्रसंगों का संगीतमय मधुर वाणी में गायन करते हुए कथाव्यास ने समझाया कि कमाई ऐसी करो जो हर जगह काम आए। राम रतन धन ऐसा ही धन है। इस अमूल्य धन को पाने के बाद कुछ भी पाने को शेष नहीं रह जाता। बताया- राम-लक्ष्मण और भरत-शत्रुघ्न जोड़े से रहते हैं।

चारों भाइयों में विलक्षण प्रेम है। जनेऊ संस्कार की महिमा बखानते हुए बताया-यज्ञोपवीतम् परमं पवित्रम्, अति शुभ्रम्-जनेऊ की सूत की तीन लड़ी, तीनों में तीन-तीन धागे माता-पिता और गुरु-तीन के ऋणों के प्रतीक हैं। इन तीनों की सेवा में सर्वस्व निछावर कर देने से बड़ा धर्म कोई भी नहीं है। श्रीराम ने अपने जीवन में यह सिद्ध करके दिखाया भीमहै। कथाव्यास कहते हैं-गुरु गृह पढ़न गए रघुराई। अल्पकाल विद्या सब आई। सरस जी बताते हैं-राम जी को मानते हो तो रामजी की भी तो मानो- प्रातकाल

उठि के रघुनाथा। मात-पिता-गुरु नावइ माथा। माताओं को षाष्टांग दंडवत का निषेध है लेकिन शास्त्र उन्हें पंच प्रणाम का निर्देश करता है। गाधितनय मन चिंता व्यापी। हरि बिनु मरहिं न निशिचर पापी। तव मुनिवर मन कीन्ह विचारा। प्रभु अवतरेउ हरन महि भारा। बताया-ताड़का-सुबाहु के वध, मारीच को सौ योजन दूर फेंकने के श्रीराम के यज्ञ रक्षा के उद्यम से प्रसन्न होकर महामुनि विश्वामित्र ने उन्हें बला-अतिबला दो पराविद्याएं प्रदान कीं। इन विद्याओं के प्रभाव से जीव को भूख-प्यास नहीं लगती। साथ ही अतुलित बल और तेज का वर्धन भी होता रहता है। अहिल्या उद्धार प्रसंग सुनाते हुए कहा-शापग्रस्त अहिल्या कहती हैं, यहीं आश्रम में शिला रूप में प्रभु राम की प्रतीक्षा करूंगी।

अंततः पतितपावन श्रीराम उन्हें दर्शन देकर उनका उद्धार करते हैं। परम भक्त जटायु भी रावण से युद्ध करके मरणासन्न होकर भी प्रभु राम की गोद में प्राण छोड़ने की आस में अत्यधिक सुख और आनंद का अनुभव करते हैं। धनुष यज्ञ में श्रीराम के स्वरूप का वर्णन करते हुए कथाव्यास समझाते हैं-

**जाकी रही भावना जैसी, प्रभु देखी तिन मूरत वैसी।**

कथासत्र में सूबेदार मेजर वीरेंद्र पाल सिंह (सेवानिवृत्त), पूर्व प्रधान कृष्णपाल गंगवार, अरविन्द गंगवार, हरिशंकर, बड़के, रवींद्र, गुड्डू, अशोक रस्तोगी, गणेश 'पथिक' आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कृषक समाज इंटर कॉलेज मे संचारी रोग व उनकी रोकथाम के लिये दिये गये सुझाव



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में उप प्रधानाचार्य लखपति भारती की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का कार्यक्रम प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान प्रवक्ता अशोक कुमार वर्मा ने क्लोरीनेशन पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जब पानी में सोडियम हाइपोक्लोराइट या क्लोरीन गोलियों (0.2-2 द्वद्द/रु) मिलाकर हानिकारक कीटाणुओं, बैक्टीरिया और वायरस को नष्ट करने की एक प्रभावी प्रक्रिया है। यह जल जनित बीमारियों को रोकने के लिए पानी को कीटाणुरहित और सुरक्षित बनाता है, पेयजल को उवालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालयों का प्रयोग आदि के फायदे को विस्तार से चर्चा की साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में गमलों आदि में जमा जल को साफ कराया गया, तथा श्रमदान के माध्यम से परिसर की साफ सफाई कराई गई कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार ओमप्रकाश एस के वर्मा अरविंद यादव संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

## बिजली के साट सर्किट से गेहूं की फसल जल कर हुई राख




**मीरजापुर** बिजली के साट सर्किट से गेहूं की फसल जल कर हुई राख। सीखड़ मीरजापुर, विकास खण्ड अन्तर्गत हासीपुर गांव में मंगलवार को दोपहर दो बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तिंलगा मुतलके हासीपुर गांव निवासी अखिलेश प्रकाश दुबे एवं दवेश प्रकाश दुबे पुत्र जटाशंकर दुबे के गेहूं के खेत में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।आग लगते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास के अन्य किसानों की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी, जिससे भारी नुकसान होने की आशंका थी।

## सरफैसी एक्ट के तहत बैंक ने मकान पर लिया कब्जा, परिवार को किया गया बाहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** गुरुवार को एचडीएफसी बैंक द्वारा सरफैसी एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी राजेश कुमार के मकान पर कब्जा ले लिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही और मकान को खाली कराकर बैंक को सुपुर्द कर दिया गया। एचडीएफसी बैंक के लीगल लोन डिपार्टमेंट के प्रमुख संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश कुमार ने वर्ष 2018 में बैंक से करीब 21 लाख रुपये का लोन लिया था। लेकिन वर्ष 2023 तक उन्होंने कोई भी किश्त जमा नहीं की, जिसके चलते बैंक को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। इस मामले में 25 अप्रैल 2024 को अपर जिला





मजिस्ट्रेट (न्यायिक) शाहजहांपुर ने आदेश जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया था कि बैंक को संबंधित संपत्ति पर कब्जा दिलाया जाए।

गुरुवार को इसी आदेश के अनुपालन में राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जब टीम कब्जा लेने मौके पर पहुंची, उस समय राजेश कुमार का परिवार मकान में रह रहा था। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए परिवार को सामान सहित मकान से बाहर कर दिया और पूरी प्रक्रिया के बाद संपत्ति का कब्जा बैंक को सौंप दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार मनु माथुर, बैंक अधिकारी संजीव कुमार और उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह न्यायालय के आदेश और सरफैसी एक्ट के तहत की गई है।

## मितौली पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** कोतवाली मितौली पुलिस ने मारपीट कर अवैध तमंचे से जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद भर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक के नेतृत्व में मितौली पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। झ्पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 109/324(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त हनुमान बाजपेयी उर्फ शिवेन्द्र बाजपेयी (उम्र करीब 25 वर्ष), निवासी कस्बा मितौली थाना मितौली, जनपद लखीमपुर खीरी को नहर रोड मितौली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त- हनुमान बाजपेयी उर्फ शिवेन्द्र बाजपेयी पुत्र शिवसागर लाल बाजपेयी,निवासी कस्बा मितौली गिरफ्तारी




टीम उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल होरीलाल पुलिस ने बताया कि आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है।

## अम्बेडकर जयंती परशुराम जयती व बैशाखी को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

**● गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी की अगुवाई मे मूडा चौकी व अलीगंज मे कई गई पीस कमेटी की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** आगामी चौदह अप्रैल को पूरे भारत देश मे अम्बेडकर जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है, हर जगह बडे उत्साह के साथ गाजे बाजे के साथ बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती का उत्सव मनाया जाता है, लोग अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हवन कीर्तन कर रात्री को भी जागरण करते है। जिसके चलते गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी की अगुवाई मे व गोला प्रभारी निरीक्षक की उपस्थित मे गोला कोतवाली की पुलिस चौकी मूडा सवारान व अलीगंज चौकी पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया,बैठक मे आये हुये सभी धर्मो के लोगो से पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने आपसी भाईचारे व मेल मिलाप कर आगामी चौदह अप्रैल को अम्बेडकर जयंती उत्सव के साथ ही परशुराम जयंती व बैशाखी का उत्सव मनाया जायेगा, इस दौरान कोई नई परंपरा न डाले और शकुशल अम्बेडकर जयंती मनाये, यदि किसी समुदाय के लोगो ने कोई उन्माद व असामाजिकता फैलाने की कोशिश की तो फौरन ही उस पर कार्यवाही की जायेगी, इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी मेम्बर, क्षेत्र पंचायत सदस्य के सहित मूडा पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र मिश्र व अलीगंज चौकी इंचार्ज प्रवीण सिंह सहित क्षेत्र के तमाम पत्रकार व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबेडकर नगर वार्ड में इंटरलॉकिंग व नाला निर्माण का शुभारंभ, आठ लाख की लागत से होगा कार्य



**सुरियावां।** नगर पंचायत सुरियावां के वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नारियल फोड़कर किया। अभिया रोड टावर के पास से गौतम बस्ती तक होने वाले इस कार्य की अनुमानित लागत लगभग आठ लाख रुपये बताई जा रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए गए थे, उन्हें क्रमबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है और आगे भी पूरे नगर में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इंटरलॉकिंग व नाला निर्माण से क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा और आवागमन भी सुगम बनेगा। इस कार्य से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में बड़े बाबू विजय उपाध्याय, विजय वर्मा, आलोक मिश्रा, जय शंकर, कैलाश सरोज, राजा बाबू, सूरज भान सरोज, राजेंद्र, सोनू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड में 1.15 लाख रुपये की ठगी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के पूरे बहुरिया निवासी लक्ष्मीशंकर ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड का शिकार हो गए। प्रार्थी के अनुसार 3 अप्रैल 2026 की रात लगभग 9:30 बजे से 10:30 बजे के बीच उनके कोटक महिंद्रा बैंक, प्रयागराज स्थित खाते में पर्सनल लोन के नाम पर 1,15,710 रुपये क्रेडिट किए गए। इसके तुरंत बाद अज्ञात साइबर अपराधियों ने पूरी राशि को विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित ने बताया कि ठगी की रकम में से 1 लाख रुपये फिनो पेमेंट बैंक के एक खाते में तथा 4,950 रुपये यस बैंक से जुड़े एक यूपीआई अकाउंट में भेजे गए। इसके साथ ही कुछ अज्ञात मोबाइल नंबरों का भी इस घटना में उपयोग किया गया है। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका शिकायत नंबर 33104260073666 है। साथ ही थाना गोपीगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि साइबर ठगों की पहचान कर जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने पोस्टमार्टम हाउस शीघ्र शुरू कराने हेतु सौंपा पत्रक



**चुनार मीरजापुर।** पोस्ट मार्टम हाउस को शीघ्र शुरू कराने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रामराज सिंह पटेल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चुनार राजेश कुमार वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में मांग किया गया कि पोस्टमार्टम हाउस यह कहकर बंद कर दिया गया कि पोस्टमार्टम हाउस में कंप्यूटर नहीं है, जबकि इस समय उच्चकृत पोस्टमार्टम हाउस बनकर तैयार है केवल प्रशासनिक लापरवाही के कारण पोस्टमार्टम हाउस में शव विच्छेदन का कार्य नहीं हो पा रहा है । चुनार पोस्ट मार्टम हाउस बंद होने से चुनार सहित जमालपुर ,अदलहाट ,और अहरौरा थाना अंतर्गत होने वाले घटनाओं में मृत लोगों के शव विच्छेदन हेतु मिर्जापुर जाना पड़ता है। जिससे पीड़ित परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिन के अंदर पोस्टमार्टम हाउस शुरू नहीं कराया गया तो पार्टी कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष निजाम भाई,शिवपूजन यादव,रमेश सिंह स्वामी, अमर प्रताप पुरी, राजीव सिंह यादव, जय जयसवाल, घनश्याम विश्वकर्मा श्रवण पटेल सुरेंद्र कुमार सिंह, अजय पटेल, शंभू सोनकर, विनोद सिंह, कैलाश नाथ यादव,संतोष कुमार सिंह, शतीश कुमार सिंह,शैलेंद्र पटेल, राजेश निषाद, प्रभात सिंह, दीनानाथ सिंह आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मकान ढहने से महिला की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बहरामगंज मुहल्ले मे मंगलवार की रात्रि तेज आंधी मे दुसरी मंजिल पर हो रहा निर्माण ढह जाने से एक महिला की मौत और उसका पति गंभीर रुप से घायल हो गया। पडोस के मंसूर ने बहरामगज मुहल्ले में अपने जमीन पर प्रथम तल पर दिवाल बन रहा था कि मंगलवार की रात्रि तेज आई आंधी मे दिवाल गिर गया गिरा हुआ मलवा बगल मे स्थित नन्दलाल विंद के क्षत पर गिरा,मलवा गिरने से घर मे लगा पटिया टूट गया और कमरे मे सो रहे नन्दलाल 65 वर्ष व राधा देवी पत्नी नन्दलाल बिंद 60 वर्ष के उपर जा गिरा जिससे दोनो गंभीर रुप से घायल हो गए घटना की जानकारी होने पर पहुचे लोगों ने दोनो को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चेचरी मोड ले गए जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया और वृद्ध की गंभीर हालत देख उसे ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्लल अध्यक्ष मंगरु साहनी के नेतृत्व मे उपजिलाधिकारी को ज्ञापन नायब तहसीलदार अवनीश को ज्ञापन देकर आरोप लगाते हुए घटना की जांच कराने एवं मृत महिला के परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग किया। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह व चन्द्रहाश गुप्ता, उपाध्यक्ष अजयशेखर पाण्डेय, महामंत्री अभिलाष राय व आलोक श्रीवास्तव, रतन साहनी, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह एवं कुवंर सूर्यप्रताप सिंह,मनिष राय ,संजय सोनकर प्रमुख रुप से मौजूद रहे।कोतवाल विजयशंकर सिंह पटेल ने बताया कि मृतका



के दामाद की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया घटना तेज आंधी आ जाने घटना घटित हुई है। मृतक के परिजनों के तरफ कोई तहरीर अभी तक प्राप्त नही हुई है।

## 700 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112

**चुनार, मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर के कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चुनार के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ व मादक पदार्थ की बिक्री व अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु चलाएं जा रहें अभियान में गुरुवार को शराब ठेके पयागपुर गांव में एक महिला के पास से 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध कोतवाली चुनार में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्ता मंजू पत्नी अशोक जायसवाल निवासी कठेरवा थाना चुनार को माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## 'स्कूल चलो अभियान' के तहत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता रैली का आयोजन किया गया






**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीखड़ मीरजापुर,** विकास खण्ड मुख्यालय से स्कूल चलो अभियान के तहत जन जागरूकता रैली को खण्ड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि रैली का नेतृत्व खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय ने किया। रैली ब्लॉक मुख्यालय से रवाना किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष संजय सिंह, राकेश सिंह प्रदीप कुमार दुबे, रेखा सिंह, ललिता मौर्या, लक्ष्मण सिंह, आनंद प्रकाश सिंह , संतोष सिंह, प्रशांत कुमार त्रिपाठी रामेश्वर सिंह राजबहादुर साहनी , प्रकाश बाबू आजाद, शीतला प्रसाद आर्य , मंगला सिंह, प्रवीण कुमार मिश्रा, मोहनलाल, अभिषेक सिंह, प्रकाश चंद्र सिंह, रेखा सिंह, धीरज कुमार सिंह, अर्चना सिंह,सालनी , पुष्पा देवी, ज्योति सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाए छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### निजी नर्सिंग होम में चोरी, 11 ताले तोड़ नकदी व सामान पार, डीवीआर भी ले गए चोर

**गोपीगंज।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिलर संख्या 38 के सामने स्थित डॉ. जयंत माथुर के निजी अस्पताल में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने करीब 11 ताले तोड़कर अस्पताल के अंदर प्रवेश किया और नकदी, दवाइयों सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। डॉ. जयंत माथुर के अनुसार, अस्पताल के अलग-अलग स्थानों पर रखे लगभग 75 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। इसके साथ ही चोर सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे घटना की फुटेज भी उनके कब्जे में चली गई। गुरुवार सुबह जब कर्मचारी अस्पताल खोलने पहुंचे तो मुख्य गेट सहित अंदर के सभी कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा गया तो मेडिकल स्टोर व अन्य कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी पुलिस व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसी दौरान नंदकिशोर यादव ने भी बताया कि उनके मेडिकल स्टोर से 53 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# प्रसार व्याख्यान का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को वर्ल्ड वीवर क्लब, अंग्रेजी विभाग तथा आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला एवं मुख्य वक्ता डॉ राहुल चतुर्वेदी एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। डॉ राहुल चतुर्वेदी ने शोध प्रविधि जैसे गंभीर विषय को अत्यंत सहजता पूर्वक विद्यार्थियों के समक्ष व्याख्यान देकर उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि शोध एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवन पर्यंत विद्यार्थियों के साथ-साथ सामान्य व्यक्तियों के जीवन में भी चलती रहती है। सबसे पहले समस्याओं को चिन्हित करके उचित माध्यम के द्वारा समस्याओं के निराकरण का प्रयास करना चाहिए। समस्या के




अनुसार ही माध्यम का चुनाव करना चाहिए अन्यथा समाधान में दिक्कत हो सकती है।डॉ चतुर्वेदी ने संवाद के माध्यम से अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को जोड़ा और प्रत्येक विद्यार्थी से तीन-तीन समस्याओं को चिन्हित करने का आह्वान किया। उन्होंने अत्यंत रोचक शैली में समस्त विद्यार्थियों को शोध प्रक्रिया से जोड़ा।प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि शोध प्रविधि को अच्छे से समझ कर ही आगे जीवन में बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के विविध पहलुओं पर आधारित नए अन्वेषण होने चाहिए जिसमें अपनी जड़ों से जुड़कर विचारों को समझना होगा। प्राचार्य ने संवादात्मक शैली की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को व्याख्यान से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का आयोजन एवं स्वागत उद्बोधन संयोजक डॉ रीता मिश्रा ने और धन्यवाद ज्ञापन सहसंयोजक डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर सहसंयोजक डॉ नलिनी सिंह,प्रोफेसर कुसुम लता, डॉ सत्येन्द्र कुमार, डॉ दीपक सिंह, डॉ अदिती सिंह,डॉ शैलेंद्र कुमार,डॉ शिवकुमार, डॉ शिखा तिवारी, डॉ मंजुला शुक्ला, धर्मचंद्र यादव, धर्मेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पास्को के वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**चुनार, मिर्जापुर।** अपराध के रोकथाम हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत बुधवार को उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व हेड कांस्टेबल शिंपू यादव द्वारा पास्को एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शैलेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय रामसमुझ निवासी शेरपुर थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर उम्र 29 वर्ष को कैलहट टेंपो स्टैंड से सुबह लगभग 11:00 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### कार्यालय ग्राम पंचायत धनैता विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| मुकेश कुमार पांडेय | सरोज सिंह |
| ग्राम पंचायत- धनैता | ग्राम पंचायत- धनैता |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

### कार्यालय ग्राम पंचायत खैरा विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| सुधीर दुबे | रवीशंकर |
| ग्राम पंचायत- खैरा | ग्राम पंचायत- खैरा |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

### कार्यालय ग्राम पंचायत बगहा विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| सुधीर दुबे | कुंजन सरोज |
| ग्राम पंचायत- बगहा | ग्राम पंचायत- बगहा |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

### कार्यालय ग्राम पंचायत पसियाही विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| मुकेश कुमार पांडेय | रजनी देवी |
| ग्राम पंचायत- पसियाही | ग्राम पंचायत- पसियाही |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

### कार्यालय ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| सुधीर दुबे | निर्मला देवी |
| ग्राम पंचायत- मुकुन्दपुर | ग्राम पंचायत- मुकुन्दपुर |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

### कार्यालय ग्राम पंचायत धन्नुपुर विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| मुकेश कुमार पांडेय | माता चरन सिंह |
| ग्राम पंचायत- धन्नुपुर | ग्राम पंचायत- धन्नुपुर |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

### कार्यालय ग्राम पंचायत विदापुर विकास खंड सीखड़ जनपद-मीरजापुर

पत्रांक- मेमो | दिनांक-10/04/2026

**विज्ञप्ति/ टैण्डर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी ( मनरेगा )/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत / पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी / ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू,लोकल गंगा बालू सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर, आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट,NP3 ह्यूम पाइप,आर ओ वाटर कूलर,सोलर कैमरा,ओपन जिम सामग्री,ईट गिट्टी,त्रस्क्र सीमेंट फर्नीचर,कूड़ेदान,टॉयलेट गाड़ी, पेंट पेंटिंग सामग्री,प्लास्टिक बैंक,पी वी सी पैनल कार्य,लाइब्रेरी कार्य,स्वच्छ भारत मिशन सामग्री,टाटा मैजिक,अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2026 से दिनांक 16/04/2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि16/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में तिथि 16/04/2026 को दोपहर 01:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

| ग्राम पंचायत अधिकारी | ग्राम प्रधान |
|---|---|
| मुकेश कुमार पांडेय | सावित्री देवी |
| ग्राम पंचायत- विदापुर | ग्राम पंचायत- विदापुर |
| विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर | विकास खण्ड-सीखड़ जनपद मीरजापुर |

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का आयोजन, नन्हे बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक




**नैनी, प्रयागराज।** फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में बृहस्पतिवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों के परीक्षाफल वितरण को 'ग्रेजुएशन डे सेरेमनी' के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा और उपलब्धियों का सम्मान करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। समारोह में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन हर्ष और उल्लास के माहौल में हुआ, जहां बच्चों की मुस्कान और अभिभावकों की खुशी ने आयोजन को यादगार बना दिया।

### वार्ड 47 में जर्जर सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज

**शीघ्र मरम्मत की मांग**



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के वार्ड नंबर 47, देवरक में जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाई है। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने करछना विधायक पियूष निषाद से मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र की सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में लगभग 5000 लोग निवास करते हैं और खराब सड़कों के कारण आवागमन में दिक्कतों के साथ-साथ दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने विधायक से अपील की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल सड़क मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए। इस मांग का समर्थन करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता दूधनाथ तिवारी, विकास मिश्रा, दिलीप मिश्रा, सुशील शुक्ला, जयप्रकाश तिवारी, मुनेश तिवारी, राधेश्याम यादव और चंचल यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र की सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उन्हें आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### प्रयागराज जंक्शन पर संरक्षा प्रदर्शनी का शुभारंभ



**ब्यूरो प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल, रजनीश अग्रवाल द्वारा प्रयागराज जंक्शन पर संरक्षा विषयों पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल, दीपक कुमार, स्टेशन निदेशक वी.के. द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को संरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि हमारे सम्मानित यात्री छोटी-छोटी सावधानियों को अपनाकर अपने बहुमूल्य जीवन की रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि सामान्यतः देखा गया है कि छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण यात्री चोटिल हो जाते हैं तथा कई बार गंभीर एवं दुखद दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आगे बताया कि यह पहल प्रयागराज मंडल द्वारा आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से की गई है, जिससे यात्री सुरक्षित एवं सहज यात्रा कर सकें। इस दौरान यह भी बताया गया कि कुछ बरती जानेवाली सावधानियाँ इस प्रकार से है।

# मुजफ्फरनगर में 'थप्पड़ गैंग' का आतंक, रात के अंधेरे में करते हैं हमला; CCTV देख पुलिस भी हैरान!

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 'थप्पड़ गैंग' इस समय पैर पसारता जा रहा है. जी हां, इस थप्पड़ गैंग के लोग रात के अंधेरे में बाइक पर सवार होकर पीछे से आते हैं और राह चलते लोगों के थप्पड़ या अन्य चीज मारकर फरार हो जाते हैं. दो दिन पूर्व बाइक सवार कुछ युवकों ने राह चलते एक युवक को जोरदार थप्पड़ मार दिया था. घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे. ये घटना पास ही के मकान में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई थी, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया. पीड़ित युवक द्वारा इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की. पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। दरसअल, नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित गौशाला मोहल्ले में दो दिन पूर्व सात अप्रैल की शाम दीपक नाम का एक युवक मंदिर से अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने पीछे से दीपक के जोरदार थप्पड़ मार दिया. दीपक ने बताया कि थप्पड़ इतना तेज था कि उसकी नाक से खून आने लगा. घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए. वहीं ये घटना पास के ही एक मकान में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई थी, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया. इस वायरल फुटेज में देखा जा सकता है कि बाइक सवार किस तरह पीछे से




युवक को थप्पड़ मारकर फरार हो रहे हैं।

**CCTV में कैद हुई 'थप्पड़ गैंग' की वारदात**

स्थानीय लोगों का कहना है कि ये घटना पहली नहीं है. इससे पहले भी ये बाइक सवार कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं, जिसमें लोगों के थप्पड़ मारना हो या फिर बेल्ट मारने जैसी घटनाएं हैं. इस घटना के बाद पीड़ित युवक दीपक ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की तो वहीं पुलिस ने भी CCTV फुटेज के आधार पर बाइक सवार थप्पड़ गैंग के इन लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**मंदिर जाते समय युवक पर किया हमला**

दीपक ने बताया कि प्रतिदिन शाम के समय वह दर्शन करने मंदिर जाता है. बीते मंगलवार को बाइक पर सवार तीन युवक उसके पीछे से आए और तेजी से कान के पास थप्पड़ जड़ दिया. थप्पड़ लगते ही तुरंत नाक तक से खून आ गया और आंखों के आगे अंधेरा सा छा गया. कुछ देर तक वह संभल ही नहीं पाया. मामले की जानकारी देते हुए,स्कसिद्धार्थ के. मिश्रा ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस के संज्ञान में एक वीडियो आया है. वीडियो में बाइक सवार दो युवक एक युवक को थप्पड़ मारते दिखाई दे रहे हैं।

**ASP सिद्धार्थ के. मिश्रा ने दी जानकारी**


ASP सिद्धार्थ के. मिश्रा ने बताया कि पुलिस वीडियो को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर रही है. चौकी इंचार्ज आबकारी अपनी टीम के साथ गस्त कर रहे हैं. लोगों से पूछताछ कर रहे हैं. बहुत जल्द आरोपियों को पकड़कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी. पुलिस के संज्ञान में इसके अलावा और कोई मामला नहीं आया है. अगर इनको पकड़ने के बाद पता चलता है कि रेगुलर बेसिस पर इस तरह की गुंडागर्दी करते हैं तो इस चीज को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद: वीडियो गेम खेलने के दौरान हुआ झगड़ा, एक लड़के ने दूसरे की चाकू मारकर कर दी हत्या

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के आर्य नगर इलाके में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां वीडियो गेम खेलने के दौरान एक लड़के ने एक बच्चे की चाकू मारकर हत्या कर दी. इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है. मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, कुछ बच्चे एक मकान के अंदर वीडियो गेम खेल रहे थे. खेल के दौरान किसी बात को लेकर दो बच्चों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई. इसी दौरान आरोपी किशोर ने गुस्से में आकर चाकू निकाल लिया और दूसरे बच्चे फैजान पर हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल फैजान को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया. भीड़ को हटाकर इलाके में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

**फैजान का परिवार फिरोजाबाद का**



**रहने वाला**

मृतक फैजान का परिवार मूल रूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है. उसके पिता नईम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं. परिवार में फैजान के अलावा उसके भाई मोबीन, फरहान, जैद और बहन इलमा हैं. बताया जा रहा है कि यह परिवार पिछले करीब दो महीनों से आर्य नगर में जाकिर नाम के व्यक्ति के मकान में किराए पर रह रहा था। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. वहीं, आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विवाद किन परिस्थितियों में इतना बढ़ गया. इस दर्दनाक घटना के बाद इलाके में शोक और गुस्से का माहौल है।

## प्रयागराज में अनियमित बिजली कटौती और अधिक बिलिंग से लोग परेशान

**प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र नैनी में उद्यमियों और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें अनियमित बिजली कटौती, अधिक बिलिंग का मुद्दा छाया रहा। उद्यमियों ने दो टूक कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर वह लंबे समय से मांग कर रहे हैं। हमेशा आश्वासन दिया जाता है, लेकिन होता कुछ नहीं है। उप्र राज्य औद्योगिक संघ के अध्यक्ष अरविंद राय ने कहा कि दिन में कई बार ट्रिपिंग होती है। इससे प्रतिदिन उद्यमियों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। ट्रिपिंग की समस्या के समाधान के लिए कई बार बैठकें हुई, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। बीच-बीच में मनमाने तरीके से बिल भेज दिया जाता है। लोड बढ़ाने व घटाने के लिए उद्यमियों को कई दिनों तक भागदौड़ करनी पड़ती है।

**ढीले व लटके तार और झुके हैं बिजली के खंभे**

नैनी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव नैय्यर ने कहा कि कई जगहों पर तार ढीले होकर लटक रहे हैं। खंभे झुके हुए हैं। तारों के ऊपर पेड़ों की टहनियां हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नियमित रूप से अगर कार्य कराए जाएं तो यह समस्या दूर हो सकती है।

## करेली में गोली मारकर हत्या



**ब्यूरो प्रयागराज-** करेली क्षेत्र के गौस नगर इलाके में इरफान गाड़ी नमक व्यक्ति की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई बतायाजता है कि प्रापार्टी डीलर का काम करता था और उसका आपसी रंजिश था। पता चला है कि मृतक इरफ़ान गद्दी अशरफ के साथ उनकी सुरक्षा मे बन्दुक लेकर चलता था इलाके के लोग बता रहें हैं की उसकी रंजिश चकिया के आशिफ दुर्रानी से चल रही थी, हालांकि इस मामले की जांच पुलिस अभी कर रही हैं मृतक के परिवार के सदस्य की तहरीर पर आशिफ दुर्रानी सहित एक अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ एडिशनल डीसीपी राजकुमार मीणा ने बताया कि पुलिस पुरानी रंजिश सहित हर पहलुओं पर जांच कर रही है कई सुराग हाथ लगे हैं जल्दी पूरा खुलासा किया जाएगा।

## बारा में 'कार्रवाई'एक ट्रैक्टर सीज, कई सवाल जिंदा

### ● ट्रैक्टर पकड़ा, लेकिन क्या न्याय भी हुआ?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बारा, प्रयागराज।** बारा थाने में बुधवार को चेकिंग के दौरान ओवरलोड बालू से लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया और उसे सीज कर दिया गया। कागजों में यह कार्रवाई सख्त कदम के रूप में दर्ज हो गई, लेकिन इसके पीछे छिपी कहानी किसी एक परिवार की टूटी कमर और बिखरी उम्मीदों की दास्तान बन गई है। जिस ट्रैक्टर को पकड़कर खड़ा कर दिया गया, वह सिर्फ एक वाहन नहीं था—वह किसी के घर का सहारा था। उस पर लदी बालू से जो कमाई होनी थी, उससे पहले ही सब थम गया। कोई जमीन गिरवी रखता है, कोई कर्ज में डूबता है, तब जाकर यह साधन मिलता है। वह इसे घर पर सजाने के लिए नहीं, बल्कि सड़कों पर चलाकर पेट पालने के लिए खरीदता है। अब पहले उसे छुड़ाने के लिए दौड़ो, फिर कर्ज चुकाओ, फिर जिंदगी को दोबारा पटरी पर लाने की जद्दोजहद करो—क्या यही व्यवस्था है? सबसे चुभने वाला सवाल यह है कि क्या यह ट्रैक्टर सिर्फ उसी दिन चला था? क्या यह ओवरलोड एक दिन की गलती थी? या फिर यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था? अगर महीनों से चल रहा था, तो अचानक एक दिन की कार्रवाई में ही पूरी सख्ती क्यों टूट पड़ती है? और अगर सख्ती है, तो क्या वह हर स्तर पर एक जैसी है? इलाके में यह भी चर्चा है कि क्या कभी बड़े स्तर पर काम करने वाले, भारी वाहनों या प्रभावशाली व्यापारियों पर भी इसी तरह की सीधी चोट की गई? या फिर कार्रवाई वहीं तक सिमट जाती है, जहां आवाज कमजोर होती है और विरोध की ताकत कम होती है? महंगाई से पहले ही कराह रही जनता के बीच यह घटना एक और झटका बनकर सामने आई है। गैस सिलेंडर से लेकर हर जरूरी चीज महंगी है, ऊपर से रोजी-रोटी के साधन पर ही ताला लग जाए, तो सवाल उठना लाजिमी है। यह सिर्फ एक ट्रैक्टर का सीज होना नहीं है—यह उस संघर्ष का चेहरा है, जहां मेहनत करने वाला हर बार कटघरे में खड़ा दिखता है, और उसकी पीड़ा कागजों में कहीं दर्ज नहीं होती।

## 2 दिन, 2 हादसे और 4 की मौत... दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर क्यों हो रहे हादसे?

### ● दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे पर बागपत के डूंडाहेड़ा के पास दो ट्रकों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए. लगातार दूसरे दिन एक्सप्रेस-वे पर इस तरह का हादसा हुआ।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे पर लगातार दूसरे दिन बड़ा हादसा हुआ. इस बार जगह थोड़ा अलग थी, लेकिन इस बार भी दो लोगों को अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा. दो ट्रकों की टक्कर में चालक, सहचालक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक व्यक्ति की हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। दरअसल, यह हादसा दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे पर बागपत के डूंडाहेड़ा के पास हुआ. एक ट्रक गुरुग्राम में ईंट उतारकर वापस बागपत की तरफ आ रहा थे. मिली जनकारी के अनुसार, जब ट्रक डूंडाहेड़ा के पास पहुंचा तो एक दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई. इस जोरदार टक्कर में एक ट्रक का आगे का




हिस्सा टूटकर ही अलग हो गया।

**आज 2 युवकों की गई जान**

इस दर्दनाक हादसे में आरिफ (30), आसिफ (25) पुत्र नत्थू वर्ष निवासी खुब्बीपुर नवादा. वहीं शमशाद (24), समीम (26) और मुनफीद घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. इलाज के दौरान आरिफ और मुनफीद की मौत हो गई. वहीं गंभीर रूप से घायल आसिफ को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. अन्य दो घायल शमशाद और समीम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

**8 अप्रैल को 2 इंजीनियर दोस्तों की हुई थी मौत**

बता दें कि एक दिन पहले ही यानी 8 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर बागपत के मवीकला के पास एक कार सड़क पर रखे डिवाइडर से टकरा गई थी, जिसमें दो इंजीनियर दोस्तों की मौत हो गई थी. यह एक्सप्रेस-वे अभी विधिवत रूप से शुरू नहीं हुआ है और इस पर अभी से लगातार हादसों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है।

**14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन**

बता दें कि दिल्ली से देहरादून का सफर 6-7 घंटे से घटकर अब 2.5-3 घंटे रह जाएगा. पांच दिन बाद 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस 210 किमी लंबे एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे. यह एक्सप्रेस-वे तीन राज्यों से होकर गुजरेगा. इसमें 20 किमी का हिस्सा राजाजी टाइगर रिजर्व से होकर जाएगा. एक्सप्रेस-वे का डिजाइन इस प्रकार बनाया गया है, जिससे जानवरों और प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**14000 करोड़ की लागत से हुआ तैयार**

इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण 14,000 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है. सड़क को 35-40 फीट की ऊंचाई पर 400 से अधिक पिलर्स पर बनाया गया है, ताकि नीचे बहने वाली नदी और जानवरों के समूह को कोई नुकसान न पहुंचे. यह नया ग्रीन कॉरिडोर पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन स्थापित करेगा।

# प्रयागराज से लेकर कौशांबी तक यमुना की धारा के बीच बेखौफ बालू का खनन, एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश दरकिनार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज/कौशांबी।** यमुना अब नदी नहीं, खुलेआम लूटा जा रहा खजाना बन चुकी हैं। प्रयागराज से कौशांबी तक इसकी धारा को दिन-रात चीरते खनन माफिया कानून, प्रशासन और व्यवस्था तीनों को चुनौती दे रहे हैं। यमुना का कलेजा चीरकर हर रोज 50 से 55 लाख घनफीट बालू का खनन किया जा रहा है। कौशांबी में तो हालात और भी चौंकाने वाले हैं, जहां तय सात पट्टा घाटों के मुकाबले 20 स्थानों पर खनन हो रहा है। कई जगह बिना पट्टे के ही बीच धारा में बैकहो लोडर और पोकलैंड उतार दी गई हैं।

**प्रयागराज के 21 स्थानों पर अवैध खनन**

प्रयागराज में सैकड़ों नावों के सहारे नदी के बीचोबीच जिस बेशर्मी से बालू निकाला जा रहा है, वह न सिर्फ पर्यावरणीय अपराध है, बल्कि शासन की विफलता का सबूत भी है। यहां पट्टा केवल चार स्थानों के लिए है लेकिन खनन 21 से ज्यादा स्थानों पर। यह आंकड़ा ही बताता है कि खेल कितना बड़ा और संगठित है। बिना नंबर के दौड़ते हजारों ट्रक और डंपर इस अवैध साम्राज्य की धड़कन बन चुके हैं।

**जिम्मेदार अफसर बने अनजान**

सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद नदी की धारा में मशीनें उतर रही हैं, और जिम्मेदार अफसर 'अनजान' बने बैठे हैं। इस संगठित लूट की परतें खोलने और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति सजग करने को दैनिक जागरण आज से एक विशेष समाचारीय श्रृंखला की शुरुआत कर रहा है।

**खनन माफिया के निशाने पर यमुना नदी**

यमुना नदी इन दिनों खनन माफिया के निशाने पर है। खनन विभाग, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बेखौफ माफिया नदी की धारा में भारी पैमाने पर बालू निकाल रहे हैं। नैनी से लेकर कौशांबी तक 30 से ज्यादा स्थानों पर यमुना के बीचोबीच बालू खनन का खेल चल रहा है। कौशांबी में नदी की धारा में पोकलैंड और बैकहोलोडर उतार दिए गए हैं। अवैध रूप से घाट और मार्ग बनाए गए हैं। जिन पर बिना नंबर वाले हजारों ट्रक और डंपर बालू ढोने में लगे हैं।

**सैकड़ों नावें भी लगाई गई**

नैनी क्षेत्र के महेवा, मड़ौका और बसवार के सामने यमुना के बीच में 300-300 नावें लगाई गई हैं, जिससे श्रमिक भोर से ही बालू निकालना शुरू कर देते हैं और अंधेरा होने तक निकालते हैं। इससे नदी प्रणाली और पर्यावरणीय संतुलन पर खतरा मंडरा रहा है। यह पूरा खेल इतनी निर्भीकता से चल रहा है कि मानो खनन माफिया को किसी का भय नहीं।

**वरिष्ठ खान अधिकारी बोले**

नवंबर से ही इस तरह बालू का अवैध खनन यमुना में हो रहा लेकिन खनन विभाग की ओर से अब तक एक भी कार्रवाई नहीं की जा सकी है। यही हाल कौशांबी का है। माफिया रोज लगभग 50 से 55 लाख घन फीट बालू अवैध रूप से यमुना नदी की धारा से निकलवा रहे हैं। नवंबर से अब तक पांच माह में 35 करोड़ घन फीट से ज्यादा बालू का खनन किया जा चुका है। वरिष्ठ खान अधिकारी केके राय का कहना है कि यमुना नदी के बीच में बालू खनन प्रतिबंधित है, जहां भी इस तरह से खनन होगा तो जुर्माना के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

**खास-खास**

- 11 घाटों पर नदी के बाहर खनन विभाग ने बालू निकालने का दिया है पट्टा
- 30 से ज्यादा स्थानों पर यमुना की धारा में खुलेआम बालू निकालने का चल रहा है कार्य
- प्रयागराज में चार और कौशांबी में विभाग की ओर से 7 घाटों पर खनन की दी गई है अनुमति
-प्रतिदिन 55 लाख घन फीट से ज्यादा निकाल रहे अवैध बालू, जलीय जंतुओं पर संकट
-सफेदपोश नेता, प्रशासन, पुलिस व खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए गंभीर सवाल

**कागजों में पट्टा 11 स्थानों का पर खनन बेहिसाब**

प्रयागराज से लेकर कौशांबी तक यमुना किनारे बालू खनन का खेल अब प्रशासन के



नियंत्रण से बाहर होता दिख रहा है। कागजों में महज 11 घाटों पर पट्टा है, लेकिन हकीकत में 40 घाटों पर दिन-रात अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। एनजीटी के नियमों को दरकिनार कर रोजाना यमुना का सीना चीरकर बीच धारा से करीब 55 लाख घन फीट बालू निकाली जा रही है।

**बैकहो लोडर और पोकलैंड से बालू खबन**

नावों के साथ बैकहो लोडर और पोकलैंड जैसी मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है। इससे नदी के पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पांच माह से चल रहे इस अवैध कारोबार पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। 15-16 सौ नावों के जरिए संगठित तरीके से हो रहा खनन बताता है कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि विभाग से लेकर सफेदपोश तक की मिलीभगत है। ग्रामीणों में डर का माहौल है, जबकि माफिया बेखौफ हैं। जिम्मेदार कहते हैं, कार्रवाई होगी।

**नदी के बालू खनन पर माफिया की नजर**

यमुना के बालू की हर ओर मांग है। यही वजह है कि इस नदी के बालू पर खनन माफिया की पैनी नजर है। यमुना में लगभग 15-16 सौ नावों से रोज खनन कराया जा रहा है। प्रश्न यह भी है कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे बालू का अवैध खनन को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है? अवैध खनन वाले स्थानों पर छापेमारी तो दूर इन्हें अब तक चिन्हित भी नहीं किया जा सका है। कार्रवाई न होना खनन विभाग, पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्न है।

**यमुना के इन घाटों पर बालू का अवैध खनन**

यमुना के साथ ही गंगा के मवैया, लवायन, चाड़ी, चटकहना, खड़सरा, मनैया, रवनिका, कबरा, डीहा, सेमरहा, गड़ैला, दुमदुमा, परानीपुर, लाक्षागृह घाटों के पास बालू का अवैध खनन कराया जा रहा है। मोहब्बतगंज, बसवार, अमिलिया, पालपुर, बीकर, देवरिया, मोहिनी का पूरा, कंजासा, कैनुआ, बिरवल, जगदीशपुर, मानपुर, कचरा, पचवर, मझियारी, अमिलिया, सेमरी व प्रतापपुर में भी अवैध खनन चल रहा है। इन स्थानों पर नदी के किनारे बैकहोलोडर व पोकलैंड लगाकर अवैध रूप से घाट बनाए गए हैं, जहां नावों से बालू को उतारा जाता है।

**पट्टा वाले क्षेत्रों में भी बीच नदी बालू का अवैध खनन**

यहां से ट्रकों व डंपरों से ढोकर अन्यत्र पहुंचाया जाता है। दो-तीन घाटों के लिए एक रास्ता बनाया गया है। जहां पट्टा भी हुआ है तो वहां पर नदी के बाहर ही बालू निकाला जा सकता है मगर पट्टा वाले क्षेत्रों में भी बीच नदी बालू का अवैध खनन कराया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यमुना नदी से इस तरह अधाधुंध बालू निकालना नदी के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर सकता है।

**क्षेत्र में भय का माहौल**

इससे नदी का प्रवाह प्रभावित होगा, कटाव बढ़ेगा और आसपास के क्षेत्रों में जलस्तर गिरने का खतरा भी बढ़ जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया के बढ़ते दबदबे के चलते कोई खुलकर विरोध नहीं कर पा रहा। रात के अंधेरे में शुरू हुआ यह खेल अब दिन के उजाले में भी जारी है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

**सीमा विवाद में फंसे ब्यूर और उमरवल**

खनन विभाग द्वारा महेवाघाट, दलेलागंज, पभोसा, कटैया, मल्हीपुर, केवट का पुरवा (नंदा का पुरवा), ऐगवां (महिला) और भवनसुरी (आठ) घाटों पर फिलहाल खनन का पट्टा दिया गया है। इसमें से दलेलागंज और केवट का पुरवा में पानी होने के कारण पट्टाधारकों द्वारा भुगतान न किए जाने से अभी खनन नहीं होने के दावे हैं। वहीं, उमरवल, ब्यूर, छेकवा में अवैध खनन हो रहा है।

**रात से भोर से पहले तक अवैध खनन**

उमरवल में तो रात नौ, 10 बजे से सुबह प्रकाश होने के पहले तक अवैध खनन होता है। बालू के परिवहन के लिए पतला रास्ता भी बनाया गया है। जबकि ब्यूर समेत अन्य घाटों पर दिन में भी बैकहो लोडर और पोकलैंड द्वारा यमुना की धारा में बालू का खनन जारी रहने की बात है। उमरवल में पिछले दिनों विभागीय अधिकारियों ने छापेमारी कर मौके पर डंप बालू को यमुना में फेंकवा दिया था। हालांकि, वहां फिर से अवैध खनन होने लगा है।

**क्या बोले कौशांबी के खनन अधिकारी**

कौशांबी में खनन अधिकारी सीपी जायसवाल कहते हैं पट्टा खनन स्थलों का लगातार जांच की जा रही है। जहां गड़बड़ी मिलती है, वहां पर जुर्माना लगाने समेत अन्य विधिक कार्रवाई भी की जाती है। ब्यूर और उमरवल में अवैध खनन स्थल प्रयागराज में है। जिले में फिलहाल अवैध खनन होने की कहीं से शिकायत नहीं मिली है। प्रयागराज के खान अधिकारी कहते हैं यह हमारे क्षेत्र में नहीं है।

**कहां है खनन इंस्पेक्टर से लेकर अफसर तक**

यमुना नदी में रोज लाखों घन फीट बालू अवैध रूप से निकाली जा रही है मगर खनन विभाग के निरीक्षक से लेकर अफसर तक कहां हैं, इसको लेकर गांव के लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। यही नहीं बारा तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी भी अवैध खनन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सके हैं।

## हाईस्कूल-इंटर के रिजल्ट को अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी होगी, अप्रैल के अंतिम सप्ताह में घोषित होगा




**प्रयागराज।** UP Board E&am Result 2026 इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा-2026 के उन परीक्षार्थियों की परीक्षा गुरुवार 9 अप्रैल से शुरू हुई, जो किन्हीं कारणों से पूर्व में निर्धारित तिथियों पर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके थे। इसके साथ ही 24 जनवरी से 13 फरवरी तक कराई गई प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने वाले आंतरिक परीक्षकों ने शेष रह गए 34,637 परीक्षार्थियों के प्राप्तांक समय बढ़ाए जाने पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम की तैयारी तेज कर दी है। इस कड़ी में प्रथम एवं द्वितीय चरण में हुई इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा के अपलोड किए गए अंकों की समीक्षा में पाया था कि बाह्य परीक्षकों ने परीक्षार्थियों के प्राप्तांक तो परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, लेकिन 652 परीक्षा केंद्रों के आंतरिक परीक्षकों द्वारा विद्यालय के लाग इन के माध्यम से प्राप्तांक अपलोड नहीं किए गए हैं। ऐसे में छह और सात अप्रैल को परिषद की वेबसाइट इस निर्देश के साथ पुनः क्रियाशील की गई थी कि आंतरिक परीक्षक अंकों को अनिवार्य रूप से अपलोड कर दें। बोर्ड ने परीक्षण में पाया कि सभी ने अंक अपलोड कर दिए हैं। अब उन परीक्षार्थियों की भी प्रायोगिक परीक्षा बढ़ी तिथि 10 अप्रैल यानी शुक्रवार को पूरी हो जाएगी, जिनकी परीक्षा छूट गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### पेयजल समस्या निवारण को लेकर नारायणपुर में हुई बैठक



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गुरुवार को पंचायत मंडप नारायणपुर में पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा के तहत बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि 9 से 18 अप्रैल तक उपायुक्त के निर्देश पर पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए इस पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही सौंपी गई है। बैठक में बीडीओ देवराज गुप्ता, प्रशिक्षु उपसमाहर्ता दिव्यांशु मिश्रा, मुखिया मुनी मरांडी, पंसस पवन पोद्दार, समन्वयक लाल मोहम्मद, बीपीओ करूणा मंडल, पंचायत सचिव पूजा माझी सहित क्षेत्र की जल सहिया एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्र के खराब चापाकलों की सूची तैयार की गई। साथ ही जहां आवश्यक है वहां नई बोरिंग कराने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त जरूरत के अनुसार सोलर जलमीनार लगाने का भी निर्णय लिया गया। प्रशासन का लक्ष्य गर्मी के बढ़ते प्रभाव से पहले क्षेत्र में पेयजल से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करना है। इस पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं बैठक में रखीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। इसके अलावा नारायणपुर के टोला महतो, तालाब टोला, सोनार टोला में खराब चापाकलों की मरम्मत तथा हटिया मैदान में नई बोरिंग कराने समेत अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### दुबई से युवक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**रामलक्षन देवरिया।** गौरी बाजार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा निवासी अभिषेक प्रजापति का शव दुबई से गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। बताते चलें कि बर्दगोनिया निवासी अभिषेक प्रजापति पुत्र अच्छेलाल प्रजापति उम्र लगभग 25 वर्ष दुबई कमाने गया था।यह सोचकर की घर की माली हालत ठीक होगी परंतु ऐसा न होकर उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी जानकारी कंपनी के माध्यम से परिजनों को दी गई थी।यह खबर सुनकर घर परिवार में मातम छा गया। शव को दुबई से मंगवाने के लिए परिजनों ने जन प्रतिनिधियों का सहारा लिया और शव गुरुवार के भोर में लगभग तीन चार बजे के बीच घर पहुंचा। शव के पहुंचते ही पत्नी प्रिया शव से लिपटकर दहाड़े मार कर रोने लगी। मां रामवती देवी बेसुध अपने कलेजे के टुकड़े को इस हाल में देखकर रो रोकर मूर्छित हो जा रही थी। मृतक की बच्ची 3 वर्ष की आर्या टकटकी लगाकर वहां पहुंचे सभी लोगों की ओर देख रही थी कि क्या हो गया है दूसरी बच्ची अनन्या जो मात्र 6 माह की है किसी महिला ने उसे साम्हाल रखा था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। शव आने की खबर सुनकर आसपास के जो लोग भी वहां पहुंचे परिजनों की चीख पुकार सुनकर सबके आंखें भर आई। शव का दाह संस्कार बर्दगोनिया ग्राम सभा के नकटा नाला पर किया गया।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM YUVA) योजना का प्रख्यापन , प्रशिक्षित युवाओ को मिलेगा रोजगार

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र विनोद कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश के शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM YUVA) योजना का प्रख्यापन किया गया है। योजनान्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5.00 लाख रूपया तक की परियोजनाओं के ऋण पर शत-प्रतिशत ब्याज का उपादान अगले 4 वर्षों के लिए दिया जायेगा। CGTMSE कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी 4 वर्षों तक राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। समस्त राष्ट्रीयकृत/ शेड्यूल्ड/ ग्रामीण बैंकों तथा त्प् द्वारा अधिसूचित सभी वित्तीय संस्थाओं से वित्त पोषण हो सकेगा। 21 वर्ष से 40 वर्ष की आयु के समस्त आवेदक, जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा आठ उत्तीर्ण है। योजना सम्बन्धी किसी भी जानकारी हेतु कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय के सीएम युवा फेलो- विपुल कुमार, 8173996514 एवं प्रद्युमन चौबे, 9794397729 से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# गर्मी से पहले बरही में 'नीर चौपाल', पेयजल संकट पर प्रशासन सख्त

**●जलमीनारों की जियो-टैगिंग, मरम्मत और टैंकर व्यवस्था के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी गर्मी को देखते हुए प्रखंड परिसर में 'नीर चौपाल' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधियों ने मिलकर पेयजल आपूर्ति की व्यापक कार्ययोजना तैयार की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू ने की, जबकि संचालन बीडीओ जयपाल महतो ने किया। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर, हर स्कूल और हर आंगनबाड़ी केंद्र तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने जल सहियाओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कर खराब चापानलों और जलमीनारों की सूची तैयार करें। साथ ही मवेशियों के लिए भी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी जलमीनारों की जियो-टैगिंग, खराब जलमीनार एवं चापानलों की शीघ्र मरम्मत, तथा जरूरत पड़ने पर टैंकर से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष योजना के तहत पेयजल उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बरही चौक क्षेत्र में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई और बस स्टैंड में डीप बोरिंग के प्रस्ताव की जानकारी दी। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि मल्लाहटोली, धोबीटोला और तेलीटोला जैसे क्षेत्रों में हर साल जल संकट गहराता है, जहां शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है।

प्रमुख मनोज रजक ने जलमीनारों के दुरुपयोग की जांच और खराब पड़े जलमीनारों की तत्काल मरम्मत की मांग की। वहीं जिप प्रतिनिधि गणेश यादव ने छोटे-छोटे टोलों में चापानल लगाने और मरम्मत कार्य में देरी न होने पर जोर दिया।

**पंचायत प्रतिनिधियों ने रखीं क्षेत्रवार समस्याएं**

नीर चौपाल में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। कई स्थानों पर जलमीनार खराब, चापानल निष्क्रिय और खारा पानी निकलने जैसी समस्याएं सामने आईं। कुछ क्षेत्रों में नाली व्यवस्था के अभाव में जल निकासी की समस्या भी उठाई गई।

**जल संकट से निपटने का भरोसा**

बैठक के अंत में एसडीओ और बीडीओ ने आश्वासन दिया कि गर्मी के दौरान किसी भी परिवार को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। सभी खराब जलमीनार और चापानलों की जल्द मरम्मत कराई जाएगी तथा निगरानी के लिए विशेष दल का गठन किया जाएगा।

# निगम क्षेत्र के विकास को लेकर छात्र नेता ने व्यक्त की अपनी भावना

**●देवघर निगम के लिए नए ब्लूप्रिंट की जरूरत : कुंदन शर्मा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** बीते बुधवार को हुई अचानक बारिश के कारण नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्लों में नालों का पानी भर गया, जिससे सड़कों पर गंदगी और कचरा बहने लगा। इस स्थिति से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मुद्दे को लेकर छात्र नेता एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी कुंदन शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बाबा नगरी देवघर एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है। ऐसे में शहर के समुचित विकास के लिए एक सुनियोजित और प्रभावी ब्लूप्रिंट तैयार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नालों सहित अन्य निर्माण कार्यों को एक बार ठोस और स्थायी तरीके से कराया जाए, ताकि जल-जमाव जैसी समस्याओं से निगम क्षेत्र के लोगों को स्थायी राहत मिल सके। कुंदन शर्मा ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों जैसे बाबा मंदिर क्षेत्र, जलसार पार्क, नवलखा मंदिर, अंबेडकर चौक और देवघर कॉलेज आदि का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इन स्थानों पर बेहतर योजना के तहत विकास कार्य किए जाने चाहिए। इन क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, इसलिए यहाँ की सुंदरता और साफ-सफाई से शहर की छवि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों पर ढक्कन लग जाने से कई बार जाम की स्थिति का पता नहीं चल पाता है। ऐसे में सभी नालों की नियमित रूप से साप्ताहिक सफाई जरूरी है, ताकि जल निकासी सुचारू रूप से होती रहे। अंत में उन्होंने कहा कि नव-निर्वाचित मेयर से निगमवासियों को काफी उम्मीदें हैं और उन्हें विश्वास है कि वे इन अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

### महिला की पिटाई को लेकर चार के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महुआ के नुकसान को लेकर हुए विवाद में पीड़िता के साथ मारपीट व गालीगलौज को लेकर सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के दखिनहन का पुरवा पहाड़पुर निवासिनी प्रतीक्षा यादव पत्नी विनोद यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अप्रैल को वह दरवाजे पर महुआ सुखा रही थी। इस बीच गांव के वीर प्रताप यादव पुत्र शंभूनाथ की भैंस महुआ खाने लगी। नुकसान को लेकर पीड़िता ने शिकायत किया तो आरोपी ने अपने घर से कुछ सदस्यों को बुलवा लिया। इसके बाद आरोपी वीर प्रताप तथा लवलेश पुत्र शंभूनाथ व मोनी पुत्री शंभू नाथ तथा रानी पत्नी उमेश ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीडिता को मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी। घटना की जानकारी होने पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने सांगीपुर पुलिस को कडी कार्रवाई के निर्देश दिये। सांगीपुर पुलिस ने आरोपी वीर प्रताप समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। शीघ्र ही आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 13 अप्रैल को हजारीबाग में विशाल रक्तदान शिविर, युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में आगामी 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में सुबह 9 बजे से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस महाअभियान के तहत 500 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों तथा थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवनदायिनी सहायता उपलब्ध कराना है। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसे जनआंदोलन का रूप देने के लिए युवाओं एवं समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी और सचिव रितेश खंडेलवाल ने डीआईजी



अंजनी झा को औपचारिक आमंत्रण सौंपा। इस पहल की सराहना करते हुए डीआईजी ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं के मामलों में अस्पतालों में रक्त की आवश्यकता अक्सर होती है, वहीं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को नियमित रक्त की जरूरत पड़ती है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा, 'रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंदों को नया जीवन देता है।' वहीं अध्यक्ष करण जायसवाल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि 'रक्तदान केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारा कर्तव्य भी है।' शिविर में रक्तदाताओं के लिए प्राथमिक चिकित्सा, अल्पाहार एवं प्रमाणपत्र की व्यवस्था की गई है। साथ ही, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट भी भेंट किया जाएगा। रक्त संग्रह का कार्य रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सदर अस्पताल की संयुक्त टीम द्वारा किया जाएगा, जबकि हजारीबाग पुलिस विभाग भी इस आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान करेगा। हजारीबाग यूथ विंग ने जिले के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, कॉलेज के विद्यार्थियों एवं युवाओं से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

### नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत थाना कुण्डा पुलिस द्वारा कुल 01 कि0ग्रा0 100 नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में थाना प्रभारी कुण्डा मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कुण्डा के उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत खेमीपुर बाजार के पास से एक अभियुक्त सत्यम सिंह उर्फ मोनू पुत्र विक्रमजीत सिंह निवासी ग्राम टिकरिया बुजुर्ग थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र 25 वर्ष को कुल 01 कि0ग्रा0 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त सत्यम सिंह उर्फ मोनू के कब्जे से कुल 01 कि0ग्रा0 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया, जिसके संबंध में थाना कुण्डा में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आलोक में 9 अप्रैल को 105 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 अप्रैल को कुल 105 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सक वसीम रजा ने स्वास्थ्य जांच की। इस अवसर पर चिकित्सक प्रीतम कुमारी, गंगा शरण साह, डॉ. श्राफ, तकनीशियन निगेश प्रसाद, अटल प्रसाद एवं मेडिकल स्टाफ शोलेन्द्र मुर्मू, योगेश प्रसाद, अलखनिरंजन प्रसाद, राजकुमार तथा नर्सों ने जांच में सक्रिय सहयोग किया। स्वास्थ्य जांच के क्रम में रक्तचाप, वजन, आयरन एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई और आवश्यकता अनुसार दवा दी गई। जांचोपरांत चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं को भारी काम नहीं करने की सलाह दी, वहीं घरेलू हल्के काम जैसे झाड़ू लगाना और बर्तन धोना करने को कहा, ताकि शारीरिक स्फूर्ति बनी रहे। इसके अलावे मौसमी फल, सब्जियां एवं संतुलित आहार लेने की सलाह



दी गई। बताया जाता है कि महीने की प्रत्येक 9 तारीख को प्रखंड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य साहिया के साथ जांच के लिए आती हैं। स्वास्थ्य साहिया की यह पहल सराहनीय रही है, जो प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं को प्रेरित करती हैं। मिली जानकारी के अनुसार नियमित स्वास्थ्य जांच से गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय सुविधा होती है। मेडिकल सूत्रों के अनुसार यदि किसी कारणवश कोई गर्भवती महिला 9 तारीख को जांच नहीं करा पाती है तो वह महीने के अंतिम सप्ताह में भी जांच करवा सकती है।

# आयुर्वेद से मिल रही नई जिंदगी: वैद्य अविनाश शर्मा बने बुजुर्गों और मरीजों के लिए भरोसे का नाम

**●जड़ी-बूटियों और नाड़ी परीक्षण से दर्द, शुगर, बीपी, थायरॉइड, बवासीर व पेट रोगों में दे रहे प्राकृतिक राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** आज के आधुनिक दौर में जहां लोग दवाइयों के दुष्प्रभावों से बचने के लिए वैकल्पिक चिकित्सा की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, वहीं आयुर्वेद एक बार फिर लोगों के भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है। इसी कड़ी में नाड़ी (आर्टरी) विशेषज्ञ वैद्य अविनाश शर्मा अपने पारंपरिक ज्ञान और अनुभव के माध्यम से मरीजों को प्राकृतिक उपचार प्रदान कर रहे हैं। वैद्य अविनाश शर्मा नाड़ी परीक्षण की प्राचीन आयुर्वेदिक विधि के जरिए रोग की जड़ तक पहुंचने पर विशेष ध्यान देते हैं। उनका मानना है कि शरीर की नाड़ी व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य का संकेत देती है, जिससे सटीक और प्रभावी उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने विशेष रूप से जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, घुटनों की समस्या और पुरानी शारीरिक पीड़ा से जूझ रहे कई बुजुर्गों को राहत पहुंचाई है। मरीजों का कहना है कि आयुर्वेदिक दवाओं के साथ-साथ जीवनशैली में सुधार की सलाह से उन्हें लंबे समय तक आराम मिला है। इसके अलावा वे मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप (बीपी), थायरॉइड, कमजोरी, बवासीर, गैस, एसिडिटी और पुरानी कब्ज जैसी समस्याओं का भी प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से उपचार कर रहे हैं। उनका उद्देश्य केवल बीमारी को दबाना नहीं, बल्कि शरीर के संतुलन को पुनः स्थापित करना है। स्थानीय क्षेत्र में उनकी पहचान एक समर्पित और अनुभवी आयुर्वेदिक चिकित्सक के रूप में तेजी से बन रही है। दूर-दूर से लोग उनके पास प्राकृतिक इलाज की उम्मीद लेकर पहुंच रहे हैं। वे मरीजों को दवा के साथ सही खानपान, दिनचर्या और योग अपनाने की सलाह भी देते हैं, जिससे स्वास्थ्य में स्थायी सुधार हो सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि आयुर्वेद और आधुनिक जीवनशैली के संतुलन से समाज को स्वस्थ बनाया जा सकता है। वैद्य अविनाश शर्मा इसी दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं और लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक कर रहे।

# हजारीबाग में एसीबी की बड़ी कार्रवाई: जल संसाधन विभाग के दो इंजीनियर 1.72 लाख घूस लेते गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) हजारीबाग की टीम ने गुरुवार को जल संसाधन विभाग के कार्यालय में छापेमारी कर दो अभियंताओं को 1.72 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियंताओं में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राहुल मालतो और असिस्टेंट इंजीनियर चिरंजीवी दांगी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, विभाग के एक ठेकेदार ने एसीबी से शिकायत की थी कि उसके बिल भुगतान के एवज में असिस्टेंट इंजीनियर चिरंजीवी दांगी द्वारा 1.72 लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद एसीबी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और गुरुवार को विभागीय कार्यालय में छापेमारी की। इसी दौरान चिरंजीवी दांगी को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में चिरंजीवी दांगी ने स्वीकार किया कि वह यह राशि एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राहुल मालतो के निर्देश पर ले रहा था। इसके आधार पर एसीबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल मालतो को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियंताओं को हिरासत में लेकर एसीबी की टीम उनसे गहन पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसीबी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# तहसीलदार अभय राज फर्जी मामले निपटाने मे माहिर गलत रिपोट लगाकर भ्रष्टाचार का दिए सुबूत

**●-खलिहान व गड्ढे की भूमि पर फर्जी रिपोर्ट तहसीलदार पर उठे सवाल**

**-फर्जी रिपोर्ट लगाकर खलिहान जमीन का निस्तारण?तहसीलदार अभय राज हरैया विवादों मे**

**-फर्जी रिपोर्ट के सहारे मामले को रफा-दफा कर दबंग भूमाफिया पर संरक्षण देने से करने से जुडा मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसील हरैया के तहसीलदार कई सालों से




चल रहे धारा 67 की कार्रवाई स्वयं ध्वस्ती करण का आदेश पारित किया खलिहान की भूमि पर बने मकान पर नोटिस चश्मा करके दिए गए सप्ताह कासमय समाप्त होने के बाद बुलडोजर की कार्रवाई कर खलिहान की भूमि अभी तक नहीं खाली करवाया गया संदेह के घेरे मेंतहसीलदार हरैया की कुर्सी भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी हुई दिखाई दे रही है । खलिहान व गड्ढे की जमीन पर बनी लाखों की कोठी के मामले में तहसील प्रशासन भू माफिया को बचाते हुए कार्रवाई कर सुर्खियां बटोर रही है ।तहसीलदार कार्यालय से ध्वस्तीकरण का आदेश होने के बावजूद भी खलिहान की भूमि खाली नहीं हो सकी ।समुचित कार्रवाई के नाम पर तहसील प्रशासन आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायतकर्ता को मूर्ख बनाने का काम कर रही हैं ।बल्कि आईजीआरएस की रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता ने असंतुष्टि जाहिर की है।

आपको बताते चलें कि लगभग 2 माह पूर्व हरैया तहसील के राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 व 43 में अवैध कब्जेदारों का कब्जे का मामला प्रकाश में आया था ।जो की खलिहान व गड्ढे की जमीन है ।तहसीलदार अभय राज लगभग दो माह बाद खलिहान की जमीन पर ध्वस्तीकरण का नोटिस देकर कार्रवाई का दिखावा किया था जिसकी समय सीमा एक सप्ताह थी जो पूर्ण हो चुकी है । मीडिया ने कार्यवाही के लिए जब तहसीलदार अभय राज से फोन के माध्यम से जानकारी लेनी चाहिए तो उनका फोन नहीं उठा। बड़ा सवाल यह है कि क्या अभय राज गुपचुप तरीके से कार्रवाई का कोरम पूरा कर रहे हैं या मोटी रकम लेकर दबंग भू माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं । जिससे भू माफिया का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट परिसर में अवैध कब्जा हटाने और पार्किंग व्यवस्था सुधारने के दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित राजकीय भवनों, लैट्रीन की सेप्टिक टैंको, नवनिर्मित वादकारी शेडो के नीचे बने पार्किंग स्थल तथा परिसर में बाउण्ड्री के पास व अन्य स्थलो पर अनियमित व अनधिकृत रूप से छाजन व गुमटियां आदि रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया है तथा आने जाने वाले रास्तो में अनियमित व अनुचित तरीके से वाहन खड़ा कर रास्ता संकुचित व ब्लाक कर दिया जाता है जिससे वादकारियो तथा कलेक्ट्रेट में आने वाले जनसामान्य को काफी असुविधा व अक्सर असहज स्थिति उत्पन्न होती रहती है।

जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट परिसर में किये गये अनियमित व अवैध कब्जाधारियो एवं अतिक्रमण कर्ताओ को निर्देशित किया है कि किसी भी अवैध कब्जे व अतिक्रमण को प्रत्येक दशा में 15 दिवस के भीतर हटाते हुए स्थल रिक्त करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में प्रशासनिक टीम द्वारा बलपूर्वक कब्जा व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जिसमें आने वाले व्यय की वसूली संबंधित अतिक्रमणियों से करते हुए उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि किसी भी प्रकार के वाहनों को निश्चित स्थल पर ही पार्क किया जाय, अन्य स्थलों पर किसी भी स्थिति में वाहन पार्क न किये जाय, अन्यथा की दशा में संबंधित वाहन मालिक के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# किसान समृद्धि योजना में घोटाले का बड़ा आरोप

**●करोड़ों की फर्जी बिलिंग, शिकायतकर्ता ने लगाई सीबीआई जांच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के नई बस्ती गांधीनगर निवासी हरपाल सिंह चंदेल ने भूमि संरक्षण विभाग और संबंधित अधिकारियों पर किसान समृद्धि योजना (कृष्ण समृद्धि योजना) एवं तालाब विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, फर्जी स्थल सत्यापन और अनियमित भुगतान का गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रकरण की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। शिकायतकर्ता हरपाल सिंह चंदेल ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में योजना के तहत करोड़ों रुपये के भुगतान किए गए, लेकिन कई स्थानों पर काम फर्जी तरीके से दिखाकर धनराशि निकाली गई। उदाहरण के लिए, ग्राम भौंता एवं बरौदा विकास खंड में तालाब निर्माण के नाम पर लगभग 6 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि स्थलीय जांच में काम अधूरा या फर्जी पाया गया। इसी तरह अन्य योजनाओं में फर्जी रिपोर्ट लगाकर धन निकासी का आरोप है। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति ने भी कई अनियमितताएं पाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। फर्जी सत्यापन रिपोर्ट, क्विटेंस हस्ताक्षर में हेराफेरी और अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं को धमकाने जैसी घटनाओं का भी जिक्र किया गया। पत्र में आईपीसी की धाराओं 420, 409, 467, 468, 471, 120 बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। हरपाल सिंह चंदेल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनशन पर बैठने और उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को मजबूर होंगे। पत्र की प्रतियां मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कृषि, कृषि निदेशक और अन्य उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## शिक्षक दंपति ने देहदान का फैसला लेकर किया सराहनीय काम



**कोंच(जालौन)**- शिक्षक लोकेंद्र प्रताप सिंह और उनकी शिक्षिका पत्नी डॉ. पिंकी सिंह ने अपने अंगों के साथ साथ देहदान का फैसला लेकर सराहनीय काम किया है। कोंच नगर के मूल निवासी लोकेंद्र प्रताप सिंह जो जनपद सिद्धार्थनगर के खरदेवरी विद्यालय, ब्लॉक खुनियांव में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी डॉ. पिंकी सिंह, झांसी जनपद के गुरसराय में डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला पीजी कॉलेज में प्राचार्य हैं। इन दोनों ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एनओटीटीओ) जो कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन संगठन है, के माध्यम से जारी प्रमाणपत्र के अनुसार, उन्होंने अपने लिवर, हार्ट, किडनी, फेफड़े सहित अन्य अंगों और कॉर्निया को दान करने की स्वीकृति दी है। उनका यह निर्णय न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ाएगा। इसके साथ ही देहदान का संकल्प चिकित्सा एवं शोध कार्यों में सहायक सिद्ध होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि एक व्यक्ति के समय रहते अंगदान और सफल प्रत्यारोपण करने से कई व्यक्तियों को जीवन मिल सकता है। इस तरह के निर्णय समाज में फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दंपति की यह पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इससे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और अन्य लोग भी इस तरह पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**कोंच (जालौन)**- ग्राम कैंथी में लड़ाई झगड़े के दौरान कुल्हाड़ी से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर देने की घटना सामने आयी है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथी निवासी सरदार सिंह (45) ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार की शाम गांव के ही मलखान सिंह पुत्र बनमाली गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर उसकी बेटी उसे बचाने आई तो मलखान ने उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की। इतना ही नहीं मलखान ने उसके पैर में कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पुलिस ने घायल सरदार सिंह का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपी मलखान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किसान पर मधुमक्खियों का हमला, भागते समय रास्ते में हुआ बेहोश



**खेतों में तीन अन्य युवकों पर भी मधुमक्खियों ने बोला हमला**

**कोंच(जालौन)**- कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सामी में बुधवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेत पर फसल देखने गए एक किसान पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। जान बचाने के लिए भागते समय किसान रास्ते में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। वहीं तीन अन्य युवक भी मधुमक्खियों के हमले में घायल हो गए। ग्राम सामी निवासी किसान सतीश (32) अपनी मूंग की फसल देखने खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड आ गया और उन्होंने सतीश पर हमला बोल दिया। हमले से घबराकर सतीश अपनी जान बचाने के लिए घर की ओर दौड़े, लेकिन गांव के बाहर ही वह बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के समय आसपास खेतों में काम कर रहे राकेश, गिरीश व हृदेश भी मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आ गए। हालांकि उन पर हमला अपेक्षाकृत कम रहा, जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए हालात को संभाला और बेहोश किसान सतीश को तुरंत उपचार के लिए कोंच के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है।

# नीति आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. मुथु कुमार स्वामी का सोनभद्र दौरा, शिक्षा गुणवत्ता व महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -संयुक्त सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार एवं नीति आयोग के नोडल अधिकारी डॉ0 मुथु कुमार स्वामी बी0 ने गुरुवार को पीएम श्री राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, रॉबर्ट्सगंज का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा एवं लाइफ स्किल्स प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर, जागरूकता एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. स्वामी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें जनपद के प्रमुख ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं औद्योगिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण कराया जाए, जिससे उन्हें स्थानीय संसाधनों एवं विद्युत उत्पादन केंद्रों की जानकारी मिल सके और उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केकराही स्थित सोया मिल्क एवं पनीर उत्पादन इकाई



का निरीक्षण किया, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे उत्पादन, पैकेजिंग एवं विपणन कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्वयं सहासता समूह की महिलाओं द्वारा सोया पनीर के गुणवत्ता के बारे में बताया कि सोया पनीर (टोफू) प्रोटीन कैल्शियम और कई खनिजों से भरपूर होता है जो हड्डीयों को मजबूत बनाता है और मांसपेशियों के विकास में मदद करता है । वजन घटाने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है, दूध से एलर्जी (लैक्टोज इनटॉलेरेंस) वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो कैंसर के जोखिम को कम करने और मधुमेह प्रबंधन में सहायक है। सोया पनीर की गुणवत्ता को देखते हुए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उत्पादों की बिक्री को होटल, रेस्टोरेंट एवं स्थानीय बाजारों से जोड़कर विस्तार दिया जाए, जिससे समूह की आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा किए जा रहे सिलाई कार्य का भी अवलोकन किया और सुझाव दिया कि उन्हें विद्यालयों में यूनिफॉर्म सिलाई जैसे कार्यों से जोड़ा जाए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद में 260 कीटनाशी विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित , संबंधित विक्रेताओं को तत्काल पंजीकरण कराने के दिये निर्देश

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जिला कृषि रक्षा अधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त कीटनाशी विक्रेताओं को IPMS Portal पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद, जिन विक्रेताओं द्वारा अब तक पंजीकरण नहीं कराया गया, उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 260 कीटनाशी विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। संबंधित विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर IPMS Portal पर अपना पंजीकरण पूर्ण कर लें। निर्धारित समयावधि में पंजीकरण न कराने की स्थिति में संबंधित विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे तथा Insecticides Act 1968 के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## शक्तिनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई,अवैध रूप से परिवहन करते हुए 800 लीटर डीजल व 30 लीटर पेट्रोल जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शक्तिनगर / सोनभद्र**- पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे मय पुलिस बल एवं पूर्ति निरीक्षक म्योरपुर-दुद्धी अखिलेश कुमार तिवारी द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम खड़िया (बोदरा बाबा के पास) से एक पिकअप वाहन संख्या UP64CT5897 को चेक किया गया। तलाशी के दौरान वाहन से 04 प्लास्टिक ड्रम में प्रत्येक में लगभग 200 लीटर डीजल (कुल 800 लीटर) तथा 01 प्लास्टिक जरीकेन में लगभग 30 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ, जिसे



बिना किसी वैध प्रपत्र के अवैध खरीद-फरोख्त हेतु परिवहन किया जा रहा था। उक्त बरामदगी के संबंध में पूर्ति निरीक्षक द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी करने वाली टीम में मुख्य रूप से कमल नयन दूबे, थानाध्यक्ष शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, अखिलेश कुमार तिवारी, पूर्ति निरीक्षक म्योरपुर-दुद्धी, सोनभद्र, हे0का0 राजेश यादव, हे0का0 मुनीष यादव शामिल रहे।

# स्वास्थ्य मेला व OPD में फार्मासिस्ट डाक्टर बनकर धड़ल्ले से मरीजों का कर इलाज

**● सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद भी डाक्टर बनने वाले फार्मासिस्ट के खिलाफ नही हुई कोई कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी पर कोई MBBS व अन्य कोई योग्य डाक्टर नही है जिसमें फार्मासिस्ट धर्मेंद्र कुमार चौधरी डॉक्टर बनकर OPD के मरीजों का इलाज कर रहा है और स्वास्थ्य मेला में फार्मासिस्ट का कार्य छोड़कर डाक्टर बनकर डाक्टर की कुर्सी पर बैठकर मरीजों का इलाज करने में फार्मासिस्ट महिर है । OPD व स्वास्थ्य मेला में डॉक्टर बनकर इलाज करने वाले फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार चौधरी के खिलाफ अनेक सम्मानित समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई थी लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार चौधरी के खिलाफ न तो कोई जांच की गई और न ही कोई कार्यवाही की गई जो बहुत ही निन्दनीय है और स्वास्थ्य विभाग पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है । आपको बता दें कि लगभग 15 दिन पहले मडिया टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदी पर सुबह 10.30 बजे धरातलीय भ्रमण




किया था भ्रमण के दौरान लैब टेक्नीशियन व वार्ड व्याय डियूटी पर कार्य करते मिले थे । बाद में लगभग 12 बजे फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार चौधरी भी अस्पताल पर पहुंचे थे । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदी की हालात बहुत ही दयनीय स्थिति मिली थी जिसमें साफ - सफाई नही हुई थी और चारों तरफ दवाइयां बिखरी पड़ी हुई थी । स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल पड़ी हुई थी । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदी पर गन्दगी का अंबार लगा हुआ था । शौचालय भी बदहाल था खिड़की दरवाजा टूटा - फूटा पड़ा हुआ था । बाहर से ही देखने से ही पता चल रहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदी अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा था ।

सूत्रों की माने तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर के अन्तर्गत 05 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बभनान , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलुआ , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलघाट , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदी शामिल हैं । पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से 02 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हलुआ व बेलघाट पर MBBS व अन्य योग्य डाक्टरों की तैयारी है और 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों बभनान , बेलघाट व हरदी पर किसी MBBS व अन्य योग्य डाक्टरों की तैनाती नही है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर MBBS व अन्य योग्य डाक्टरों के अभाव में फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार चौधरी प्रतिदिन OPD के मरीजों का इलाज करते हैं । वर्तमान समय में वही स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी का बना हुआ है । यदि फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार चौधरी के द्वारा किये गये इलाज के दौरान कोई बड़ी घटना घटित हो जाएं तो कौन जिम्मेदार होगा ।

आप सोच सकते है कि फार्मासिस्ट के सहारे चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति कैसे होगी ? और मरीजों को कैसी स्वास्थ सुविधाएं मिल रही होगी ? इस प्रकार स्पष्ट है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी से प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है । हरदी क्षेत्रवासियों ने खबर के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग किया है कि जल्द से जल्द मामले को गंभीरता से लेते हुए MBBS व अन्य योग्य डाक्टर की तैनाती की जाएं ताकि समस्त क्षेत्रवासियों को स्वास्थ सुविधाएं सरलता से उपलब्ध हो सके । उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकाला ।

# नारायण ज्ञान धाम का वार्षिकोत्सव संपन्न

**●41 मेधावी छात्र सम्मानित, शिक्षा-संस्कार पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

करौंदीकला के ग्राम बीबीपुर तिवारी स्थित नारायण ज्ञान धाम में वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामय आयोजन ने शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा के सुंदर समन्वय का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नीरजा माधव ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ सनातन मूल्यों का समावेश ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु' ने चरित्र निर्माण आधारित शिक्षा को छात्रों के समग्र विकास का मूल बताया। डॉ. इंदुशेखर उपाध्याय ने जीवन में नैतिकता, रचनात्मकता



और सकारात्मक सोच की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य उदयभान सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। अंजनी कुमार सिंह (पट्टी, प्रतापगढ़) ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को आगे बढ़ने की दिशा देती है, जबकि संस्कार उसे सही मार्ग पर चलना सिखाते हैं।

पूर्व प्रवक्ता रामलाल गुप्ता ने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो व्यवहार में दिखे। विद्यालय के संस्थापक पूर्व आईजी बी.पी. त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रयोगशाला है, जहां बच्चों में अनुशासन, ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में चांदनी तिवारी की सरस्वती वंदना ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए और 41 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभा यादव, रिया गुप्ता, आदर्श यादव, श्रेया, वैभव सिंह, आयुष श्रीवास्तव सहित अनेक छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों और क्षेत्रीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन समाज में शिक्षा, संस्कार और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दे गया।

## क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी ने किया यातायात एवं क्रिटिकल कॉरिडोर (CC) टीमों की वृहद समीक्षा, डीजीपी के निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन करने के दिए निर्देश




**सोनभद्र पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - गुरुवार दिनांक 09.04.2026 को क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी द्वारा यातायात निरीक्षक (TI), समस्त यातायात उपनिरीक्षक (TSI) एवं थाना रॉबर्ट्सगंज, चोपन, घोरावल व बभनी की सीसी टीम की वृहद समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान यातायात प्रबंधन, प्रवर्तन कार्यवाही, सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (DGP) द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करें।

# ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की मदद हेतु डिप्टी सीएम से मिले विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- बीते दिनों कोंच तहसील क्षेत्र सहित समूची माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अचानक से आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से खेतों में कटने के लिए तैयार गेहूं, चना, सरसों के अलावा हाल के दिनों में बोई गई मूंग, उड़द की फसलें बुरी तरह प्रभावित होने से किसानों पर आर्थिक विपत्ति पहुंची है। दैवीय आपदा की संकट भरी घड़ी में शासन के निर्देश पर नष्ट हुई फसलों का सर्वे कार्य करीबकरीब अंतिम चरण में है, उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही पीड़ित किसानों को सरकारी इमदाद प्राप्त हो सकेगी। उधर, लेखपालों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य में तमाम किसानों द्वारा फसल नुकसान कम दिखाकर गलत सर्वे करने और मूंग, उड़द की नष्ट हुई फसलों के एवज में मदद न होने के आरोपों के बीच क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने सूबे के डिप्टी सीएम से मुलाकात कर हर एक पीड़ित किसान को उचित आर्थिक मदद प्रदान किए जाने की मांग की है।

बुधवार की देर शाम विधायक मूलचंद्र निरंजन ने राजधानी लखनऊ स्थित डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के कालिदास मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में उनसे मुलाकात कर



कोंच तहसील सहित समूची माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नष्ट हुई सभी फसलों के एवज में पीड़ित किसानों को अतिशीघ्र ही आर्थिक मदद बैंक खातों में निर्गत किए जाने की मांग की है। विधायक ने डिप्टी सीएम को बताया कि विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से कृषि आधारित क्षेत्र है और फसलें नष्ट हो जाने से किसानों के समक्ष निश्चित रूप से आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, इसलिए किसानों की त्वरित मदद की जाए। वहीं वर्तमान समय में चल रहे गेहूं और आने वाले दिनों में खुलने वाले मूंग खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त और सरल रखे जाने को लेकर भी विधायक ने डिप्टी सीएम के समक्ष जरूरी बातें रखी। विधायक ने बताया कि डिप्टी सीएम ने शीघ्र ही सभी प्रमुख बिंदुओं पर कार्यवाही अमल में लाए जाने हेतु उन्हें आश्वस्त किया है।

# रायपुर पुलिस व एएनटीएफ लखनऊ की संयुक्त कार्रवाई, 03 गांजा तस्कर गिरफ्तार

**● 107 किग्रा अवैध गांजा व 03 वाहन बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रायपुर पुलिस एवं एएनटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। गुरुवार दिनांक 09.04.2026 को प्रातः लगभग 07:05 बजे दरमा पहाड़ी मोड़ के पास चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से विभिन्न वाहनों में कुल 107 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-62/2026 धारा 8/20/29/60 NDPS एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया




तथा अभियुक्तगण को मा. न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण क्रमश**

इन्दल यादव पुत्र लालजी यादव, निवासी जयमोहनी, थाना चकरघट्टा, जनपद चन्दौली, लवकुश यादव पुत्र घुरहू यादव, निवासी रतुवा (तेनुआ), थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, रंजीत यादव पुत्र राधेश्याम यादव, निवासी अधौरा, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे बिहार राज्य से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, मध्यप्रदेश एवं अन्य स्थानों पर ऊँचे दामों पर बेचने का कार्य करते हैं।अभियुक्त इन्दल यादव के पास से पिकअप वाहन संख्या UP67 AT 7740 में 59.4 किग्रा गांजा, लवकुश यादव के पास से पल्सर मोटरसाइकिल संख्या UP 64 AX 9642 पर 24.500 किग्रा गांजा, रंजीत यादव के पास से बोलेरो वाहन संख्या BR 45 UP 1369 में 24.400 किग्रा गांजा, कुल 107 किग्रा अवैध गांजा। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 अविनाश कुमार सिंह, थाना रायपुर जनपद सोनभद्र, उ0नि0 सूरज सिंह, प्रभारी एएनटीएफ लखनऊ मय टीम, का0 चन्द्रकेश चौहान,का0 सौरभ मौर्य शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुलतानपुर के दोस्तपुर थाना अंतर्गत लोकनाथपुर बालचंद पत्ती गांव में बुधवार देर रात एक 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान सरिता निषाद पत्नी पप्पू निषाद के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के अनुसार, कल अचानक सरिता की तबीयत बिगड़ गई थी। आनन-फानन में उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे अम्बेडकर नगर और फिर टांडा के लिए रेफर कर दिया। देर रात उपचार के दौरान सरिता ने दम तोड़ दिया। मृतका के ससुराल वालों का कहना है कि



सरिता की मौत अचानक तबीयत खराब होने के कारण हुई है। उनके अनुसार, इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। दूसरी ओर, मायके वालों ने ससुराल पक्ष के दावों को खारिज करते हुए मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरिता के साथ शारीरिक हिंसा की गई, जिससे उसकी जान चली गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और उसी के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मृतका सरिता की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र 7 साल और दूसरे की 9 साल है। इस घटना के बाद बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर है।

## शराब की दुकान बनी व्यापारियों और महिलाओं के लिए सिरदर्द, डीएम से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर शहर के मोहल्ला गोराबारिक गभड़िया में स्थित एक कंपोजिट मदिरा की दुकान के कारण स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। 'उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल' ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों का आरोप है कि इस शराब की दुकान के सेल्समैन दबंग किस्म के हैं। नियम-कायदों को ताक पर रखकर दुकान के बाहर ही ग्राहकों को पानी, गिलास और चखना उपलब्ध कराया जा रहा है। मदिरा प्रेमी दुकान के बाहर ही शराब पीकर नशे की हालत में गाली-गलौज और अश्लील हरकतें करते हैं, जिससे इलाके का माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि दुकान के ठीक बगल में तीन बड़े अस्पताल और कुछ ही दूरी पर



मंदिर व मस्जिद स्थित हैं। इसके बावजूद, शराबी अपनी गाड़ियां अस्पतालों और दुकानों के सामने खड़ी कर देते हैं, जिससे मरीजों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अराजकता का आलम यह है कि शाम ढलते ही महिलाओं का उस रास्ते से निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जब वे इस अव्यवस्था का विरोध करते हैं, तो सेल्समैन उन्हें डराते-धमकाते हैं। व्यापारियों के मुताबिक, उन्हें कहा जाता है कि 'अगर परेशानी है तो अपनी दुकान 4 बजे ही बंद कर दो '। विरोध करने पर गाली-गलौज की जाती है और फर्जी एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दी जाती है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि दुकान के लाइसेंसी और सेल्समैनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। दुकान के सामने शराब पिलाने की गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जाए। सार्वजनिक स्थान पर न्यूसेंस पैदा करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाए। व्यापारियों ने साफ किया है कि यदि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

## 10000 का इनामिया अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम हर्रईपट्टी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ अपनी किराना गुमटी पर बैठा था तभी दो मोटरसाइकिलों से आये 5 अज्ञात व्यक्तियों ने उसके भाई अमित के बारे में पूछताछ कर दुकान का सामान फेंककर नुकसान किया तथा 10,000 रुपए की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। प्रार्थी के अनुसार उक्त घटना ध्रुव तिवारी निवासी सौराई थाना आसपुर देवसरा द्वारा अपने साथियों के साथ पूर्व विवाद के चलते कराई गई है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा का अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक रोहित यादव मय हमराह उप निरीक्षक शुभम सिंह, का0 सर्वेश कुमार द्वारा थाना पट्टी में दर्ज मुकदमा से संबंधित 10,000 रुपये के ईनामिया अभियुक्त युवराज पाण्डेय पुत्र रामकुमार पाण्डेय निवासी ग्राम कोहरावं थाना पट्टी प्रतापगढ उम्र करीब 23 वर्ष थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत पूरेदेवजानी मोड़ के पास किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना वाहनों का प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं बनेगा

**एचएसआरपी नहीं तो पीयूसी भी नहीं, 15 अप्रैल से लागू होगी नई व्यवस्था**


**कानपुर।** जिले में 15 अप्रैल से बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) वाले वाहनों का प्रदूषण अवमुक्त प्रमाणपत्र (पीयूसी) जारी नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग ने इसके लिए पीयूसीसी पोर्टल पर नई तकनीकी व्यवस्था लागू कर दी है। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य है। इसी क्रम में नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर के माध्यम से पीयूसीसी पोर्टल में तकनीकी बदलाव किए गए हैं। इसके तहत 15 अप्रैल से जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं होगी, उनका पीयूसी प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर जल्द से जल्द हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवा लें, जिससे आगे किसी प्रकार की परेशानी न हो। एआरटीओ प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिन वाहन निर्माता कंपनियों के कुछ मॉडल के लिए फिलहाल हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट उपलब्ध नहीं है, उन वाहनों को इस व्यवस्था से अस्थायी रूप से छूट दी गई है।

### आगजनी से काबू पाने को लेकर दी गई जागरूकता, बताए गए गुर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इण्टर कालेज और चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के छात्र छात्राओं को गुरूवार को अग्नि से बचाव का गुर सिखलाया गया। लालगंज की फायर बिग्रेड टीम के द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत छात्र छात्राओं को मॉक ड्रिल परीक्षण के जरिए बचाव की जानकारियां प्रदान की गयी। स्टेशन प्रभारी सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र व राहुल तिवारी तथा अमन मिश्र की टीम ने आग लगने की स्थिति में इसे बुझाने तथा आकस्मिक बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। वहीं गैस सिलेण्डर में अचानक आगजनी की स्थिति में इसके फैलाव पर भी काबू पाने का गुर बताया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर ध्रुव नारायण मिश्र, सूर्यभान वर्मा, सुचिता त्रिपाठी, समशाद अहमद, रोहित यादव, शेखर शुक्ला, निशाद फातिमा, संजू तिवारी, दिव्या तिवारी, शिव नारायण गुप्ता आदि रहे।

### दो मीडिया कर्मी सहित 6 मरीज मेडिकल कॉलेज के लिफ्ट में फंसे, घंटों बाद सुरक्षित बाहर निकाले गए



**सिद्धार्थनगर** - जिले के माधव प्रसाद मेडिकल कालेज प्रशासन की बड़ी लापरवाही आई सामने मेडिकल कॉलेज की बनी नई सर्जिकल बिल्डिंग में उस समय अफरा तफरी मच गई जब लिफ्ट से दो मीडिया कर्मी सहित 6 मरीज ग्राउड़ फ्लोर से दूसरे फ्लोर के लिए निकले वहीं अचानक लिफ्ट आकर रूक गई और लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुला जिसकी सूचना मीडिया कर्मियों ने जिले के जिलाधिकारी सहित डायल 112 पुलिस को व साथी मीडिया कर्मियों को दिया तत्काल 112 पुलिस व मिडियाकर्मी मौके पर पहुंचे और पुलिस कर्मी व मीडिया कर्मियों की कड़ी मेहनत के बाद लगभग एक घंटे से उपर के समय के बाद सुरक्षित लिफ्ट से निकाला गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया खैर जो भी हो मेडिकल कॉलेज प्रशासन की इस बड़ी लापरवाही से आज लगभग 8 से अधिक संख्या में लोगों की जान चली जाती। सिद्धार्थनगर जिले में बना मेडिकल कॉलेज सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल उठ रहा है वहीं लिफ्ट से बाहर निकले सभी लोगों ने यूपी पुलिस व मिडिया कर्मियों का आभार भी जताया साथ ही मेडिकल कॉलेज प्राचार्य का मोबाइल बंद होने को लेकर उपस्थित लोगों ने मेडिकल कालेज प्राचार्य की भी लापरवाही मान रहे हैं।

# इलाज कराने का झाँसा देकर टप्पेबाजी व लूट करने वाली महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** दिनांक 6.04.2026 को कार्डियोलॉजी अस्पताल में एक अज्ञात महिला द्वारा जगदेई पत्नी शिवमोहन निवासी फैजुल्लापुर थाना थरियाँव जनपद फतेहपुर को इलाज का झाँसा देकर टप्पेबाजी करके पीड़िता से सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र, तोडिया, कीमत करीब 3 लाख रूपये ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कर स्वरुप नगर पुलिस ने उक्त टप्पेबाज महिला को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त समाचार के अनुसार जगदेई अपने पति शिवमोहन का इलाज कराने कार्डियोलॉजी कानपुर आई थी वहां पर उसकी मुलाकात टप्पेबाज महिला अनीता उर्फ गुड्डी से हुई। अनीता ने जगदेई से कहा कि तुम्हारे पति की कई टेस्टिंग व एक्स रे होना है तुम अपने जेवर और रुपए हमें पकड़ा दो और इनकी टेस्टिंग कराओ, उक्त महिला ने अपने जेवर व रुपए टप्पेबाज महिला अनीता को पकड़ा दिए। इसके बाद वह टप्पेबाज महिला अनीता रुपए और ज़ेवर लेकर फरार हो गई। इसके बाद जब जगदेई ने इसकी शिकायत पुलिस में की तो स्वरुप नगर पुलिस एलर्ट हुई। बाद में पीड़िता के पति की मृत्यु भी हो गई।



**प्रभारी निरीक्षक स्वरुपनगर**

कमिश्नरेट कानपुर नगर के सर्विलांस सेल ऑपरेशन द्वारा त्रिनेत्र कैमरों की मदद व मुखविर की सूचना पर हैलट अस्पताल के वार्ड 100 के पास से अभियुक्ता अनीता उर्फ गुड्डी पत्नी सुनील उर्फ राजन नि0 शुक्लागंज पोनी रोड़ थाना शुक्लागंज उन्नाव, उम्र करीब 48 वर्ष, गिरफ्तारी कर मय फर्द बरामदगी एक जोडी पायल व दो बिछुआ सफेद धातु, एक जोडी कान के टप्स व एक अदद पैंडल (टूटा दो भागो मे) पीली धातु बरामद हुई।

### आरटीओ कार्यालय के गेट पर गिरा पेड़, 3 दिन बाद भी नहीं हटाया गया



**कानपुर।** कानपुर में आंधी-तूफान के बाद भी अव्यवस्थाएं जारी हैं। जिले के आरटीओ कार्यालय के मुख्य द्वार पर गिरा विशाल पेड़ तीन दिन बाद भी नहीं हटाया गया, जिससे कार्यालय परिसर का बड़ा हिस्सा बाधित है। गिरे हुए पेड़ के कारण मुख्य प्रवेश मार्ग आंशिक रूप से बंद है और परिसर में आवागमन प्रभावित हो रहा है। पेड़ पुराना होने के चलते गिरने से पास की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि आंधी-तूफान को गुजरे तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक पेड़ हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब इस पेड़ को हटवाकर व्यवस्था सामान्य करता है।

## कानपुर के 14 चौराहे बेहतर यातायात प्रबंधन हेतु चिन्हित, लापरवाही में 3 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के आदेशानुसार जिलों में ट्राफिक जाम की समस्याओं को कम करने के लिए प्रदेश स्तर पर सुगम यातायात योजना Reducing traffic congestion (RTC) scheme के तहत कानपुर में पुलिस आयुक्त के निर्देशन में कुल 14 मार्गो को बेहतर यातायात प्रबंधन हेतु चिन्हित किया गया है । इसी क्रम में आज दिनांक 09.04.26 को अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ विपिन ताडा द्वारा यातायात प्रबन्धन हेतु मार्गो का निरीक्षण किया गया । इस दौरान पूर्वी जोन द्वितीय में घंटाघर चौराहे पर यातायात प्रबंधन में लापरवाही पाए जाने पर तीन पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर किया गया । पूर्व में भी उनके द्वारा कई बार घंटाघर चौराहे का निरीक्षण कर जोन के ट्राफिक इंस्पेक्टर, थाना प्रभारियों, चौंकी प्रभारियों को ई-रिक्शा, ऑटो व अन्य वाहनों के तितर-बितर खड़े होने से रोकने अतिक्रमण हटाने एवं वाहनों को सही तरीके से पार्किंग करा घंटाघर चौराहे को जाम मुक्त करने के लिए निर्देशित किया गया परन्तु अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन न करते हुए शिथिलता बरतने के कारण जोन ट्राफिक इंस्पेक्टर-रविन्द्र कुमार सिंह , चौकी इंचार्ज (सुतरखाना)- सुमित कुमार, चौकी इंचार्ज (नयागंज)- कामेश राज, को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया । एवं अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया ।

## वकीलों के लिए स्वास्थ्य बीमा के नीतिगत निर्देश को लेकर जतायी खुशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाईकोर्ट के प्रयागराज की डबल बेंच द्वारा हाल ही में प्रदेश के वकीलों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा को लेकर सरकार को दिये गये नीतिगत निर्देश को लेकर यहां वकीलों में खुशी देखी गयी। गुरूवार को यहां हुई आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन की बैठक में हाईकोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य करार दिया गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हाईकोर्ट के द्वारा प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं के लिए सरकार को अनिवार्य एवं व्यापक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा तैयार किये जाने का यह आदेश न्यायिक मिशन को स्वस्थ वातावरण दे सकेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और सभी संवर्ग के शिक्षकों को कैशलेस बीमा प्रदान किया है। उन्होने कहा कि यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिवक्ताओं के लिए इस प्रकार की बार बार मांग के बावजूद सरकार ने कोई पहल नहीं की। उन्होने कहा कि न्यायिक नीतिगत निर्देश को लेकर उनका एसोसिएशन सरकार के समक्ष इस बिंदु पर परामर्शी मसौदा सौपेगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के महासचिव अनिल तिवारी महेश व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र, पारसनाथ सरोज, ओपी जायसवाल, इरफान हुसैन, दीपेन्द्र तिवारी, सुशील शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, राम अभिलाष यादव, गीता सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, संतोष सिंह, संजय सिंह, विनोद शुक्ला, अरूण द्विवेदी, उदयराज पाल, ललित गौड़, घनश्याम संवरिया, उमाशंकर मिश्र, प्रमोद मिश्र, प्रभाकर पाल, रामकिंकर शुक्ल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कानपुर में सनसनीखेज वारदातः रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने युवक को कार से कुचला, 50 मीटर तक घसीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** कानपुर के चकेरी क्षेत्र के सजारी इलाके में 4 अप्रैल की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने नशे की हालत में फास्ट फूड दुकानदार ध्रुमित पांडेय को कार से टक्कर मार दी और उन्हें करीब 50 मीटर तक बोनट पर फंसाकर घसीटता ले गया। घटना के मुताबिक, आरोपी मोहित उर्फ रोहित स्विफ्ट डिजायर कार (UP78HM 8079) से मौके पर पहुंचा और करीब 10 मिनट तक हॉर्न बजाकर गाली-गलौज करता रहा। विरोध करने पर उसने धमकी दी कि उसका पिता रिटायर्ड दरोगा है, कोई कुछ नहीं कर सकता। पीड़ित के भाई मनीष पांडेय के अनुसार, रात करीब 9:30 बजे जब वे दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी आरोपी ने कार घुमाकर ध्रुमित को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भी आरोपी नहीं रुका और उन्हें बोनट पर फंसाकर घसीटता हुआ ले गया। घटना में ध्रुमित का पैर टूट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आई।

घायल को पहले कांशीराम अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। फिलहाल रामा देवी स्थित एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, पैर में कई फ्रैक्चर हैं और पूरी तरह ठीक होने में करीब 6 महीने लग सकते हैं। परिजनों का आरोप है कि घटना का वीडियो और आरोपी की गाड़ी की जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने अभी तक FIR दर्ज नहीं की है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। चकेरी के थाना प्रभारी जावेद अहमद के अनुसार, मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मनरेगा कार्यों में वित्तीय अनियमितता पर डीएम ने चार संविदाकर्मियों को किया बर्खास्त

**●बिल्हौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सेबसू का मामला**

**दो अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और दो तकनीकी सहायकों समेत चार पर कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** बिल्हौर विकास खंड की ग्राम पंचायत सेबसू में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता सामने आने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने चार संविदाकर्मियों को बर्खास्त कर दिया है। सीडीओ दीक्षा जैन के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने 2022-23 से 2024-25 अवधि के दौरान ग्राम पंचायत सेबसू में मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यों और उनसे जुड़े भुगतान अभिलेखों का परीक्षण किया। जांच के दौरान करीब 20.58 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। कई मामलों में कार्यों के क्रियान्वयन और भुगतान प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया तथा पत्रावलियों का समुचित परीक्षण किए बिना भुगतान किए जाने की बात भी उजागर हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रीति अग्निहोत्री और दीप सिंह, तकनीकी सहायक इन्द्र कुमार तथा प्रमोद कुमार को मनरेगा कार्यो के निर्धारित दायित्व के निष्पादन में शिथिलता बरतने, मनरेगा दिशा- निर्देशों का उल्लंघन करने, मनरेगा कार्यों में वित्तीय अनियमितता के लिए दोषी पाए जाने पर बर्खास्त कर दिया गया है। समिति ने पाया कि इनके कार्यकाल में मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन और भुगतान से जुड़े मामलों में गंभीर अनियमितताएं हुई और इनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए गए।

### अपर पुलिस आयुक्त ने किया थाना बिधनू का निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 9.04.2026 को डॉ. विपिन ताडा, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) द्वारा थाना बिधनू का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख कक्ष, मालखाना, आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर सहित समस्त आवश्यक रजिस्टरों एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना बिधनू में अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव, साफ-सफाई, अनुशासन तथा ड्यूटी के प्रति कर्मियों की सजगता संतोषजनक पाई गई। माल मुकदमाती, जर्जर संपत्ति के निस्तारण के लिए, रजिस्टरों का नवीनीकरण, जर्जर पड़े भवनों का जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण हेतु HS व गैंग सदस्यों के डॉजियर भरकर निगरानी करने तथा इसे यक्ष ऐप और अभिलेखों को पूर्ण करने, महिला अपराध में लिप्त आपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने और यातायात प्रबंधन पर अधिक ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया ।

## विकास की मुख्यधारा से जुड़कर कार्य करेंगे सभासद : दीपक मौर्य






**●नगर पंचायत कपिलवस्तु में मनोनीत सभासदों को शपथ शपथ दिलाई गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर**- जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु में शासन से मनोनीत किए गए सभासदों को शपथ दिलाई गई। कपिलवस्तु नगर पंचायत सभागार में गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचित सदस्यों के साथ मिलकर निकाय क्षेत्र में विकास को गति देने पर चर्चा की गई। समारोह में उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य ने मनोनीत सभासदों में नितेश पाण्डेय, विजय कश्यप, कौशल कुमार अग्रहरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने सभी सभासदों को बधाई दी। कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने की । मनोनीत सभासदों के आने से नगर पंचायत क्षेत्र में विकास को नई गति प्रदान होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि नगर पंचायत कपिलवस्तु की जनता की समस्याओं का समाधान अब और भी प्रभावी ढंग से होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही पार्टी की प्राथमिकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कपिलवस्तु नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत बनाने में सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आरती देवी, अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह , फतेह बहादुर सिंह अमित उपाध्याय, अजय उपाध्याय, कमरुद्दीन, राम विलास यादव, राजकुमार चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, संतोष उपाध्याय, लिपिक सूरज प्रताप सिंह सहित अन्य मौजद रहे।

## आकस्मिक वर्षा व ओलावृष्टि से लाखों बीघे में खड़ी फसल चौपट, सपा ने की मुआवजा दिलाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव के. के. शुक्ल ने एक वक्तव्य में बताया कि कानपुर नगर के आस-पास तथा कानपुर, नरवल, बिल्हौर, घाटमपुर, रसूलाबाद, पुखरायां और डेरापुर तहसीलों सहित अन्य ग्रामों में लाखों बीघा भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है, तथा बिल्हौर तहसील में मक्के की फसल चौपट हो गई है। के के शुक्ल ने आगे बताया कि महानगर के पास के ग्रामों– बनिया पुरवा, दुर्गापुरवा, गिल्लीपुरवा, भक्कापुरवा, लक्ष्मनपुरवा, भगवानदीनपुरवा, शिवदीनपुरवा, चन्दीपुरवा, डल्लापुरवा, पपरिया, प्रतापपुर, भारतपुरवा, ईश्वरीगंज, हृदयपुर, रमेल, मैड़इया, चैनपुरवा, धारमरखेड़ा, देवनीपुरवा, पहाड़ीपुरवा, छोटामंगलपुर, बड़ामंगलपुर, नत्थापुरवा, कन्हईपुरवा, रामपुर, कल्लूपुरवा और देवनीपुरवा सहित सभी गांवों में तरबूज, ककड़ी, खरबूजा, तरोई, भिंडी, खीरा तथा जामुन की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है, जिससे किसान लाखों के कर्जदार बन गए हैं। यहाँ तक कि जामुन की फसल में पेड़ भी फट गए हैं और फल बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि शेखपुर, जाना, किशुनपुर, मदारपुर, करनखेड़ा, सुक्खबन्सी खेड़ा, बैजाखेड़ा सलेम तथा घाटमपुर तहसील के सजेती, बरीपाल, तिलसड़ा, भीतरगांव, सौरंगा, भदांवरा, पतारी, भदारा, रायगुमान उत्तरीपुरवा, चौबेपुर क्षेत्र, ओनि सहित अन्य ग्रामों में गेहूं व मक्के की फसल को भारी क्षति पहुंची है। प्रदेश सचिव ने मांग की है कि लेखपालों और प्रधानों के माध्यम से नुकसान का तत्काल आकलन कराकर किसानों को आर्थिक मदद दी जाए, अन्यथा किसान साहूकारों के कर्जदार हो जाएंगे और पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

### युवती के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**लालगंज, प्रतापगढ़।** दवा लेने घर से निकली युवती के लापता होने को लेकर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवीगढ़ नेवादा निवासिनी कमला देवी पत्नी राम मनोहर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पचीस वर्षीया पुत्री बीती तीन अप्रैल को दवा लेने के लिए घर से निकली। पुत्री के देर रात तक वापस न आने पर परिजन अप्रिय घटना की आशंका में परेशान हो उठे। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस दर्ज किया है। एसओ सांगीपुर गौरव त्रिवेदी का कहना है कि किशोरी के फोन को सर्विलांस पर लेकर शीघ्र उसका पता लगाया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**●क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद पारदर्शी हो, किसानों को समय पर करें भुगतान-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गुरुवार को गेहूं क्रय केन्द्र परसनी, दाउदपुर, गौरामाफी का औचक निरीक्षण कर गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। गेहूं क्रय केन्द्र परसनी के निरीक्षण केन्द्र प्रभारी से अब तक खरीद के सम्बन्ध जानकारी ली तो बताया कि 350 कुन्तल की खरीद की गयी है जिस पर निर्देशित किया कि किसानो से सम्पर्क कर गेहूं खरीद में तेजी लायी जाय। उन्होने इस दौरान स्टाक, इलेक्ट्रानिक कांटा सहित अन्य रजिस्टरो का अवलोकन किया और केन्द्र पर सबसे अधिक गेहूं विक्रय करने वाले किसान से फोन के माध्यम से वार्ता भी की। इस दौरान डीएम ने साधन सहकारी समिति परसनी का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारी से खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की और समिति में पुरानी खादों को डिस्पोजल कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीएम ने परसनी ग्रामसभा की जमीन का सीमांकन कराने और वहां पर बने तालाब का जीर्णोद्धार कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

इसके उपरान्त गेहूं क्रय केन्द्र दाउदपुर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी सरिता यादव ने बताया कि 16 किसानों से 558 कुन्तल गेहूं की खरीद की गयी है।क्रय केन्द्र गौरामाफी के निरीक्षण में केन्द्र प्रभारी धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि 21 किसानो से 950 कुन्तल की खरीद की गयी है, सबसे अधिक खरीद होने पर डीएम ने केन्द्र प्रभारी की सराहना की।गेहूं क्रय केन्द्र पर इलेक्ट्रानिक कांटा का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने खाद गोदाम कुम्हिया पट्टी का भी निरीक्षण किया और वहां पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार की खादो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गोदाम से खादों का उठान किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गेहूॅं क्रय केन्द्रो पर उपस्थित किसानो से वार्ता कर उनकी समस्यायें सुनी। उन्होने कहा कि गेहूॅं खरीद शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानो की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाय और किसी स्तर पर अनावश्यक देरी न होने पाये। निरीक्षण के दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार उपस्थित रहे।

## विकास की मुख्यधारा से जुड़कर कार्य करेंगे सभासद : दीपक मौर्य

**● नगर पंचायत कपिलवस्तु में मनोनीत सभासदों को शपथ दिलाई गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर**- जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु में शासन से मनोनीत किए गए सभासदों को शपथ दिलाई गई। कपिलवस्तु नगर पंचायत सभागार में गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचित सदस्यों के साथ मिलकर निकाय क्षेत्र में विकास को गति देने पर चर्चा की गई।

समारोह में उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य ने मनोनीत सभासदों में नितेश पाण्डेय, विजय कश्यप, कौशल कुमार अग्रहरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने सभी सभासदों को बधाई दी। कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने की । मनोनीत सभासदों के आने से नगर पंचायत क्षेत्र में विकास को नई गति प्रदान होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि नगर पंचायत कपिलवस्तु की जनता की समस्याओं का समाधान अब और भी प्रभावी ढंग से होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही पार्टी की प्राथमिकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कपिलवस्तु नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत बनाने में सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आरती देवी, अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह , फतेह बहादुर सिंह अमित उपाध्याय, अजय उपाध्याय, कमरुद्दीन, राम विलास यादव, राजकुमार चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, संतोष उपाध्याय, लिपिक सूरज प्रताप सिंह सहित अन्य मौजद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों की बड़ी खोज, मिर्जापुर में मिले प्रागैतिहासिक शैलचित्र




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मानव शास्त्र विभाग छात्रों के द्वारा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के विंध्य रेंज में की गई एक अहम खोज ने इतिहासकारों और पुरातत्वविदों का ध्यान आकर्षित किया है। यहां मिले प्रागैतिहासिक शैलचित्र न केवल प्राचीन मानव जीवन की झलक दिखाते हैं, बल्कि इनकी शैली फ्रांस और स्पेन जैसे यूरोपीय देशों की प्राचीन गुफा चित्रकला से भी मेल खाती नजर आती है। इससे यह संकेत मिलता है कि प्राचीन काल में विभिन्न सभ्यताओं के बीच सोच और अभिव्यक्ति में कुछ समानताएं रही होंगी।

**बलुआ पत्थर की चट्टानों पर लाल रंग से बने चित्र**

यह महत्वपूर्ण खोज उस समय सामने आई जब डीयू की शोध टीम क्षेत्र में भ्रमण के दौरान रास्ता भटक गई और अनजाने में इस स्थल तक पहुंच गई। काइमूर की पहाड़ियों में स्थित इस स्थान पर बलुआ पत्थर की चट्टानों पर लाल रंग से बने चित्र पाए गए हैं। इन चित्रों में मानव आकृतियां, जानवरों के चित्र और सामूहिक गतिविधियों के दृश्य स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

**यूरोपीय देशों की प्राचीन गुफा चित्रकला से खाती है मेल**

शोध टीम का नेतृत्व प्रो. मनोज कुमार सिंह और शोधकर्ता सुदेशना बिस्वास ने किया। प्रो. सिंह ने बताया कि इन चित्रों की शैली यूरोप के प्राचीन शैलचित्रों से मिलती-जुलती है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उस समय की सभ्यताओं में कुछ सांस्कृतिक समानताएं रही होंगी। उन्होंने यह भी जोर दिया कि इन चित्रों पर वैज्ञानिक शोध बेहद जरूरी है, ताकि इनके वास्तविक काल और महत्व को समझा जा सके तथा संरक्षण के उपाय किए जा सकें। **विशेषज्ञों के अनुसार,** इन शैलचित्रों का संबंध मध्यपाषाण काल (लगभग 10,000 से 14,000 वर्ष पूर्व) से हो सकता है। यह स्थल करीब 2.5 किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जहां कई चट्टानों पर चित्रों के समूह मौजूद हैं, जो उस समय के मानव जीवन, शिकार और सामाजिक गतिविधियों की कहानी बयां करते हैं। हालांकि, घने जंगल और दुर्गम क्षेत्र होने के कारण यहां व्यापक शोध करना चुनौतीपूर्ण है। साथ ही, प्राकृतिक क्षरण और मानवीय हस्तक्षेप से इन चित्रों को नुकसान पहुंचने का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में विशेषज्ञों ने इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया है।


### पानी का कनेक्शन काटने की धमकी देकर ठगे जा रहे दिल्ली वाले, DJB ने लोगों को साइबर ठगों से किया सतर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है। कभी बकाया बिल भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की धमकी तो कभी बिल माफी योजना का लाभ को लेकर एसएमएस और काल करके लोगों से ठगी करने के कई मामले सामने आए हैं। कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, उसके बाद भी इस तरह की शिकायतें आ रही हैं। इसे देखते हुए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने उपभोक्ताओं को सतर्क किया है। पूर्व में गिरफ्तार कई साइबर ठगों ने पुलिस को पूछताछ में बताया था कि डीजेबी के पोर्टल से उपभोक्ताओं का नंबर व विवरण लेकर उपभोक्ताओं को अपना शिकार बनाते हैं। डीजेबी के राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को मोबाइल काल या एसएमएस/वॉट्सएप संदेश भेजकर अपने आप को डीजेबी के प्रतिनिधि होने का झूठा दावा करने के मामले सामने आए हैं। लोगों को तत्काल भुगतान न करने पर पानी का कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही है। इस तरह के काल या एसएमएस/वाट्सएप संदेश डीजेबी द्वारा नहीं किए जा रहे हैं। इस काम के लिए किसी तीसरे पक्ष या व्यक्ति को भी अधिकृत नहीं किया गया है। उपभोक्ताओं से सभी संचार लिखित नोटिस या आधिकारिक डिजिटल चैनलों के माध्यम से ही किया जाता है। उपभोक्ताओं को उचित सत्यापन के बिना ऐसी संदिग्ध काल या संदेशों के आधार पर कोई भुगतान नहीं करना चाहिए।

**यहां पर करें शिकायत** इस तरह का काल या संदेश भेजने वाले से कोई व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण साझा नहीं करने और तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करने की सलाह दी गई है। उपभोक्ता संबंधित जोनल राजस्व कार्यालय (जेडआरओ) या डीजेबी की हेल्पलाइन नंबर 1916 से भी इस तरह के काल या संदेश की सत्यता की जांच कर सकते हैं।

# भारत को रूस ने दिया तगड़ा ऑफर, एलएनजी पर बंपर छूट देने को तैयार!

**● पश्चिम एशिया में जारी युद्ध ने इस स्थिति को और भी ज्यादा गंभीर बना दिया। जहां पर खास करके स्टेट ऑफ हॉर्मोस को लेकर जो तनाव बना उसकी वजह से एलएनजी के दाम बढ़ गए।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेरिका और यान के बीच जारी जंग में भले ही दो हफ्तों के सीज फायर का ऐलान हो गया है लेकिन पिछले करीब 40 दिनों से चल रही इस जंग ने ग्लोबल मार्केट पे तगड़ा असर डाला है। जहां सबसे ज्यादा अगर कुछ प्रभावित हुआ है तो वो है दुनिया भर में तेल और गैस की कीमतें। इसी बीच भारत के लिए एक ऐसी खबर सामने आई है जो भारत के लिए इस वैश्विक संकट में राहत की खबर हो सकती है। खबर यह है कि भारत के लिए रूस 40त्र की छूट के साथ एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस ऑफर कर रहा है और आज के इस वीडियो में हम जानेंगे रूस के इसी बड़े ऑफर को डिटेल में। दरअसल, मिडिल ईस्ट के तनाव और दुनिया भर में गहराते हुए ऊर्जा संकट के बीच रूस ने एक ऐसा दांव चला जिसने वैश्विक राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में ही हलचल मचा दी। खबर यह है कि रूस भारत समेत दक्षिण एशियाई देशों को अपने एलएनजी को 40त्र तक के सस्ते दाम पर देने को तैयार है। यह ऑफर ऐसे समय में आया है जब गैस की कीमतें लगातार तेजी से बढ़ रही हैं और कई देशों को सप्लाई की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस जिन एलएनजी शिपमेंट को इसके तहत पेश कर रहा है वो उसके उन प्रोजेक्ट से आता है जिन पर अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध लगाए गए हैं। इन प्रोजेक्ट्स में आर्कटिक एलएजी 2 और पोटोंविया जैसे बड़े प्लांट शामिल है। जहां इन गैस शिपमेंट्स को सीधे रूस के बजाय चीन और रूस की कुछ कंपनियों के जरिए ऑफर किया जा रहा है।

इतना ही नहीं इन शिपमेंट्स के कागजों में यह भी दिखाया जा सकता है कि गैस ओमान या नाइजीरिया जैसे देशों से आई है जिससे इसके असली स्रोत को छुपाया जा सके और अमेरिका के लगाए गए प्रतिबंधों से बचा जा सके। यानी कि इस गैस की शिपमेंट में ऐसे कागज तैयार किए जाएंगे जिसमें रूस का नाम ही नहीं होगा। अब बात करते हैं कि आखिर रूस इतनी छूट पर क्यों अपने गैस को बेचना चाहता है? तो इसका सीधा जवाब यह है कि रूस इतनी बड़ी छूट इसलिए दे रहा है क्योंकि उस पर लगे हुए हैं प्रतिबंध और इन प्रतिबंधों के कारण उसे खरीदार ढूंढने में मुश्किल हो रही है। इसके अलावा हाल ही में रूस ने एलएनजी का उत्पादन भी बढ़ाया है लेकिन उसको इस वक्त पर्याप्त मात्रा में खरीदार नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में रूस अपनी गैस को सस्ती कीमतों पर नए बाजार में बेचना चाहता है। खास करके एशिया में जहां ऊर्जा की मांग इस वक्त तेजी से बढ़ी हुई है। भारत और बांग्लादेश और साथ ही में कई दक्षिण एशियाई देश हैं जहां इस समय रूस की नजर टिकी हुई है। जिनकी ऊर्जा मांग इस समय बहुत ज्यादा हाई है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध ने इस स्थिति को और भी ज्यादा गंभीर बना दिया। जहां पर खास करके स्टेट ऑफ हॉर्मोस को लेकर जो तनाव बना उसकी वजह से एलएनजी के दाम बढ़ गए। क़तर के बड़े एलएनजी प्लांट्स पर हमलों के कारण वैश्विक सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई। क़तर से गैस की सप्लाई लगभग रुक सी गई है। जिससे भारत और बांग्लादेश जैसे देशों को महंगे विकल्प की ओर जाना पड़ा है। बांग्लादेश जो अपनी 60त्र एलएनजी क़तर से लेता था अब स्पॉट मार्केट से दोगुनी कीमतों पर गैस खरीदने को मजबूर हो गया है।

वहीं अगर हम बात करें भारत की तो भारत भी क़तर से भारी मात्रा में नेचुरल गैस की खरीद करता है। और इसके साथ ही यूएई और सऊदी जैसे देशों से भी भारत गैस खरीदता है। लेकिन जब से हॉर्मोनस को लेकर तनाव बढ़ा है। सप्लाई चेन में भारी दिक्कत आई है और भारत को कहीं और ऑप्शन देखने पड़ रहे हैं। ऐसे में रूस की तरफ से 40त्र छूट में बिक रहा यह तेल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

लेकिन इसको लेकर भारत के सामने एक बड़ी दुविधा भी है। एक तरफ उसे सस्ते दाम पर गैस का विकल्प तो मिल रहा है जिससे भारत की ऊर्जा लागत कम हो सकती है और उद्योगों को भारी राहत मिल सकती है। दूसरी तरफ यह गैस अमेरिकी प्रतिबंधों वाले प्रोजेक्ट से आ रही है। जिससे भारत अमेरिकी संबंध पर असर पड़ सकता है। अब तक भारत ने ऐसे किसी भी प्रतिबंधित प्लांट से गैस खरीदने को मना कर रखा है ना ही भारत खरीद करता है। फिलहाल चीन ही एक ऐसा देश है जो रूस से इस तरह की प्रतिबंधित एलएजी को खरीद रहा है और वह भी गुप्त जहाजों के नेटवर्क के जरिए। अगर भारत भी इस रास्ते पर चलता है तो एशिया में रूस की पकड़ और भी ज्यादा मजबूत हो जाएगी और वैश्विक ऊर्जा संतुलन बदल सकता है। कुल मिलाकर रूस का यह कदम एक बड़ा रणनीतिक दांव है। यह भारत के लिए एक तरफ सस्ता और फायदेमंद विकल्प हो सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ एक जोखिम भरा फैसला भी है क्योंकि रूस के ऊपर अमेरिका का प्रतिबंध लगा हुआ है और भारत अगर वहां से खरीदता है तो भारत पर भी कुछ प्रतिबंध आ सकते हैं। अब देखना यह होगा कि भारत इस ऑफर को कैसे लेता है और आगे क्या कदम उठाता है।

### 79 नंबर सीसीबरगांव चुनावी क्षेत्रो में लगभग 78.97 प्रतिषद



**मतदान। 7 उम्मीदवारों के किस्मत ई वि एम में हुआ कैद।**

**असम धेमाजी।** असम विधानसभा चुनाव 2026 का शाम 5 बजे के साथ ही सम्पन्न हुआ। 79 नंबर सीसीबरगांव चुनावी क्षेत्रो के 1820018 मतदाताओं ने 7 उम्मीदवारों को किस्मत ई वि एम में किया कैद। जिसमें भाजपा दल के उम्मीदवार जीवन गोगोई, विपक्ष एक्य राइजर दल के उम्मीदवार दुलाल बोरूवा, निर्दलीय उम्मीदवार नंदीगिरी भुइयां, प्रांजल बरा, रंजीत रय, लंकेश्वर दास, हरेन चांगमाई के भी किस्मत कैद है। लोगों में चर्चा हे नई चुनावी क्षेत्र में भाजपा , विपक्ष एक्य, एवं निर्दलीय एक उम्मीदवारों के बीच मैदानी क्षेत्र होगा। सुबद 7 बजे खराबी मौसम में भी लोगों ने मतदान केंद्रों में वोट डालने के लिए बीड़ करते हुए दिखाई दी। क्षेत्रो के सिलापथार डॉन बॉक्स स्कूल के साथ दो एक जगह ई वि एम के टेक्निकल गड़बड़ी दिखाई थी बाद में टिक कर फ़िर से वोट ग्रहण किया गया। खबर लिखते समय तक चुनावी क्षेत्रो में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। शाम के 5 बजे तक लगभग 78.97 प्रतिषद मतदान हुआ। वही जिले की 78 नंबर धेमाजी विधानसभा चुनाव क्षेत्र में 78.64 प्रतिषद,ओर 80 नंबर जोनाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र में 79.41प्रतिषद मतदान हुआ है।

## संतोष नगर विवाद में बड़ा एक्शन- प्रशासन का कड़ा संदेश, लोगों में जश्न का माहौल!





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मुम्बई संतोष नगर में चल रहे विवाद ने अब एक बेहद अहम और चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। लंबे समय से चर्चा में रहे इस मामले में आखिरकार प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए आरोपी के घर पर पोकलैंड मशीन चला दी। आमतौर पर जहां बुलडोजर कार्रवाई देखने को मिलती है, वहीं इस बार देवा भाऊ की सरकार ने अलग रणनीति अपनाते हुए सीधे पोकलैंड से अवैध निर्माण को पूरी तरह जमींदोज कर दिया।

» बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय से मिल रही शिकायतों और जांच के बाद की गई है।

» स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी का नाम केवल इस विवाद तक सीमित नहीं था, बल्कि उस पर इलाके में ड्रग्स के अवैध कारोबार में शामिल होने के भी गंभीर आरोप लगते रहे हैं।

» कई निवासियों का कहना है कि वे काफी समय से इस कार्रवाई का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि इलाके में लगातार डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था।

जैसे ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पोकलैंड मशीन ने कार्रवाई शुरू की, इलाके में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई और लोगों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई देने लगी।

**खुशी और राहत का माहौल-** कार्रवाई पूरी होते ही कई स्थानीय लोगों ने इसे न्याय की जीत बताया। लोगों का कहना है कि अब उन्हें अपने क्षेत्र में पहले से ज्यादा सुरक्षित महसूस हो रहा है। कुछ ने तो यहां तक कहा कि "अब गलत काम करने वालों को साफ संदेश मिल गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।"

**प्रशासन का सख्त रुख-** इस कार्रवाई को प्रशासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का हिस्सा माना जा रहा है। अधिकारियों का स्पष्ट संदेश है कि अवैध गतिविधियों और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**बड़ा सवाल:** क्या इस तरह की सख्त और तुरंत कार्रवाई ही समाज में कानून का डर बनाए रखने का सही तरीका है? क्या इससे अपराध पर लगाम लगेगी, या और भी व्यापक सुधारों की जरूरत है?

## मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक आगरा मंडल चंद्रशेखर जी का टूण्डला निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक आगरा मंडल चंद्रशेखर ने प्रा. वि. नगला रतिया पर वार्षिकोत्सव व प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पाठक सहित अध्यापकगण उपस्थित रहे साथ ही मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक मंडल आगरा चंद्रशेखर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय व खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पाठक ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र टूण्डला पर पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। AD बेसिक चंद्रशेखर जी ने BSA, BEO, SRGs, ARPS व संकुलों के साथ बैठक कर नवीन नामांकन बढाने को नवीन अनुभवों पर आधारित सुझावों को सम्मिलित किया। साथ ही पाठ्यपुस्तक बांसुरी पर अपने विचार रखे। उन्होंने अध्यापकों के मनोबल को बढाने हेतु स्त्रन्न व ARP को मिलकर कार्य करने को निर्देशित किया। उन्होंने बीआरसी टूण्डला का निरीक्षण किया और अपने रचनात्मक और गुणवत्ता पूर्ण सुझाव ब निर्देश दिया ।उन्होंने बताया कि अध्यापक विद्यार्थियों के साथ रचनात्मक कार्य (यथा पेंटिंग, म्यूजिक) कर भी बच्चे की अंतर्निहित क्षमताओं का प्रस्फुटन कराने में सक्षम होंगे। एडी बेसिक चंद्रशेखर जी ने जिला फिरोजाबाद के प्रदर्शन पर सभी को बधाई दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय ने किये गये विभागीय प्रयासों और प्रतिफल के रूप में प्राप्त परिणामों के



बारे में विस्तार से अवगत कराया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पाठक द्वारा नवीन नामांकन, शारदा कार्यक्रम की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया ।बैठक के दौरान सुभाष चंद्र, नरेश बाबू, जया शर्मा, डॉ जितेन्द्र दुबे, महशर जहां, सतेन्द्र बाबू, रणजीत सिंह शिखा सहित समस्त संकुल उपस्थित रहे।

## आगामी जनगणना की तैयारी को लेकर एम0जी0 इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण समीक्षा अधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** आगामी जनगणना की तैयारी को लेकर एम0जी0 इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण समीक्षा आयोजित की गई, समीक्षा का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता द्वारा किया गया, समीक्षा के दौरान जनगणना कार्य को सुचारू और त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई, कि जनगणना कार्य में तैनात होने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों के लिए विस्तृत प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के माध्यम चलेगा, प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक संचालित होगा, प्रशिक्षण के लिए एम0जी0 इंटर कॉलेज के 45 कमरों को आरक्षित किया गया है, इस प्रशिक्षण में लगभग 6000 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग लेंगे, प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दो



मुख्य मास्टर ट्रेनर एवं 88 ट्रेनरों की तैनाती की गई है, समस्त गतिविधियों की निगरानी और समन्वय के लिए एम0जी0 इंटर कॉलेज परिसर में ही एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी जनगणना के0एम0 सिंह एवं डीएसटीओ एम0पी0सिंह, सहायक जिला प्रभारी जनगणना सनी कुमार, प्रिंसिपल सरिता यादव, मास्टर ट्रेनर अश्वनी जैन, व योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहें।

## हाई टेंशन तार के चिंगारी से गेहूं के खेत में लगी आग

**चुनार, मीरजापुर।** तहसील क्षेत्र के मुहल्ला बहरामगंज मे खेत से होकर गुजरे हाईटेंशन तार शार्ट करने से निकली चिंगारी से चौतीस विस्वा गेंहू का फसल जलकर खाक हो गई। एलआईसी फिडर से बहरामगंज होते हुए जगदीशपुर उर्फ टम्मलगंज तक विजली विभाग के द्वारा एचटी लाइन ले जाया गया है शुक्रवार को दोपहर तेज हवा के चलते तार शार्ट करने से निकली चिंगारी गेंहू के खेत मे जा गिरी जिससे काश्तकार रामजी यादव पुत्र स्व0 शोभनाथ, का सत्रह विस्वा व दयाराम यादव,मयाराम यादव, विजय बहादुर यादव पुत्रगण स्व0 मनबोध का सत्रह विस्वा गेंहू का फसल जलकर खाक हो गया मुहल्ले के लोगों ने नाले के पानी से आगपर काबू पा लिया और आग को आगे बढने से रोक लिया। तत्पश्चात नगरपालिका परिषद द्वारा टैंकर से पानी उपलब्ध कराया गया आग बुझने के बाद दमकल मौके पर पहुंच पायी। यदि दमकल के सहारे लोग रहते तो सैकडो विघा फसल जलकर नष्ट हो जाता।

## ब्रदर इन' होटल कांड- फरार आरोपी उज्जैन से गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर/शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित नगरिया मोड़ पर हुए चर्चित 'द ब्रदर इन' होटल कांड में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मध्य प्रदेश के उज्जैन रेलवे स्टेशन से मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, 19 दिसंबर की रात भाजपा नेता पंकज सिंह के होटल 'द ब्रदर इन' में मारपीट और तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इस मामले में होटल संचालक इंद्रजीत सिंह (पंकज सिंह के भाई) की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में अक्षय कदम, योगेश कदम, ऋषभ तिवारी, आयुष मराठा और शिवांश मिश्रा को नामजद किया गया था। पुलिस ने 22 दिसंबर को योगेश कदम और आयुष मराठा को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस टीम ने सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार




पर लगातार दबिश दी। इसी क्रम में 7 फरवरी 2026 को 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी अक्षय कदम को महाराष्ट्र के सतारा जनपद के कराड बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया था।

अब 8 अप्रैल, बुधवार शाम करीब 5 बजे पुलिस ने उज्जैन रेलवे स्टेशन से फरार आरोपी शिवांश मिश्रा पुत्र सर्वेश (निवासी फेस-1 सिटी पार्क कॉलोनी, थाना रोजा) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल, अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव, उप निरीक्षक अनुज चौधरी, कांस्टेबल धर्मेंद्र सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### डीयू के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में मासिक धर्म स्वास्थ्य पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू, जागरूकता को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय (आइपीसीडब्ल्यू) ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया है। दक्षिण एशिया के लिए यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से एम्पावर फ्लो- अ सर्टिफिकेट कोर्स फार मेंस्ट्रुअल हेल्थ एंड हाइजीन स्पॉटलाइट रेड नामक यह पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, यह कोर्स एक संरचित शैक्षणिक पहल है, जिसका उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और सामाजिक कलंक को कम करना है। इसमें स्वास्थ्य शिक्षा, जेंडर स्टडीज और सामाजिक जागरूकता को शामिल किया गया है, ताकि छात्र-छात्राएं इस विषय पर सही जानकारी हासिल कर सकें और समाज में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा दे सकें। कार्यक्रम में कई प्रमुख शिक्षाविद और विशेषज्ञ शामिल हुए। इस अवसर पर नयना सहस्त्रबुद्धे मुख्य अतिथि रहीं, जबकि जायस पोएन और हुमा मसूद ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्य पूनम कुमरिया ने किया और विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने समन्वय किया।

## एनएच-31 से बभनौली तक प्रस्तावित बाईपास का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, गुणवत्ता व समयसीमा पर सख्ती के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जनपद में प्रस्तावित एनएच-31 से एनएच-107 बभनौली तक बनने वाले बाईपास कॉरिडोर को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वैन से पूरे प्रस्तावित मार्ग का भ्रमण करते हुए निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की गति तथा संभावित चुनौतियों का आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विशेष रूप से बलिया-बांसडीह राज्य मार्ग से जुड़े सुरहाताल क्षेत्र पहुंचे, जहां निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि यह क्षेत्र पर्यावरणीय और भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए यहां किसी भी प्रकार की जल्दबाजी या लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है। ऐसे में निर्माण कार्य पूरी तकनीकी सावधानी और मानकों के अनुरूप ही किया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बाईपास परियोजना जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे शहर में यातायात का दबाव काफी हद तक कम होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर के अंदर भारी वाहनों के आवागमन से जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाईपास बनने के बाद भारी वाहन शहर के बाहर से ही निकल सकेंगे, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और लोगों को राहत मिलेगी।

उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में मानकों से समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि नियमित रूप से इसकी समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि परियोजना के दौरान स्थानीय लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्य के चलते आमजन को अनावश्यक असुविधा न हो, इसके लिए



उचित वैकल्पिक मार्ग, सुरक्षा इंतजाम और सूचना व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर तिमराज सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, डीएफओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अब तक की प्रगति और आगे की कार्ययोजना की जानकारी दी। बता दें कि यह बाईपास कॉरिडोर बलिया शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके पूरा होने से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन की सक्रियता से अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि परियोजना तय समयसीमा में पूरी होगी और जनता को जल्द ही इसका लाभ मिलेगा।

## कोलकाता का मौसम कोलकाता में 'येलो अलर्ट', क्या बारिश बनेगी विलेन? डरा रही ताजा वेदर रिपोर्ट

**» केकेआर और एलएसजी के बीच ईडन गार्डन्स पर भिड़ंत**

**» दोनों टीमें प्वाइंट्स टेबल के निचले स्थानों पर काबिज**

**» केकेआर के लिए खेलेंगे नरेन, वरुण पर सस्पेंस बरकरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइटराइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच गुरुवार को ईडन गार्डन्स पर मुकाबला खेला जाना है। हालांकि, मौसम के कारण सस्पेंस बना हुआ है कि मुकाबला पूरा हो पाएगा या नहीं दरअसल, कोलकाता में %येलो अलर्ट% है और सुबह यहां तेज बारिश भी हुई। कोलकाता में आंधी की भी उम्मीद है, जिसके चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। मगर खबर है कि मैच के समय तक स्थितियां ठीक होंगी और फैंस को पूरा एक?शन देखने को मिल सकता है।

**मौसम की डिटेल्स** एक्यूवेदर ने संकेत दिए है कि टॉस के समय तक बारिश रुक जाएगी। मैच के दौरान बादल घिरे रहने की संभावना है। विशेषज्ञों की मानें तो 40 ओवर का पूरा मुकाबला देखने को मिलेगा। मैच के समय तापमान 24 से 27 डिग्री सेलसियस तक रहने की उम्मीद है। यहां हवा 11 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती है। इसका मतलब है कि शुरूआत में तेज गेंदबाजों को फायदा मिल सकता है।

**ओस की बड़ी भूमिका** यहां प्रमुख पहलु उमस के स्तर का हो सकता है, जो कि 79 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि ईडन गार्डन्स पर देर शाम ओस पड़ सकती है। ओस के कारण गेंदबाजों को गेंद पर ग्रिप करना मुश्किल हो जाएगा और बल्लेबाजों की मौज हो जाएगी।

**मैच में हो सकती है देरी**




भले ही मैच के समय के दौरान बारिश की संभावना नहीं हो, लेकिन सुबह की बारिश के कारण मैदान की आउटफील्ड का सूखना मुश्किल है। ग्राउंड स्टाफ को खेलने के लिए स्थितियों को सुधारने में समय लग सकता है, जिसके चलते मैच शुरू होने में देरी भी लग सकती है।

**येलो अलर्ट क्या होता है**

येलो अलर्ट को सरल शब्दों में समझा जाएं तो खराब मौसम को देखते हुए सावधान रहने की जरूरत होती है। येलो अलर्ट तब जारी किया जाता है जब तेज बारिश, आंधी-तूफान और जोरदार हवा चलने के संकेत हो।